सुप्रभात
रांची, बुधवार
29.05.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024
सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net जेष्ठ, कृष्ण पक्ष, षष्ठी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 314

12 मिजोरम में पत्थर खदान ढहने से 20 श्रमिकों की मौत

न्यूज डायरी

### 8वीं के रिजल्ट में 94.1 % छात्र पास

**रांची।** जैक बोर्ड ने मंगलवार को 8वीं का का रिजल्ट जारी कर दिया है। दस वर्ष 561774 छात्रों में से कुल 5,28,962 छात्रों ने परीक्षा पास की है। इस साल का कुल पास प्रतिशत 94.1592 % है। सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले टॉप 5 डिवीजन में दक्षिणी छोटानागपुर: 98.08, उत्तरी छोटानागपुर: 98.97, पलामू: 98.74 संथाल परगना: 97.67 और सिंहभूम: 97.84 प्रतिशत रहा।

### मोदी का सफाया, केंद्र में हमारी सरकार: लालू

**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने किया है कि नरेंद्र मोदी का सफाया हो गया है। अब केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। लालू ने पीएम मोदी के भगवान ने उन्हें भेजा है, वाले बयान पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी खुद को अवतार बताते हैं। वो अवतार नहीं हैं। चार जून को वह जा रहे हैं। हमारी सरकार बन रही है।

### अगले चार दिनों में केरल पहुंचेगा मानसून

**नयी दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मानसून अगले तीन-चार दिनों में केरल और पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में पहुंचने वाला है। इससे देश भर में भीषण गर्मी और लू की तपिश से बेहाल लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार को कहा कि पूर्वी बंगलादेश से अब चक्रवात रेमल पूर्व-उत्तरपूर्व की ओर बढ़ गया है।

### सरना चबूतरा तोड़ने का विरोध, एयरपोर्ट रोड जाम

**रांची।** रांची एयरपोर्ट रोड में स्टेट हैंगर के समीप सटे सरना समाज का चबूतरा को तोड़ने के विरोध में आदिवासी समाज के लोगों ने मंगलवार को एयरपोर्ट रोड को जाम कर दिया। सड़क जाम होने की वजह से एयरपोर्ट जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा बुझा कर जाम हटाने का प्रयास किया।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 68300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 96000 रु./प्रति किलो |




## चार जून के बाद भ्रष्टाचारियों पर और तेज होगी कार्रवाई, दुमका में बोले मोदी

# झारखंड में घुसपैठ-भ्रष्टाचार बड़ी समस्या

### घुसपैठ को सरकार का साथ घट रहे हमारे आदवासी भाई बेटियों का हो रहा शोषण

खबर मन्त्र संवाददाता




**दुमका, रांची।** वरिष्ठ भाजपा नेता और पीएम मोदी ने कहा कि इंडिया गठबंधन के नफरती ऐजेंडे को उनकी सरकार कभी सफल नहीं होने देगी। गरीब आदिवासी, दलित एवं पिछड़े वर्ग के हक को छिनने नहीं देगी। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि एसटी, एससी और ओबीसी के आरक्षण की रक्षा के लिए मोदी जान की बाजी लगा देगा। जब तक मैं जिंदा हूं इनका आरक्षण कोई नहीं छीन सकता। इसके अलावा पीएम ने झारखंड खास कर संथाल में हो रही बांग्लादेशी घुसपैठ पर भी चिंता गंभीर चिंता जतायी। उन्होंने कहा, घुसपैठ ही झारखंड की बड़ी समस्या है। जो घुसपैठी हैं वे इस क्षेत्र का दोहन कर रहे हैं। घुसपैठियों के द्वारा इस क्षेत्र के बेटियों का शोषण हो रहा है, उनकी बेरहमी से हत्या की जा रही है। इसमें इस राज्य की सरकार उनका साथ दे रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि चार जून के बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम और भी तेज होगी। मोदी ने कहा कि गठबंधन वाले तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। जब हम उनका विरोध करते हैं तो वे कहते हैं मोदी हिंदू-मुस्लिम करता है। पीएम मोदी मंगलवार को दुमका एयरपोर्ट मैदान में दुमका से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन, गोड्डा से निशिकांत दुबे और राजमहल से ताला मरांडी के पक्ष में आयोजित महा विजय संकल्प जनसभा में बोल रहे थे।

(शेष पेज 11 पर)

### घट रहे हैं हमारे आदिवासी

पीएम ने कहा, हमारा ये संथाल परगना तो बहुत ज्यादा घुसपैठियों की चुनौती से जूझ रहा है। जिसके परिणामस्वरूप कई इलाकों में आदिवासियों की संख्या तेजी से कम हो रही है और घुसपैठियों की संख्या बढ़ रही है। आदिवासी बेटियों की सुरक्षा और उनका जीवन खतरे में पड़ गया है। इंडी गठबंधन की देशविरोधी राजनीति का यह एक खतरनाक फॉमूर्ला है। इनका फॉमूर्ला है- घोर सांप्रदायिक राजनीति करो, घोर तुष्टीकरण की राजनीति करो, अलगाववादियों को संरक्षण दो, आतंकवादियों का बचाव करो और जो उसका विरोध करे, उस पर हिन्दू-मुसलमान करने का आरोप लगा दो। वहीं भाजपा दलित, वंचित और आदिवासियों के लिए समर्पित है, समर्पण और सेवा भाव से काम करती है।

### संथाल में आज गरजेंगे जेपी नड्डा, सीएम वीडी साय और मोहन यादव

**रांची।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय और एमपी के सीएम मोहन यादव बुधवार को संथाल के विभिन्न इलाकों चुनावी सभा करेंगे। पार्टी अध्यक्ष श्री नड्डा सारठ के पालाजोरी में जनसभा को संबोधित करेंगे। फिर देवघर के त्रिलोक परिसर (देवघर, गोड्डा) से वीर कुंवर सिंह चौक तक रोड शो भी करेंगे। वहीं छग के सीएम विष्णुदेव साय राजमहल लोकसभा के साहिबगंज जिले के बरहेट, पाकुड़ के अमरापाड़ा और दुमका के शिकारीपाड़ा जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं एमपी के सीएम मोहन यादव राजमहल में जनसभा को संबोधित करेंगे। इन सभाओं में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राजमहल, दुमका और गोड्डा प्रत्याशी ताला मरांडी, सीता सोरेन और निशिकांत दुबे समेत तमाम नेता भी मौदूद रहेंगे।

## हेमंत से टेंशन में थी भाजपा, इंडी को जितायें तभी छूटेंगे

# तानशाही सरकार के खिलाफ उलगुलान जरूरी : कल्पना

### साहिबगंड, पाकुड़ में सभा

खबर मन्त्र टीम



**रांची।** झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने केंद्र की तानाशाह भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। उन्होंने कहा हेमंत को साजिशन जेल में डालने वाली भाजपा के खिलाफ लोगों में भयंकर रोष है। आज फिर हूल-उलगुलान के आह्वाहन के साथ केंद्र में बैठी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम झारखंड की जनता कर रही है। कल्पना ने कहा कि भाजपा नहीं चाहती थी कि झारखंड और झारखंडवासी आगे बढ़ें। हेमंत के काम से भाजपा टेंशन में थी। चुनाव से ठीक पहले उन्हें जेल में डाल दिया। आप सबके दादा-भाई हेमंत की जेल की चाबी आप के पास है। एक जून को तीर-धनुष का बटन दबाकर उन्हें जेल से मुक्त कराने और अपने हक-अधिकार के लिए विजय हांसदा को भारी से भारी मतों से जिताने का काम करें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने झारखंड के साथ भेदभाव किया। इसका बदला लोकसभा चुनाव में जनता जरूर लेगी। कल्पना सोरेन मंगलवार को राजमहल सीट से गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा के समर्थन में साहेबगंज के उधवा इंगलिश मैदान और पतना तथा पाकुड़ में चुनावी सभा में बोल रहीं थीं।

**भाजपा के खिलाफ जनता लड़ रही चुनाव :** इस मौके पर कल्पना ने कहा कि झारखंड के मान-सम्मान और स्वाभिमान - तीर धनुष, दिशोम गुरुजी और हेमंत के प्रति पूरे संथाल परगना में अटूट प्रेम, विश्वास और अपनत्व है। वीर क्रांतिकारियों के खून-पसीने से सिंचित इस धरती ने हमेशा शोषण और अत्याचार के खिलाफ आवाज उठायी है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त जनता ही इस बार भाजपा के खिलाफ चुना लड़ रही है। जनता की जीत और तानशाह सरकार की हार तय है। दिल्ली में इंडी गठबंधन की सरकार बनने जा रही है।

(शेष पेज 11 पर)

# मंत्री और मनीष से एक साथ पूछताछ में खुले कई राज

### टेंडर कमीशन घोटाला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** टेंडर कमीशन घोटाले में इडी का समन मिलने के बाद आइएएस मनीष रंजन मंगलवार को इडी ऑफिस पहुंचे। इडी के अधिकारियों ने मनीष रंजन और आलमगीर आलम को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ किया। पूछताछ के क्रम में इडी आलमगीर आलम द्वारा दिये गये जबाब का मिलान मनीष रंजन के बयान से किया। दोनों के बयानों से घोटाले के कई राज सामने आने लगे। मंत्री के बयान और आइएएस अधिकारी के बयान को इडी ने टेंडर कमीशन घोटाले में साक्ष्य के तौर पर अदालत में पेश करेगी। मालूम हो कि टेंडर कमीशनखोरी मामले में इडी ने 22 मई को आईएएस मनीष रंजन को समन भेजकर 24 मई को पूछताछ के लिए इडी ऑफिस बुलाया था, उस दिन वे नहीं आये। पत्र लेकर इडी ऑफिस भेज कर समय की मांग की। इडी की ओर से उन्हें तीन सप्ताह का वक्त नहीं मिला। इडी ने 25 मई को मनीष रंजन को दूसरा समन भेजकर 28 मई को पूछताछ करने के लिए बुलाया।

### दोनों के बयानों का मिलान कर रहे इडी अधिकारी



**मनीष रंजन की बड़ी भूमिका :** गौरतलब है कि टेंडर घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी मंत्री आलमगीर आलम, उनके ओएसडी संजीव लाल और जहांगीर से पूछताछ की थी। अब तक की पूछताछ में वरीय आईएएस अधिकारी मनीष रंजन की इस मामले में बड़ी भूमिका सामने आयी है। इन तीनों के कबूलनामे के बाद इडी ने मनीष रंजन को आलमगीर आलम के सामने बैठाकर पूछताछ की। इतना ही नहीं अब तक की हुई जांच में इस पूरे घोटाले में कई प्रभावशाली लोगों की भी बड़ी भूमिका सामने आ रही है।

(शेष पेज 11 पर)

## जुमलेबाजों की नहीं, देश में है गठबंधन की लहर : सीएम

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने राज्य की सभी सीटों पर जीत का दावा किया। साथ ही कहा कि जुमलेबाजों के खिलाफ देश में इंडिया गठबंधन की लहर है। केंद्र में इस बार गठबंधन की सरकार बनने बनने जा रही है। सीएम मंगलवार को एक समाचार एजेंसी से बातची में बोल रहे थे। सीएम ने कहा कि मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल को जनता देख चुकी है। यह सरकार सिर्फ जुमलेबाजी करती आयी है। बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, सरना धर्म कोड, स्थानीय नीति, ओबीसी आरक्षण समेत अन्य मसलों से मुंह फेर लेती है।

**एक भी घोषणा पूरी नहीं की :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि पीएम मोदी ने दस साल में जो भी घोषणाएं की एक भी पूरी नहीं की। सभी छलावा साबित हुआ। (शेष पेज 11 पर)

### हेमंत की जमानत अर्जी पर अब 10 जून को सुनवाई



**रांची।** जमीन से जुड़े मनी लॉउंड्रिंग मामले में आरोपी हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने ईडी के अधिवक्ता को 10 जून से पूर्व शपथ पत्र दायर करने को कहा। अब इस मामले की अगली सुनवाई 10 जून को होगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कोर्ट सोमवार को जामनत याचिका दायर कर ईडी के आरोपों को खारिज किया था।

# पलामू में रिकार्ड तोड़ गर्मी, जीना मुहाल

### बिजली संकट से परेशानी और बढ़ी

खबर मन्त्र संवाददाता



| | |
|---|---|
| पलामू | 47.5 |
| चतरा | 43.7 |
| गढ़वा | 47.2 |
| लातेहार | 42.7 |
| लोहरदगा | 43.7 |
| बोकारो | 40.3 |
| देवघर | 40.8 |
| गिरिडीह | 40.4 |
| गुमला | 43.3 |
| हजारीबाग | 42.9 |
| खूंटी | 40.1 |
| रामगढ़ | 43 |
| रांची | 40.4 |
| सरायकेला | 42.2 |
| पश्चिम सिंहभूम | 43.3 |

**रांची।** झारखंड का पलामू प्रमंडल प्रचंड गर्मी से बेहाल है। मंगलवार को पलामू और गढ़वा जिले का पारा 47.5 डिग्री दर्ज किया गया। मई माह में अबतक का सबसे अधिक तामपान 47.8 डिग्री 6 मई 1978 को दर्ज किया गया था। दोनों जिलों के लोग सूर्य की तपिश से तप रहे हैं। दिन भर कर्फ्यू का नजारा रहा। लोग घरों में दुबके रहे। वहीं मंगलवार को रांची का 40.2 डिग्री, जमशेदपुर का 37.6 डिग्री रिकार्ड किया गया। राज्य में गढ़वा, डालटेनगंज, चतरा, रांची समेत राज्य के अधिकांश जिलों में भीषण गर्मी रिकार्ड की गयी। वहीं दूसरी और बिजली की आंख-मिचौली लगातार जारी है। बच्चे घर में बिलबिला रहे हैं। घर में रखे पानी भी तापमान से खौलता रहा।

### दो दिनों तक राहत नहीं

मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। 29 मई को भी राज्य के गढ़वा, पलामू एवं चतरा जिले में कहीं कहीं पर भीषण उष्ण लहर की स्थिति रहेगी। 30 को पश्चिमी, दक्षिणी एवं निकटवर्ती मध्य भागों में कुछ स्थानों पर उष्ण लहर की स्थिति देखी जा सकती है। वहीं 31 मई को उत्तर-पश्चिमी भागों में उष्ण लहर की स्थिति रहेगी। एक जून से राज्य के पूर्वी भागों में कहीं-कहीं पर गर्जन और तेज हवा के साथ वज्रपात की संभावना है। 31 मई और एक जून को राज्य में आंशिक बादल छाये रहेंगे। गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं है, क्योंकि मौसम शुष्क रहेगा।

A PIONEER GROUP OF NORTHERN INDIA, STREAMING IN JHARKHAND
SAI NATH UNIVERSITY
Established in 2012
Established under Jharkhand Govt. Act No. 15 of 2012 & Recognized as per Section 2 (f) of UGC Act, 1956
CUET Preference




APPROVALS
Established under Jharkhand Govt. Act. No. 15 of 2012 | Recognized under section 2 (f) of UGC Act. | Member of AIU | NCTE App. by NCTE for Education Programme | App. by PCI for D.Pharma | App. by BCI for Law Programme | Approved by INC

Admission 2024-25

Engineering / Polytechnic

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | B. Tech. CS & IT | 4 Yrs | 10+2 with Math |
| 2. | B. Tech. Mining | 4 Yrs | 10+2 with Math |
| 3. | B. Tech. (Lateral) | 3 Yrs | Polytechnic |
| 4. | Diploma in Engg. | 3 Yrs | 10th |
| 5. | Diploma Engg. (Lateral) | 2 Yrs | 10+2 with Math / IT |

• MINING ENGG • ELEC. ENGG.
• MECH. ENGG. • CIVIL ENGG.

EDUCATION PROGRAMME
(Approved by NCTE)

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | D.El.Ed./PTT | 2 Yrs. | 10+2 |
| 2. | M.Ed. | 2 Yrs. | B.Ed. |
| 3. | B.Ed.-M.Ed. | 3 Yrs. | Post Graduation |
| 4. | B.Ed.* | 2 Yrs. | Graduation |
| 5. | B.A./B.Sc.-B.Ed | 4 Yrs. | 10+2 |

* (Entrance: Jharkhand Combined)

MANAGEMENT/COMPUTER

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | MBA | 2 Yrs. | Graduation |
| 2. | BBA | 3 Yrs. | 10+2 |
| 2. | BCA | 3 Yrs. | 10+2 |

PHYSICAL EDUCATION
(Approved by NCTE)

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | B.P.Ed. | 2 Yrs. | Bachelor Degree |
| 2. | D.P.Ed. | 2 Yrs. | 10+2 |

PHARMACY/ NURSING/ PARAMEDICAL
(Approved by INC)

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | B.Sc. Nursing | 4 Yrs. | 10+2 (PCB) |
| 2. | B-Pharmacy | 4 Yrs. | 10+2 with Science |
| 3. | D-Pharmacy | 2 Yrs. | 10+2 with Science |
| 4. | B.Sc. MLT | 3 Yrs. | 10+2 (In Any Stream) |
| 5. | ANM | 2 Yrs. | 10+2 (In Any Stream) |
| 5. | GNM | 3 Yrs. | 10+2 (In Any Stream) |

LAW PROGRAMME (Approved by BCI)

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | LL.M. | 2 Yrs. | LL.B |
| 2. | LL.B. (Hons.) | 3 Yrs. | Graduation |
| 3. | B.A. - LL.B. (Hons.) | 5 Yrs | 10+2 |

AGRICULTURE

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | B.Sc. Agriculture (Hons.) | 4 Yrs. | 10+2 with Science |
| 1. | M.Sc. Agriculture | 2 Yrs. | B.Sc. Agriculture |

gurugracia.com

Excellent Placement Records
Sai Nath University having NCC Unit. In Campus Separate Boys & Girls Hostel
Campus : Jirawar, Chandway-Kuchu Road, Ormanjhi, Ranchi (Jharkhand)
7970408015, 6204313818, 7461073942, 7903145542, 9050565535
E-mail: sainathuniversity@ymail.com , Website: www.sainathuniversity.com

# बढ़ेगी बिजली की दर, टोल टैक्स में भी वृद्धि के संकेत

## बिजली उपभोक्ताओं को लगेगा जोर का झटका, वाहन चालकों की जेब भी होगी ढीली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आचार संहिता समाप्त होने के बाद राज्य के बिजली उपभोक्ताओं और वाहन चालकों की जेब ढीली होने वाली है। झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग वर्ष 2024-25 के लिए नयी बिजली दर निर्धारित करने की प्रक्रिया शुरू करेगा। वितरण निगम ने नयी बिजली दर के लिए नियामक आयोग को टैरिफ पिटीशन सौंप दिया है। विद्युत नियामक आयोग ने इसी साल फरवरी में वर्ष 2023-24 के लिए बिजली दर जारी किया था। जिसमें बिजली दर में ओवर ऑल 7.66 फीसदी वृद्धि की गयी थी। बिजली वितरण निगम ने 39.71 फीसदी बिजली दर में वृद्धि का प्रस्ताव सौंपा था, जिसके एवज में आयोग ने ओवरऑल बिजली दर में 7.66 फीसदी की वृद्धि की स्वीकृति दी थी।

बता दें कि चुनाव समाप्त होने के बाद वाहन चालकों की भी जेब ढीली होने वाली है। जानकारी के मुताबिक, एनएचएआई ने टोल टैक्स लगाने के लिए कवायद शुरू कर दी है। इस वित्त वर्ष के शुरूआत यानी एक अप्रैल से टोल टैक्स में बढ़ोतरी होनी थी, लेकिन लोकसभा चुनाव के चलते वाहन चालकों को राहत मिल गयी थी। भारत सरकार ने एक जून तक टोल नहीं बढ़ाने का आदेश भेजा था। जिसके बाद एनएचएआई ने झारखंड सहित सभी राज्यों के रीजनल पदाधिकारियों को पत्र लिखकर लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण तक टोल में वृद्धि नहीं करने का निर्देश दिया था।

**सभी राज्यों के लिए टोल वृद्धि का प्रस्ताव तैयार :** मिली जानकारी के मुताबिक, देश के सभी राज्यों के लिए टोल टैक्स वृद्धि का प्रस्ताव तैयार है। जानकारी के अनुसार, हर प्रकार के वाहनों के लिए पांच रुपये से 15 रुपये तक टोल टैक्स में वृद्धि का प्रस्ताव है। इस संबंध में एनएचएआई ने मार्गदर्शन भी मांगा है। जून के पहले सप्ताह में ही टोल टैक्स में वृद्धि की जा सकती है।

### गिरिडीह में दुमका, गोड्डा और राजमहल सीट के लिए पोस्टल बैलेट से हुई वोटिंग

**रांची।** देश में लोकसभा चुनाव के सांतवें और अंतिम चरण का मतदान झारखंड के गोड्डा, राजमहल और दुमका में एक जून को होना है। तीनों संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान की प्रकिया मंगलवार को गिरिडीह प्रशासन ने पोस्टल बैलेट पेपर से शुरू कराया। इस दौरान तीन स्थानों पर दुमका, राजमहल और गोड्डा के लिए मतदान की प्रकिया शुरू करायी गयी। इस दौरान मतदान की प्रकिया में तीनों संसदीय क्षेत्र के पुलिस पदाधिकारी, पुलिस जवानों के साथ प्रशासनिक पदाधिकारी और कर्मियों ने हिस्सा लिया। हालांकि पोस्टेल बैलेट के जरिए मतदान की प्रकिया के पहले दिन पहले पहर में मतदान को लेकर वोटरों में कोई खास उत्साह तो नहीं दिखा, लेकिन दोपहर बाद पुलिस पदाधिकारियों के साथ जवानों और प्रशासनिक पदाधिकारी के साथ कर्मी मतदान करते दिखे। गिरिडीह प्रशासन की और से मतदान के मतदान केन्द्र समाहरणालय परिसर, न्यू पुलिस लाईन के बैठक कक्ष और पुराने पुलिस लाईन के आईआरबी कैंप में बनाये गए थे, जहां तीनों संसदीय क्षेत्र के आईआरबी के जवानों के साथ पुलिस जवान मतदान करते नजर आये।

### दुमका लोस क्षेत्र में महाविजय संकल्प सभा को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया संबोधित

# देश के विकास के लिए कमल छाप पर बटन दबायें : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को दुमका लोकसभा क्षेत्र में आयोजित महा विजय संकल्प सभा में कहा कि विकास के लिए कमल छाप पर बटन दबायें। उन्होंने कहा कि यह लोकसभा का चुनाव है। संथाल परगना क्षेत्र में अंतिम चरण का चुनाव है। झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस दोनों ही संताल परगना में चुनाव लड़ रहे हैं। दोनों पार्टी झारखंड के विरोधी रहे हैं। झारखंडवासियों के भी विरोधी रहे हैं। आजाद भारत में 55 वर्षों तक कांग्रेस पार्टी ने राज किया। झारखंड मुक्ति मोर्चा इन्हीं के साथ रहा, लेकिन इन लोगों ने झारखंड अलग राज्य नहीं बनाया।



भाजपा ने वादा किया था कि केंद्र में हमारी सरकार बनने पर झारखंड अलग राज्य का गठन किया जायेगा। केंद्र में अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में सरकार बनने पर झारखंड अलग राज्य बना। पहले गांव तक सड़कें नहीं होती थीं, नदी नाले में पुल भी नहीं होता था। घरों तक बिजली भी नहीं थी। जब केंद्र में और झारखंड में बीजेपी की सरकार बनी, तब गांव तक सड़क बन गई। घर-घर तक बिजली पहुंच गई। प्रधानमंत्री आवास नरेंद्र मोदी गरीबों को दे रहे हैं। मुफ्त में गरीबों को अनाज भी दिया जा रहा है। इलाज और दवा के लिए 5 लाख रुपये तक का बीमा भी कराया है। आज हेमंत सोरेन, आलमगीर आलम जेल में है। दो-दो आइएएस जेल में है। एक इंजीनियर जेल में है। दलाल और बिचौलिये भी जेल में है। इन लोगों ने इस राज्य को लूटा है।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, दुमका प्रत्याशी सीता सोरेन, गोड्डा प्रत्याशी डॉ निशिकांत दुबे, राजमहल प्रत्याशी ताला मरांडी सहित पार्टी के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आज झारखंड में

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बुधवार को सारठ के पालाजोरी के खागा बड़जोरी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के समीप स्थित मैदान में 12.30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री नड्डा 2.55 बजे से देवघर जिले के त्रिलोक परिसर से वीर कुंवर सिंह चौक तक रोड शो भी करेंगे।

### बीडी साय आज दुमका में तीन जनसभा करेंगे

**रांची।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज राजमहल लोकसभा क्षेत्र के साहिबगंज जिले के बरहेट में स्थित गोपलाडीह फुटबॉल मैदान में 11.00 से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। मौके पर प्रत्याशी ताला मरांडी रहेंगे। श्री साय पाकुड़ के अमरापाड़ा के पाडरकला चुडुक पुल फुटबॉल मैदान में भी जनसभा करेंगे। वह दुमका जिला के शिकारीपाड़ा स्थित सरसडगाल में 3.00 से जनसभा करेंगे। इस अवसर पर प्रत्याशी सीता सोरेन भी मौजूद रहेंगे।

### मोहन यादव आज राजमहल और दुमका में

**रांची।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव आज राजमहल लोकसभा क्षेत्र में जनसभा करेंगे। यह जनसभा साहिबगंज जिला के राजमहल के बालू प्लांट में 11.00 से किया गया है। मौके पर लोकसभा प्रभारी राकेश प्रसाद, प्रत्याशी ताला मरांडी भी मौजूद रहेंगे। श्री यादव दुमका लोकसभा क्षेत्र में चोरकट्टा स्थित जनजातीय उच्च विद्यालय में 1.00 बजे से जनसभा करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी राज पलिवार, प्रत्याशी सीता सोरेन भी मौजूद रहेंगे।

## खबर एक नजर में

### पूजा सिंघल समेत दो की बढ़ी हिरासत अवधि

**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग के आरोप में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल एवं इंजीनियर शशि प्रकाश की न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ा दी है। अदालत ने अगली पेशी की तारीख चार जून निर्धारित की है। मामले में ईडी की ओर से साक्ष्य प्रस्तुत किया जा रहा है। मंगलवार को मामले में गवाही नहीं हो सकी। पूजा सिंघल 25 मई 2022 से जेल में है।

### शराब घोटाले के आरोपी की हिरासत अवधि बढ़ी

**रांची।** शराब घोटाले की राशि की मनी लॉउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद योगेंद्र तिवारी की न्यायिक हिरासत अवधि अदालत ने दो सप्ताह (11 जून तक) बढ़ा दी है। पीएमएलए कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आरोपी को पेश किया गया। मामला पुलिस पेपर पर लंबित है। अगली पेशी के दिन आरोपी को पुलिस पेपर सौंपा जा सकता है। ईडी ने योगेंद्र तिवारी को बीते 19 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था तब से वह न्यायिक हिरासत में है। योगेंद्र तिवारी द्वारा बालू की तस्करी और अवैध तरीके से जमीन की खरीद-बिक्री कर अर्जित आय को शराब के कारोबार में लगाने का खुलासा ईडी की जांच में हुआ है।

### मनी लाउंड्रिंग के आरोपी के खिलाफ आरोप गठित

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी कारोबारी राकेश कुमार सिंघानिया एवं महावीर प्रसाद रूगंटा पर आरोप गठित कर दिया गया है। पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने पीएमएल एक्ट के तहत आरोप गठित किया। आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई के दौरान राकेश सिंघानिया कोर्ट में उपस्थित थे, जबकि महावीर रूगंटा आवास से ही वीसी से जुड़े थे। अदालत ने दोनों से उनके ऊपर लगे आरोपों के बताया। इस पर दोनों ने अपने आप को निर्दोष कहा और मामले में ट्रायल फेस करने को कहा। मामले में अदालत ने आरोप तय करते हुए ईडी को 26 जून से साक्ष्य प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। दोनों पर 4.33 करोड़ रुपए की मनी लाउंड्रिंग का आरोप है। राकेश सिंघानिया बालाजी व एपिकल कंपनी के निदेशक है। वहीं, रामगढ़ स्पंज आयरन प्रा लि एवं मेसर्स विधाता डिस्ट्रीब्यूटर के निदेशक है। ईडी ने कंपनियों की 4.10 करोड़ की चल-अचल संपत्ति जब्त कर चुकी है।


**शपथ पत्र**

मैं विशवा उरांव (vishwa oraon) पिता स्व. फगुवा उरांव (faguwa oraon) उम्र 54 वर्ष ग्राम बेती पतरा टोली, पोस्ट ईचा, थाना घाघरा, जिला गुमला झारखंड शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मैं उक्त ग्राम का स्थायी निवासी हूं। यह कि met life इंश्योरेंस कंपनी में मेरा पॉलिसी नंबर 1200700313559 है। जिसमें मेरा नाम bishwa oraon दर्ज है। यह कि मेरा नाम गांव घर में कहीं कहीं पर bishwa oraon पिता late fagwa oraon के नाम से भी जाना जाता हूं। यह कि Vishwa oraon पिता late faguwa oraon एवं bishwa oraon पिता late fagwa oraon दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है। यह कि Vishwa oraon पिता late fguwa oraon है जो मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में दर्ज है। यह शपथ पत्र मैं अपने उपरोक्त बातों की सत्यता की पुष्टि करने हेतु कर रहा हूं। मैं विशवा उरांव (vishwa oaron) तसदीक करता हूं कि उपरोक्त बयान मेरे जानकारी में सही व सत्य है।

**शपथ पत्र**

मैं निमिया देवी (nimiya devi) पिता स्व. माना भगत (mana bhagt) उमग्र 42 वर्ष ग्राम बेती पतरा टोली, पोस्ट ईचा, थाना घाघरा, जिला गुमला झारखंड शपथ पूर्वक बयान करती हूं कि मैं उक्त ग्राम की स्थायी निवासी हूं। यह कि met life इंश्योरेंस कंपनी में मेरा पॉलिसी नंबर 1200700313558 है। जिसमें मेरा नाम nimiya devi दर्ज है। यह कि मेरा नाम गांव घर में कहीं कहीं पर nimiya devi पिता late etwa oraon के नाम भी जानी जाती हूं। यह कि nimiya devi पिता late mana bhagat एवं nimya devi पिता late etwa oraon दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है। यह कि मेरा सही नाम nimiya devi पिता late mana bhagat है जो मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में दर्ज है। यह कि यह शपथ पत्र में अपने उपरोक्त बातों की सत्यता की पुष्टि करने हेतु कर रही हूं। मैं निमिया देवी(nimiya devi) तसदीक करती हूं कि उपरोक्त बयान मेरे जानकारी में सही व सत्य है।


### हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर हुई सुनवाई

# हाई कोर्ट ने ईडी से 10 जून तक मांगा विस्तृत जवाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** लैंड स्कैम केस के आरोपी और झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर मंगलवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने 10 जून से पहले ईडी को शपथ पत्र के माध्यम से जवाब दाखिल करने को कहा है। हाईकोर्ट अब इस मामले की सुनवाई 10 जून को करेगा। हेमंत सोरेन की ओर से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बहस की। इससे पहले सोमवार को हेमंत सोरेन ने हाईकोर्ट से उनकी जमानत याचिका पर जल्द सुनवाई का आग्रह किया था। जिसे अदालत ने स्वीकार करते हुए मंगलवार को सुनवाई की तारीख दी थी।

दरअसल, रांची के बड़गांई स्थित 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने 31 जनवरी की शाम हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। उसी रात हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री से पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद ईडी ने उन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। उसके बाद से हेमंत सोरेन न्यायिक हिरासत में जेल में हैं।

### दोनों सीटिंग सीट बचाने के साथ-साथ भाजपा राजमहल सीट पर कब्जा करने के लिए बेकरार

# सातवें और अंतिम चरण के चुनावी रण में इंडी और एनडीए गठबंधन ने झोंकी ताकत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एक जून को लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान होगा। झारखंड में संथाल परगना के तीन लोकसभा सीटों पर अंतिम चरण के रण के लिए इंडी और एनडीए गठबंधन ने पूरी ताकत झोंक दी है। झारखंड की राजनीति पूरी तरह संथाल शिफ्ट कर चुकी है। भीषण गर्मी के बीच संथाल का पॉलिटिकट पारा भी बढ़ गया है। दुमका, राजमहल और गोड्डा लोकसभा सीट पर सभी पार्टियों के स्टार प्रचारक भीषण गर्मी में पसीना बहा रहे हैं। पीएम मोदी और अमित शाह, राजनाथ सिंह समेत कई केंद्रीय मंत्री संथाल में सभा कर रहे हैं। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, कल्पना सोरेन समेत कई इंडी गठबंधन के भी कई नेता लगातार दौरे पर हैं। संथाल की तीन लोकसभा सीटों में से दो सीट दुमका और गोड्डा में भाजपा का कब्जा है, वहीं एक सीट राजमहल झामुमो के पास है। झामुमो इंडी गठबंधन के साथ मिलकर इन तीनों सीटों पर अपना कब्जा जमाने के लिए पूरी रणनीति के तहत काम कर रहा है। उधर, भाजपा अपनी दोनों सीटिंग सीटों को बचाने के साथ-साथ राजमहल सीट पर कब्जा करने के लिए बेकरार है।

**संथाल की 18 विस सीटों में से भाजपा के पास सिर्फ 4 सीटें :** लोकसभा सीटों के हिसाब से संथाल में भाजपा मजबूत है, क्योंकि उसके पास दो सीटें हैं, लेकिन विधानसभा वार स्थिति ऐसी नहीं है। संथाल के 18 लोकसभा सीटों में से सिर्फ 4 पर ही भाजपा का कब्जा है। बाकी सीटें इंडी गठबंधन शामिल दल झामुमो और कांग्रेस के पास है। सबसे अधिक 9 विधानसभा सीटें झामुमो के पास है, जबकि 5 विधानसभा सीट कांग्रेस के पास है। 2019 में जब लोकसभा चुनाव हुआ था उस वक्त संथाल के 18 में से 7 विधानसभा सीट भाजपा के पास थे। वहीं दो सीटें झाविमो के कब्जे में थी। कांग्रेस और झामुमो के पास सिर्फ 9 सीटें थी। उस वक्त भाजपा की संथाल में सभी पार्टियों से ज्यादा सीटें थी। यानी संथाल में भाजपा मजबूत थी।

### हर मोर्चे पर विफल मोदी सरकार को जनता जवाब देगी : कांग्रेस

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता जगदीश साहू एवं वरिष्ठ नेता सलीम खान ने भारतीय जनता पार्टी नीत गठबंधन की सरकार के मुखिया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में किए गए कार्यों पर प्रहार करते हुए तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त की है। नेताओं ने कहा है कि अपने शब्दजाल से देश की जनता को ठगने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गोवंश की हत्याओं के जिम्मेदारों से 2500 करोड़ रूपये का चंद लिया। एक दवा निर्माता कंपनियों से 84 करोड़ की रकम ली, जबकि जांच के पश्चात इन कम्पनियों की दवा जनता के उपयोग के लायक नहीं पायी गयीं। सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारी के लिखित आवेदन के बावजूद वायुमार्ग से सैनिकों को नहीं भेजकर 40 फौजियों मौत के हवाले कर दिया। नेताओं ने घोटालों, खरीद-फरोख्त इलेक्टॉरल बाण्ड के माध्यम से करोड़ों रुपयों का चंदा वसूलने, सात सौ किसानों की मौतों के जिम्मेदारी से मुँह मोड़ने वाली सरकार को तीव्र भर्त्सना की। नेताद्वय ने सर्वाधिक शक्तिशाली देश की प्रबुद्ध जनता जनार्दन से राष्ट्र की लोकतांत्रिक व्यवस्था को फिर से बहाल करने के लिए पिछले 10 वर्षों की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील की है।

### झारखंड एकेडमिक काउंसिल बोर्ड ने 8वीं बोर्ड का रिजल्ट किया जारी

# 8वीं बोर्ड में राज्य के 5.9% बच्चे फेल

**9 से 17 मार्च तक 8वीं की हुई थी परीक्षा, लगभग 5 लाख परीक्षार्थी परीक्षा में हुए थे शामिल**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) बोर्ड ने मंगलवार को 8वीं बोर्ड का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस परीक्षा में जहां 94.1 % बच्चे पास कर गये हैं। वहीं 5.9% बच्चे फेल कर गये हैं। अब इन फेल बच्चों को सरकार प्रमोट करेगी या फिर इन्हें 8वीं में रिपिट करना होगा। यह तो सरकार ही तय करेगी। बोर्ड के अनुसार इस वर्ष 5,61,774 छात्रों में से कुल 5,28,962 छात्रों ने परीक्षा पास की है। इस साल का कुल पास प्रतिशत 94.1592 % है। जैक द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक, कुल 32,471 और 341 छात्रों को क्रमशः मार्जिनल और इन्कम्प्लीट के अंतर्गत रखा गया था। परीक्षा प्राधिकरण ने परिणामों के साथ झारखंड बोर्ड 8वीं की मार्कशीट भी जारी की दी है। बताते चलें कि 8वीं के स्टूडेंट्स को रिजल्ट न आने के कारण नौवीं में एडमिशन लेने में दिक्कत हो रही थी, जिसे बोर्ड ने सोल्व कर दिया है। अब रिजल्ट से पहले आठवीं के स्टूडेंट्स का नामांकन नौवीं में हो रहा है। स्कूलों में छुट्टी शुरू होने से पहले आठवीं की परीक्षा दे चुके विद्यार्थियों को नौवी कक्षा में औपबंधिक नामांकन (प्रोविजनल एडमिशन) दे दिया गया है।

जैक की ओर से झारखंड बोर्ड 8वीं का परिणाम जारी हो चुका है। सामने आए आकंड़ों के अनुसार, सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले टॉप 5 डिवीजनों में दक्षिणी छोटानागपुरः 98.08 प्रतिशत, उत्तरी छोटानागपुरः 98.97 प्रतिशत, पलामूः 98.74 प्रतिशत, संथाल परगनाः 97.67 प्रतिशत और सिंहभूमः 97.84 प्रतिशत रहा है। बताते चलें कि 2023 की परीक्षा में 5 लाख से अधिक स्टूडेंट्स 8वीं की परीक्षा में बैठे थे। इसमें से 4,54,146 बच्चे परीक्षा में पास हो गए थे। पिछले साल का पासिंग प्रतिशत 90.33 फीसदी रहा था। वहीं, 2024 में राज्य में 8वीं की परीक्षा 9 से 17 मार्च तक आयोजित की गई थी। लगभग 5 लाख छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे।

### पैसे खर्च करने को जेइपीसी ने दिये जरूरी निर्देश

# झारखंड के 35 हजार स्कूलों को विकास मद में मिले ₹124 करोड़

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के 35 हजार 73 स्कूलों के डेवलपमेंट के लिए विकास अनुदान के रूप में 125.55 करोड़ रुपए दिये गये हैं। यह राशि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए दी गई है। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचना जारी कर दी है। इस राशि में से 32626 प्राथमिक स्कूलों के लिए 107.22 करोड़ और 2447 माध्यमिक स्कूलों के लिए 17.32 करोड़ रुपए दिए गए हैं। इसके साथ ही दिये गये पैसे के व्यय के लिए परिषद की ओर से आवश्यक निर्देश भी दिये गये हैं। जारी निर्देश के अनुसार अनुदान की राशि में से न्यूनतम 10 प्रतिशत राशि स्कूलों में स्वच्छता पर व्यय की जायेगी। जरूरत पड़ने पर 10 फीसदी से अधिक राशि भी खर्च की जा सकती है। स्कूल भवन की छोटी-छोटी मरम्मति, रंग-रोगन, पेंटिंग का कार्य, ब्लैक बोर्ड, बेंच-डेस्क, टेबल, कुर्सी का रख-रखाव एवं मरम्मति का कार्य, रजिस्टर, चॉक डस्टर एवं अन्य सामग्रियों की खरीद भी की जा सकती है। लैब के रख-रखाव और इसके लिए जरूरी सामग्रियों का क्रय, लाइब्रेरी के लिए न्यूज पेपर की खरीद, खेल सामग्री का रख-रखाव जैसे काम भी इस राशि से किए जा सकते हैं।

# 30 और 31 मई को रांची में पहली बार होगा इस्पात पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, कैपिटल गुड्स पर होगा परिचर्चा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मेकॉन और सेल के संयुक्त तत्वावधान में इस्पात पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आइकॉन 24) का आयोजन 30 और 31 मई को होगा। मंगलवार को कार्यक्रम के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए संजय कुमार वर्मा सीएमडी मेकॉन और एसकेवर्मा, कार्यकारी निदेशक सीईटी सेल ने कार्यक्रम और उद्देश्य के बारे में बताया। इस दौरान मेकॉन के निदेशकगण और मेकॉन और सेल के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे।



**सम्मेलन का शुभारंभ 30 मई को सुबह 10 बजे होगा :** सम्मेलन के बारे में एसके वर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार के इस्पात मंत्रालय के तत्वावधान में मेकॉन लिमिटेड, सेल के साथ मिलकर 30 और 31 मई को इस्पात पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन : पूंजीगत वस्तुओं पर ध्यान (आइकॉन 24) का आयोजन एमटीआई (प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान) श्यामली कॉलोनी में करने जा रहा है। सम्मेलन का उद्घाटन 30 मई को सुबह 10 बजे भारत सरकार के सचिव इस्पात मंत्रालय और सचिव भारी उद्योग मंत्रालय के द्वारा किया जायेगा। समारोह के गणमान्य व्यक्ति, अतिरिक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार, इस्पात मंत्रालय, संयुक्त सचिव, इस्पात मंत्रालय, सीएमडी, मेकॉन, अध्यक्ष, सेल, सीएमडी, मॉयल और सीएमडी, एनएमडीसी होंगे। **सम्मेलन का उदेश्य 25 बिलियन अमेरिकी डॉलर की आयात सामग्री को कम करना :** सम्मेलन में निर्माता, लोहा और इस्पात उत्पादक, शिक्षा जगत के प्रतिनिधि, उपकरण आपूर्तिकर्ता, इंजीनियरिंग और परामर्श कंपनियां, प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिभागी और विभिन्न माध्यमिक इस्पात क्षेत्र की कंपनियों के प्रमुख भी उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में मुख्य वक्ताओं, विशेषज्ञ पैनल और इंटरैक्टिव सत्रों का आयोजन किया जायेगा। सम्मेलन में भाग लेने वाले वैश्विक इस्पात बाजार परिदृश्य को आकार देने वाले नवीनतम रुझानों, चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा करेंगे।

सम्मेलन का उद्देश्य प्रचलित प्रथाओं के साथ लगभग 25 बिलियन अमेरिकी डॉलर की आयात सामग्री को कम करने के लिए आगे का रास्ता खोजना है। इसके अतिरिक्त, इसका लक्ष्य लगभग 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर की वार्षिक (स्पेयर पार्ट्स) की खरीद को कम करने के तरीके भी खोजना है। जिससे भारत विदेश पर कम आश्रित रहे और आत्मनिर्भर भारत बनने का राह पर अग्रसर हो।

### स्टील मानव सभ्यता की रीढ़

एसके वर्मा ने कहा कि स्टील किसी भी आधुनिक अर्थव्यवस्था के विकास के लिए महत्वपूर्ण है और इसे मानव सभ्यता की रीढ़ माना जाता है। इसलिए, एक मजबूत और बड़े पूंजीगत सामान उद्योग की प्राथमिकताओं को समर्थन देने की जबरदस्त जिम्मेदारी इस्पात उत्पादक बिरादरी पर है। दूसरी ओर, पूंजीगत सामान उद्योग, देश की अर्थव्यवस्था के लिए रणनीतिक महत्व का है, क्योंकि यह राष्ट्रीय सुरक्षा कार्यक्रमों का समर्थन करते हुए और बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा कर अर्थव्यवस्था में योगदान देता है। वांछित उद्देश्य हासिल करने और प्रौद्योगिकी अवशोषण, विकास, निर्माण पर जोर देने के लिए, सभी योगदान देने वाली एजेंसियों/हितधारकों के बीच एक स्वस्थ और नियमित बातचीत अपरिहार्य है। बताया गया कि सत्रों के अलावा, उपस्थित लोगों के पास नेटवर्किंग, साझेदारी बनाने और नवीन समाधान प्रदर्शित करने के पर्याप्त अवसर होंगे।


## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ द्वारा आयोजित विशेष लोक अदालत

(दिनांक 08वीं जून, 2024 दिन शनिवार प्रातः 7:30 बज से दोपहर 12:00 बजे तक)

**सूचना**

सर्वसाधारण का सूचित किया जाता है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ द्वारा दिनांक 08.06.2024 को 7:30 बजे से विशेश लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मोटर दुर्घटना दावा मामले **(Motor Vehicle Accident Claim Cases)** का निस्तारण किया जाएगा। इस विशेश लोक अदालत में सुलह हेतु पूर्व बैठक का आयोजन दिनांक 03.06.2024 से 07.06.2024 तक व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में किया जाएगा।

अतः आप सभी आमजनों से निवेदन है कि आप सभी अपने-अपने वादों का निस्तारण विशेष लोक अदालत में करायें एवं इस अवसर का लाभ उठायें।

निष्पादन होने योग्य वाद :

**Pending cases in the Courts**

1. मोटर दुर्घटना दावा मामले **(Motor Vehicle Accident Claim Cases)**

अतः उक्त तिथि को विशेश लोक अदालत में अपने वाद का निपटारा सुलह के आधार पर करें।

अधो0/-
सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़।

PR 325153 District(24-25)D

स्पीड न्यूज

## बाइक की ठोकर से एक राहगीर हुआ घायल

**गम्हरिया।** कांड्रा थाना के समीप एक बाइक सवार द्वारा पैदल चल रहे संतोष गोयल नामक व्यक्ति को ठोकर मार दिए जाने से वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे सिर और पैर में गम्भीर चोटें आई जिससे काफी रक्तस्राव हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही कांड्रा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से उसे उठाकर जेआरडीसीएल के एंबुलेंस से इलाज के लिए गम्हरिया अस्पताल पहुंचाया। स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए टीएमएच रेफर कर दिया गया। ठोकर मारने के बाद बाइक सवार युवक फरार हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक सवार कांड्रा ओवरब्रिज की ओर जा रहा था। इसी क्रम में कांड्रा थाना के समीप पैदल चल रहे राहगीर संतोष गोयल को बाइक द्वारा ठोकर मार दिया गया।

## परियोजना पदाधिकारी को लिखी गयी चिट्ठी

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन के निर्देश पर पलामू के खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना पदाधिकारी को चिट्ठी लिखकर पलामू जिला अंतर्गत कराये जा रहे निर्माण कार्य यथा एनएच–98,एन एच –39 एवं अन्य में ब्लास्टिंग से उत्पादित/व्यवहतक लघु खनिजों यथा पत्थर, मोरम, बालू एवं ईट आदि की मात्रा एवं दुगुनी स्वामिस्व या अन्य वैधानिक शुल्क का भुगतान जेआईएमएमएस पोर्टल पर जमा करवाने की बात कही है।

## एसी के नेतृत्व में रैयतों की बैठक

**सतबरवा।** अपर समाहर्ता कुंदन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रखंड सभागार में रैयतों के साथ बैठक आयोजित की गई जिसमें काफी संख्या में रैयतों ने भाग लिया। बैठक के दौरान पिपरा गांव के रैयत सुभाष चंद्र बोस, ठेमा गांव के संजय यादव, तुम्बागड़ा के धीरज कुमार, बकोरिया गांव के पीतांबर यादव, संत कुमार मेहता, खामडीह गांव के जगन्नाथ सिन्हा समेत कई रैयतों अपनी अपनी बातों को बैठक में रखा। संजय यादव ने कहा कि सरकार तथा जिला प्रशासन हम सभी रैयतों को अनदेखी कर रही है।

## हीट स्ट्रोक से रेलकर्मी की मौत, क्षेत्र में शोक

हुसैनाबाद, पलामू। पूर्व मध्य रेलवे के कजारत नावाडीह स्टेशन में कार्यारत रेलकर्मी मुकेश मीना (32) की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार मुकेश मीना कजरात नवाडीह नबीनगर रेलवे ट्रैक पर काम कर रहा था इसी दौरान अचानक उसकी तबियत बिगडने लगी, आनन फानन में लोगों ने उसे तत्काल हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही जपला आरपीएफ, हुसैनाबाद पुलिस अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर अन्य सहयोगी रेलकर्मी से पूछताक्ष कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। इस घटना की सुचना परिजनों को मोबाइल द्वारा दे दी गईं है। मृतक मूल रूप से राजस्थान राज्य के अलवर जिला का रहने वाला था।

## छतरपुर प्रीमियर लीग-14 का शानदार समापन

**छतरपुर, पलामू।** प्रीमियर लीग–14 का समापन समारोह सह फाइनल मुकाबला +2 उच्च विद्यालय के मैदान में धूमधाम और आतिशबाजी के साथ फाइनल मैच खेला गया जिसमें प्रत्येक वर्ष के भांति इस बार भी राष्ट्र गान गाकर सभी खेले। प्रेमी लोगों ने भारत माता की जयकारे से मैदान गूंजता रहा और दूधियारोशनीमें हजारों की संख्या में क्रिकेटप्रेमी दर्शकोंने लुत्फ उठाया। पूर्व कमिश्नर बुचन सिंह की श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक मिनट का मौन रख कर शांति की प्रार्थना की। इसके बाद झारखंड मुर्गा फार्म और द वारियर के बी च मैच खेला गया, जिसमें द वारियर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया हालांकि फाइनल मुकाबले से पहले छतरपुर थाना और सीपीएल कमिटी के बीच 6–6 ओवर का मैत्री मैच खेला गया।

# बेटियों के नाम का नेमप्लेट लगा सम्मान देने वाले गांव तिरिंग में मना मासिका महोत्सव

- माहवारी स्वच्छता के विज्ञान को सीख बेटियों ने ली शर्म झिझक तोड़ने की शपथ
- माहवारी के दौरान बीमारियों से बचने हेतु उचित साफ सफाई रखना बेहद अहम



छात्राओं को मासिक स्वच्छता के बारे में जागरूक करते निश्चय फाउंडेशन के तरुण कुमार।




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**पोटका /जमशेदपुर।** विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर बेटियों के सम्मान को महत्व देने वाले गांव तिरिंग में सामाजिक संस्था निश्चय फाउंडेशन के द्वारा मासिका महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान झारखंड के पैडमेन के रूप में जाने जाने वाले तरुण कुमार ने किशोरियों और माताओं को संबोधित करते हुए बताया कि ''तिरिंग गांव के हर घर पर बेटियों और माताओं के नाम का नेमप्लेट आपके गांव को बेहद खास बनाता है, बेटियों को सम्मान को बढ़ाने वाले इस अनोखे अभियान के बदौलत जमशेदपुर पोटका के तिरिंग गांव को देश भर में जाना जाता है।

बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति उचित जागरूकता बेहद अहम है। महिलाओं और किशोरियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए माहवारी के प्रति शर्म झिझक तोड़ना और माहवारी के दौरान उचित साफ सफाई रखना बेहद जरूरी है। महिलाओं ही नही बल्कि पुरुषों को भी माहवारी स्वच्छता के प्रति बेहतर समझ रखना आवश्यक है।

गांव में लगभग तीन घंटे तक चले मासिका महोत्सव कार्यक्रम में बच्चियों को विस्तार से माहवारी स्वास्थ्य, स्वच्छता हेतु माहवारी प्रबंधन साधनों के उपयोग, माहवारी स्वच्छता से जुड़े विज्ञान, पीरियड ट्रैकर के उपयोग, बीमारियों व उससे बचने के उपायों, माहवारी से जुड़े सामाजिक मिथकों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान किशोरियों व महिलाओं ने कई सवाल पूछे, जिससे उनके मन की कई भ्रांतियां दूर हुई।

पीरियड पुस्तकालय की स्थापना, कमिक्स व किताबों के माध्यम से किशोरियां व महिलाओ की बढ़ेगी समझ, अगले छः महीनों में आयोजित होंगे कई जागरूकता कार्यक्रम मासिका महोत्सव कार्यक्रम के दौरान बच्चियों को पर्यावरण अनुकूल सैनिटरी पैड उपलब्ध करवाए गए। वही गांव में पीरियड पुस्तकालय की शुरुआत की गई। पीरियड पुस्तकालय के माध्यम से बच्चियां कमिक्स व किताबों के माध्यम से महिलाओं से जुड़े विषयों पर अपनी समझ बढ़ा सकेंगी। वही अगले छः महीनो में विभिन्न जागरूकता अभियानों के माध्यम से गांव की किशोरियां व महिलाओं में स्वास्थ्य, शिक्षा, जेंडर, महिला अधिकारों व बालक बालिका समानता जैसे प्रमुख विषयों के प्रति समुचित जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जायेगा।

मौके पर की 40 से ज्यादा किशोरियां व महिलाए समेत जल सहिया चांदनी सरदार, मंजू सरदार, सुमन सरदार, संतोष शर्मा व अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# तार कंपनी और जेम्को के कर्मचारियों का वेतन मासिक 10,000 रुपये बढ़ा

- प्रबंधन के साथ मान्यता प्राप्त यूनियन ने किया समझौता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील की सहायक कंपनी आइएसडब्ल्यूपी तार कंपनी व जेम्को कर्मियों का ग्रेड रिवीजन समझौता मंगलवार को हो गया। कंपनी प्रबंधन व मान्यता प्राप्त यूनियन के बीच सात साल के लिए हुए समझौते के मुताबिक कर्मचारियों को प्रतिमाह करीब दस हजार का लाभ होगा।

कर्मचारियों का ग्रेड रिवीजन एक अप्रैल 2023 से लंबित है, इस प्रकार एक साल का एरियर प्रत्येक कर्मचारी को एक-एक लाख रुपये तक मिलेगा। इस समझौते से तार कंपनी व उसकी अनुषंगी इकाई जेम्को के करीब



समझौते के बाद एमडी अभिजीत नानोटी और यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय को मजदूरों ने फूल मालाओं से लाद दिया।

260 सौ कर्मी लाभान्वित होंगे। **समझौते पर इन्होंने किया हस्ताक्षर :** कर्मचारियों के ग्रेड समझौतेपत्र पर एमडी अभिजीत नैनोटी, वाइस प्रेसिडेंट राड एंड वायर जेके सिंह, वाइस प्रेसिडेंट फाइनेंस यूएन मिश्रा, वाइस प्रेसिडेंट परचेज विजयंत कुमार, सीएचआरओ शिल्पी शिवांगी, मैनेजर एचआर अदिति जबकि वायर प्रोडक्ट लेबर यूनियन व जेम्को यूनियन के संयुक्त अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय, डिप्टी प्रेसीडेंट श्रीकांत सिंह, महासचिव पंकज सिंह, दानीशंकर तिवारी, अमरीक सिंह, मनजीत सिंह मिंटे, गुरविंदर सिंह, मनजीत सिंह, अनवर सिद्दीकी, जेम्को यूनियन के महासचिव अमित सरकार, मनजीत सिंह, मनोज कुमार, समीर महतो, रमेश कुमार, रविंद्र सिंह ने हस्ताक्षर किया।

### यह हुआ है समझौता

- कर्मचारियोंके एमजीबी 3000 रूपये प्रतिमाह की बढ़ोतरी हुई है।
- इसके बाद कर्मियों का वेतन 62,000 से लेकर 72,500 रुपये प्रतिमाह हो जायेगा।
- कर्मचारियों को लांग सर्विस अवार्ड की राशि भी बढ़ाई गई है। 25 साल तक सेवा करने वाले कर्मचारियों को 1500 मिलता था जिसको बढ़कर 3000 किया गया है। तीन साल तक नौकरी करने वाले कर्मियों को 3000 की जगह अब 6000 मिलेंगे। 35 साल तक सेवा कम करने वाले कर्मचारियों को 6000 रूपये की जगह 9000 रुपये मिलेगा। 40 साल तक सेवा करने वाले कर्मचारियों को 8000 रुपये की जगह 12,000 रुपये अब लांग सर्विस अवार्ड के रूप में मिलेगा।

> तार कंपनी व जेम्को कर्मियों का ग्रेड रिवीजन अच्छा हुआ है। कंपनी की स्थिति के मुताबिक कर्मचारियों का यह समझौता संतोषप्रद है। प्रबंधन–यूनियन के इस समझौते से कर्मचारी खुश है। आने वाले समय में इससे बेहतर समझौता हो इसके लिए सभी को मिल–जुलकर कंपनी हित में और बेहतर करना है। - **राकेश्वर पांडेय, यूनियन अध्यक्ष, तार कंपनी व जेम्को**

## मायुमं ने महिला पलिटेक्निक कॉलेज में लगायी अमृतधारा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा मंगलवार को सत्र 2024-25 की चौथी स्थाई अमृतधारा की स्थापना गम्हरिया स्थित राजकीय महिला पलिटेक्न्कि कलेज, (गम्हरिया थाना के पास) में किया गया। शाखा अध्यक्ष अंशुल रिंगासिया की अध्यक्षता और स्व. मुन्नी देवी अग्रवाल की पुण्य स्मृति में उनके परिवार ने यह कार्यक्रम किया। अमृतधारा का लोकार्पण स्व.मुन्नी देवी अग्रवाल के पुत्र कृष्णा अग्रवाल ने किया। मौके पर शाखा सचिव विजय सोनी, पूर्व अध्यक्ष रवि गुप्ता, शिव चौधरी भी थे।

## इग्नू बीएड प्रोग्राम का सेमिनार छठे दिन चिंतनशील डायरी पाठ योजना पर चर्चा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की इग्नू बीएड प्रोग्राम की कार्यशाला के छठवें दिन इग्नू की समन्वयक डा त्रिपुरा झा ने प्रार्थना सभा के साथ प्रथम सत्र में चारों सत्र का विषय प्रवेश कराते हुए 'चिंतनशील डायरी' और 'पाठ योजना' पर संक्षेप में प्रकाश डाला।

प्रथम सत्र में जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की छात्र कल्याण अधिष्ठात्री, ड. किश्वर आरा शिक्षार्थियों को प्रेरित करने हेतु प्रार्थना सभा में उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने शैक्षिक जीवन के अनुभवों को शिक्षार्थियों संग साझा भी किया। प्रथम और द्वितीय सत्र की संसाधन सेवी रही ड. गीता महतो ने शिक्षार्थियों को चिंतनशील डायरी की महत्व के विषय में बताया और बेहतर चिंतनशील डायरी लिखने के नियमों की जानकारी दी।



देश के विभिन्न राज्यों से आए शिक्षार्थियों ने कार्यशाला में अपनी - अपनी चिंतनशील डायरी के अनुसार अपनी इंटर्नशिप-1 के विभिन्न अनुभवों को साझा किया।

प्रथम और द्वितीय सत्र का विषय 'विद्यालयी प्रशिक्षण (इंटर्नशिप-1) के दौरान किए गए क्रियाकलापों के प्रतिवेदन और चिंतनशील डायरी का आंकलन' रहा। सत्र विशेषज्ञ द्वारा विद्यार्थियों का इस विषय पर मार्गदर्शन और मूल्यांकन किया गया।

## सानग्राम में सेनेटरी पैड के सुरक्षित निपटान की अपील

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था यूथ यूनिटी फर वलंटरी एक्शन (युवा) के तत्वावधान में पोटका प्रखंड के सानग्राम पंचायत भवन में विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का संचालन गर्ल्स फर्स्ट फंड परियोजना की प्रोजेक्ट क अर्डिनेटर ज्योति पिंगुवा ने किया। इस कार्यक्रम में सानग्राम पंचायत के मुखिया अभिषेक सरदार,



विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस

किशोरियां एवम महिलाओं ने भाग लिया। विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस का उद्देश्य है कि माहवारी, माहवारी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाना। माहवारी दिवस को पांचवें महीने के 28वें दिन को इसलिए मनाया जाता है क्योंकि माहवारी का चक्र प्रायः लगभग 28 दिनों का होता है और हर महीने लगभग 5 दिनों का होता है।

## आरडी रबर में समझौते के बाद हड़ताल खत्म

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**गम्हरिया।** त्रिपक्षीय वार्ता के दौरान कई मांगों पर सहमति बनने के बाद विगत एक सप्ताह से चल रही आरडी रबड़ के मजदूरों की हड़ताल मंगलवार को वापस ले लिया गया। बताया गया है कि बुधवार को प्रथम पाली से सभी मजदूर अपने काम पर लौटेंगे। सरायकेला के श्रम अधीक्षक की पहल पर आयोजित त्रिपक्षीय वार्ता में कामगारों की सभी मांगों पर विचार विमर्श किया गया। सभी सेवानिवृत्त कामगारों के उपादान तथा छुट्टी की बकाया राशि का भुगतान आगामी 29 जुलाई तक करने, सभी कामगारों को नियुक्ति पत्र देने आदि पर सहमति बनी।

## रास्का फिल्म महोत्सव में होक रेयाक लढाई, कारम दारे किरया और जूरी की स्क्रीनिंग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** ट्राइबल क ल्चरल सेंटर में मंगलवार को पंडित रघुनाथ एकाडेमी ऑफ संताली सिनेमा एंड आर्ट (रासका) द्वारा दुमका संताल परगनाक्षेत्र के फिल्म होक रेयाक लढाई (दुमका), कारम दारे किरया (दुमका), जूरी (जामताड़ा) की स्क्रीनिंग की गयी।









होक रेयाक लाड़हाई-जिसका अर्थ है हक की लड़ाई, तालडांगा नाम का एक गांव है। उस गांव में रेंगटा नाम का एक गरीब और नेक व्यक्ति रहता है। उसी गांव में सोकोल मार्डी नाम का एक दुष्ट और अमीर व्यक्ति रहता है। सोकोल मार्डी सरकारी उचित मूल्य की दुकान का डीलर होने के साथ-साथ बालू की ठेकेदारी भी करता है। वह गांव के भोले भाले लोगों को हमेशा ठगता और लुटता रहता है। रेंगटा सोरेन जो एक ट्रैक्टर ड्राइवर है वह सोकोल मार्डी की ठगी से खुद को और गांव वालों को बचा ने की हमेशा कोशिश करता है जिससे वह सोकोल मार्डी की रास्ते का कांटा बन जाता है। सोकोल मार्डी रेंगटा सोरेन को रास्ते से हटा ने के लिए षड्यंत्र रचता है। इस काम में वह संजली का इस्तेमाल करता है, संजली गांव की बहुत ही भोली भाली लड़की है और वह रेंगटा से प्यार भी करती है। संजली सोकोल मा र्डी के षड्यंत्र को नहीं समझ पाती है। रेंगटा सोरेन सोकोल मार्डी के हर षड्यंत्र को तोड़ता जाता है जिससे दोनों के बीच शत्रुता बढ़ जाती है। सोकोल मार्डी ठगी की नहीं -नई तरीके निकलता है और रेंगटा सोरेन उसमें फंसता जाता है , चुंकि रेंगटा सोरेन सिर्फ अपनी लड़ाई नहीं लड़ रहा होता है बल्कि वह गांव वालों एवं अपने समाज के लिए लड़ाई लड़ता है। हक और अधिकार की इस लड़ाई में अंततः रेंगटा सफल होता है और इस प्रकार वह गांव वालों को सोकोल मार्डी की ठगी और जलसा जी से बचा लेता है।

काराम दारे क्रिया जिसका अर्थ है करम पेड़ का कसम-इस फिल्म में दो प्रेमी जोड़े की कहानी प्रस्तुत की गई है जिसमें वे दोनों करम के पेड़ के पास अपने दो नों के प्यार का कसम खाते हैं।

### एक नजर में

## चाकुलिया के कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करने पहुंचे भाजपा प्रत्याशी बिद्युतबरण महतो



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा अंतर्गत घाटशिला विधानसभा के चाकुलिया मंडल में भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम जाना एवं चुनाव में निष्ठापूर्वक अपने कर्तव्य का निर्वहन करने हेतु सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू




**जमशेदपुर।** बीए . कलेज अफ इंजीनियरिंग ऐण्ड टेक्नेलजी,घुटिया, जमशेदपुर में अनुसंधान एवं विकास सेल द्वारा छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम ''रिसर्च मेथोदोलोजी और पैटेंटींग अप्लिकेशन'' पर एक गतिशील कार्यक्रम की शुरुआत किया गया। यह कार्यक्रम पारंपरिक और डिजिटल शिक्षण को मिश्रित करते हुए एक हाइब्रिड मोड में आयोजित किया गया। संकाय विकास कार्यक्रम का उद्घाटन कलेज के चेयरमैन डा एसके़. सिंह, गेस्ट स्पीकर मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग, एन आई टी जमशेदपुर के प्रोफेसर डा. सतीश कुमार, प्रभारी प्राचार्या डा.प्रत्यंचा प्रसाद, संचालक डा. साकेत कुमार और अनुसंधान एवं विकास सेल के सदस्य द्वारा किया गया। आज एनआईटी जमशेदपुर मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर डा. सतीश कुमार ''रिसर्च मेथडोलजी एंड पेपर राइटिंग'' पर पहले सत्र का नेतृत्व किए ।इसके बाद, टाम्परे विश्वविद्यालय, फिनलैंड के एक प्रतिष्ठित पोस्ट–डक्टरल उम्मीदवार श्री कपिल भारद्वाज, ''वैज्ञानिक अनुसंधान पत्र कैसे लिखें'' विषय पर दूसरा सत्र दिये। ये सत्र अनुसंधान पद्धति की जटिलताओं को समझने और उच्च गुणवत्ता वाले शोध पत्र तैयार करने पर संकाय सदस्यों को अमूल्य अंतर्दृष्टि और व्यावहारिक सुझाव प्रदान करने का वादा किया गया। प्रोफेसर ड. सतीश कुमार, ड. प्रत्यंचा प्रसाद, ड. साकेत कुमार और आर एंड डी सेल बीएसीईटी के मार्गदर्शन से, प्रतिभागी अपने शोध कौशल को बढ़ाने और नवाचार की संस्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी यात्रा शुरू किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कलेज के फैकल्टी को अनुसंधान और शिक्षा के क्षेत्र में उत्ष्टता प्राप्त करने के लिए सशक्त बना पायें।

## मानगो में धूमधाम से मनी सावरकर की 143वीं जयंती



**जमशेदपुर।** हिंदू महासभा ने स्वतंत्रता सेनानी सह समाज सुधारक वीर सावरकर की 143वीं जयंती डिमना चौक के समीप धूमधाम से मनायी। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में शामिल लोगों ने वीर सावरकर के चित्र में पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के संयोजक धर्मचंद पोद्दार ने किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता विकास सिंह उपस्थित होकर वीर सावरकर की जीवनी में प्रकाश डालते हुए कहा कि वीर सावरकर स्वतंत्रता सेनानी के साथ–साथ समाज सुधारक, लेखक, दार्शनिक व्यक्तित्व थे, देश के आजाद होने के बाद भी लगातार हुए देश को मजबूत करने के लिए कई विषयों में उन्होंने काम किया। उच्च नीच का भेदभाव मिटाने के लिए लगातार हुए संघर्षरत रहे। अंग्रेजों ने 50 वर्ष की कारावास की सबसे कठोर सजा उन्हें दी थी अंडमान निकोबार के सेल्यूलर जेल में हुए 11 साल तक कोलू बन कर तेल निकलने का कार्य किया। उनके द्वारा लिखी गयी पुस्तकों को अंग्रेजों ने प्रकाशित होने के पूर्ण पाबंदी लगा दी थी। सैकड़ों लोगों ने समाज को सुधारने की दिशा में उनके कदम पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विकास सिंह, धर्म चंद्र पोद्दार, उदयकांत चौधरी, दीप नारायण सिंह, लक्ष्मण सिंह, एसप़ी शुक्ला, सरोज दास, दुध नाथ सिंह, शंकर सिंह, धर्म नाथ प्रसाद, बीडी सिंह, रीता सिंह, मधु सिन्हा, कल्याणी पाठक, प्रियतमा पाठ, संध्या कुमारी, नेहा शर्मा, हरजीत कौर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## राज्यपाल रघुवर से मिले डॉ सत्य रंजन समल, कहा-ओडिशा को आपके जैसे सशक्त नेतृत्व की जरूरत है



**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में ओडिशा राज्य के महामहिम राज्यपाल रघुवर दास जमशेदपुर लोकसभा चुनाव में अपने मतदान करने को लेकर 3 दिवसीय जमशेदपुर प्रवास पर थे। इस दौरान उनसे ओडिशा के प्रख्यात डॉक्टर सत्य रंजन समल ने शिष्टाचार मुलाकात की। ओडिशा के महामहिम राज्यपाल रघुवर दास के जमशेदपुर स्थित एग्रिको आवास पर हुए मुलाकात में डॉ सत्य रंजन समल ने रघुवर दास का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने ओडिशा राज्य में पिछले 7–8 महीनों में राज्यपाल के रूप में किये कार्यों और सक्रियता की जमकर सराहना की। कहा कि राज्यपाल के रूप में जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को जानकर तत्परता से निदान करना ओडिशा की जनता को बहुत भा रहा है। डॉ सत्य रंजन समल ने कहा कि राज्यपाल के रूप में ओडिशा राज्य के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेना और योग्य लाभुकों को उसका लाभ दिलाने का प्रयास कई मायनों में सराहनीय रहा है।

## स्पीड न्यूज

### प्रसव के बाद महिला की मौत



**पांडू, पलामू।** प्रखंड के डाला खुर्द निवासी बबन राम की पत्नी सरस्वती देवी का मंगलवार को मौत हो गयी। ज्ञात हो कि प्रसव के बाद उसे अत्यधिक रक्तस्राव के कारण पांडू स्वास्थ्य केंद्र से रेफर किया गया। डाल्टनगंज जाने के क्रम में पड़वा में उसकी मौत हो गयी। परिजन देर शाम शव लेकर गांव पहुंचे। सरस्वती पांडू प्रखंड सहायिका प्रभारी थी। वह अपने पीछे एक पुत्र और चार पुत्री छोड़ गयी हैं।

### यदि सड़क समतल नहीं हुआ तो गाड़ियों का परिचालन रोकेंगे : राजीव



**हरिहरगंज पलामू।** शनि मंदिर के समीप तथा अन्य स्थानों पर एनएच 98 उबड़-खबड़ हो जाने से आये दिन दुर्घटना हो रही है। मंगलवार को राजीव रंजन के नेतृत्व में सड़क किनारे लोगों ने प्रदर्शन किया। साथ ही शिवालया कंट्रक्शन कंपनी को चेतावनी दी कि 24 घंटे के अंदर सड़क समतल नहीं किया जाता है, तो गुरुवार से बड़े वाहनों का परिचालन रोका जायेगा। प्रदर्शन करने वालों में उदय सिंह, गुंजन सिंह, दिनेश पासवान, शंभू यादव, सौरभ कुमार, चंदन पासवान, संजय मेहता, अरुण गुप्ता, चंदन कुमार, विकास पासवान थे।

### 700 मतगणकों को मिला प्रशिक्षण



**मेदिनीनगर।** त्रुटि रहित व निष्पक्ष मतगणना के लिए गिरिवर+ 2उच्च विद्यालय मेदिनीनगर में 700 मतगणना कर्मियों को मतगणना का प्रशिक्षण दिया गया जिनमें मतगणना सहायक, मतगणना सुपरवाइजर एवं माइक्रो आब्जर्वर शामिल हैं। सदर एलआरडीसी प्यारेलाल व छतरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा ने प्रशिक्षण का अनुश्रवण किया। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अमरेन्द्र पाठक व अशोक सिंह, प्रधान लिपिक रामलखन राम, सौरव कुमार सिन्हा, विपिन कुमार पटेल ने मतगणना प्रशिक्षण का अनुसमर्थन किया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर रामप्रवेश शर्मा, क्यूम अंसारी, श्यामलाल उरांव, चंद्रशेखर शुक्ला, नसीम अहमद, आलोक कुमार, ब्रजेश कुमार, वीरेंद्र सिंह, सत्येन्द्र विश्वकर्मा, मो यासीन, आनंद मोहन सिंह, संजय कुमार पाण्डेय, आलोक तिवारी भी थे।

### डीलरों को कम दिया जा रहा है अनाज

**पाटन पलामू।** प्रखंड में गोदाम प्रबंधक व परिवहन अभिकर्ता की मिलीभगत से डीलरों को दुकान तक अनाज पहुंचाया जा रहा है लेकिन अनाज की बोरी में कम राशन पाया गया है। डीलर संघ ने इसकी शिकायत पाटन एमओ संजय कुमार से की है। इस मामले में पहल कर डीलरों को सही माप से राशन उपलब्ध कराने को कहा है। जागृति एसएचजी का अनाज गोदाम से भेजा गया और डीलरों द्वारा दुकान पर तौलने पर 80 बोरा अनाज में ही 2 क्विंटल 65 किलो अनाज कम पाया गया। गोदाम का कांटा से भी तौलने पर परिवहन अभिकर्ता प्रतिनिधि और डीलर प्रेम कुमार और अन्य लोगो के समक्ष तौलने पर भी राशन कम पाया गया।

### हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों का सांकेतिक प्रदर्शन



**विश्रामपुर (पलामू)।** थाना क्षेत्र के नावाडीह कला ओपी क्षेत्र के छिपादोहर गांव निवासी मोनू मिश्रा के अपहरण और हत्या का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। हत्यारोपियों के गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने मंगलवार को विश्रामपुर थाना के समक्ष सांकेतिक प्रदर्शन किया। ग्रामीण अपहरण और हत्या में शामिल अपराधियों के गिरफ्तारी और नावाडीह कला ओपी प्रभारी पर विभागीय कार्रवाई की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों का आरोप था कि नावाडीह कला ओपी और विश्रामपुर पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। प्राथमिकी दर्ज कराने के बाद भी नामजद आरोपियों पर कार्रवाई की बात तो दूर उनसे कड़ाई के साथ पूछताछ भी नही की गई। पुलिस शव भी ढूंढने में नाकाम रही। थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने ग्रामीणों से कहा कि आरोपियों के गिरफ्तारी हेतु पुलिस छापेमारी कर रही है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### ट्रैक्टर पलटने से दो लोग घायल

**मोहम्मदगंज, पलामू।** थानान्तर्गत भजनीया कोल्हुआ मुख्य पथ में पोटो गांव पुलिया के पास मंगलवार की दोपहर ट्रैक्टर पलटने की दुर्घटना दो लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना है। ट्रैक्टर भजनिया गांव के पास ही उतर कोयल नदी के तटबंध निर्माण कार्य मे लगा हुआ था।जानकारी के अनुसार घायलों को तटबंध निर्माण कार्य मे लगे लोग इलाज के लिए मेदिनीनगर ले गए है। घायलों में एक भजनिया गांव निवासी अमित मेहता और एक जे सी बी ऑपरेटर बताया जाता है। घटना की सूचना मिलने पर मोहम्मदगंज थाना प्रभारी पंकज तिवारी के निर्देशानुसार ए एस आई सुबीर किस्कू घटनास्थल पहुंचे मौके से चालक फरार हो गया था।

### विंध्वासिनी स्टोन माइंस को कराया बंद



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर मंगलवार को पलामू के डीएमओ आनंद कुमार छत्तरपुर पहुंचे। यहां उन्होंने छत्तरपुर इलाके में संचालित विभिन्न क्रशरों की जांच की। इस दौरान उन्होंने अनुमोदित खनन योजना का अनुपालन नहीं करने सहित अन्य खनन नियमों का उल्लंघन को लेकर छतरपुर थाना अंतर्गत बसडीहा गांव के विंध्वासिनी स्टोन माइंस में खनन कार्य बंद करवा दिया। वहां अनुमोदित खनन स्कीम के अनुसार कुल 490 पौधारोपण किया जाना है7

# पांकी विधायक ने पूजा अर्चना कर मंदिर के अधूरे निर्माण कार्य कराया प्रारंभ

■ लोगों के धार्मिक आस्था को कम नहीं होने देंगे : डॉ शशिभूषण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने पांकी प्रखंड के ग्राम शिरम में शिव मंदिर का पूजा अर्चना करके आशीर्वाद प्राप्त किया और अपने तरफ से सहयोग राशि देने के लिए घोषणा किया। बिधायक डॉ मेहता ने मंदिर के अधूरे निर्माण कार्य का शुभारंभ विधिवत पूजा अर्चना कर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के लिए जीवन समर्पित है। चुनाव में किये गए एक एक वादा को पूरा कर रहे हैं।



पांकी विधानसभा क्षेत्र का कोई भी गांव विकास से वंचित नहीं रहेगा। विधायक ने कहा कि पांकी विस क्षेत्र के सभी मंदिरों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। कई अधूरे मंदिरों का निर्माण कार्य कराया गया है। कई मंदिरों मे आर्थिक सहयोग कर पूरा करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों के धार्मिक आस्था को कभी कम नहीं होने देंगे। मौके पर बच्चन ठाकुर, समाजसेवी कमेश यादव, संतोष वर्मा, साकेत सिंह, चंदन सिंह, नागेंद्र सिंह, रामधार सिंह, धीरज सिंह, मनु सिंह संतोष सिंह, विश्वेश्वर सिंह, लक्ष्मी नारायण सिंह, विजय कुमार पाठक, रामकिशोर सिंह, मंटू लाल गुप्ता, निरंजन गुप्ता, सुरेंद्र मेहता, धर्मदेव मेहता, टिमन भुइयां, अमेरिका सिंह, सुमन कुमार सिंह, उमेश सिंह समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# भीषण गर्मी और हिटवेव से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतें प्रमंडलवासी: आयुक्त

■ छोटे बच्चों और बुजुर्गों का भी करें विशेष देखभाल : आयुक्त

■ आगामी कुछ दिन और अधिक गर्मी होने के साथ लू चलेगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा ने भीषण गर्मी को देखते हुए प्रमंडलवासियों से हीटवेव यानी लू से बचने के लिए विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे लू से बचाव के लिए जरूरी प्रबंध रखें। छोटे बच्चों व बुजुर्गों का भी विशेष देखभाल जरूरी है। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग के अनुसार पलामू में आगामी कुछ दिन और अधिक गर्मी होने के साथ लू चलेगी। ऐसे में लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है।

**प्रमुख बातें**



स्वास्थ्य विभाग की एडवाईजरी के अनुरूप कमजोरी, चक्कर आना, सिरदर्द, दौरे जैसे हीट स्ट्रोक, हीट रैश के संकेतों को पहचाने। यदि आप बेहोशी या बीमार महसूस कर रहे हैं तो डॉक्टर को दिखायें। लू से बचने के लिए पानी पीयें। धूप में बाहर जाते समय चश्मे, छाता, टोपी, जूते या चप्पल का प्रयोग करें। ओआरएस, घर पर बने पेय जैसे लस्सी, नींबू पानी, छाछ, नारियल पानी आदि का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि स्वयं के साथ पशु-पक्षियों का भी ध्यान रखें।

# पलामू का पारा 1978 के बाद 47 डिग्री सेल्सियस पार

■ सूखा पलामू में प्रचंड धूप ने लोगों को किया जीना मुहाल

■ पलामू जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में दोपहर को ही पड़ रहे सन्नाटे

**गजेंद्र कुमार**

**मेदिनीनगर।** मई माह के समाप्ति सप्ताह में ही तमतमाती गर्मी के तेवर थमने का नाम नहीं ले रहा है। सूखा पलामू में प्रचंड धूप अपना तेवर दिखा रहा है। जिस कारण लोग घरों में दुबक रहे हैं। कहीं से कोई राहत मिलने का नाम नहीं है। गांव गिरांव के छोटी बड़ी आहर, पोखर, नदी नाले सूखे पड़े हैं। जलस्तर काफी नीचे चले जाने के कारण मानव तो किसी प्रकार अपनी परेशानी को दूर कर ले रहा है लेकिन पशु पक्षी तेज धूप व पानी के अभाव में भटक रहे हैं। वहीं बिजली की आंख मिचौनी एवं लोड शेडिंग से लोग काफी परेशान हैं।



सूनसान पड़ी सड़कें।

विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की दयनीय स्थिति से लोग परेशान हैं। शहरवासी बिजली के आंख मिचौनी से परेशान हैं। बिजली कब आयेगी व कब जायेगी इसकी कोई पता नहीं। इस भीषण गर्मी एवं तपती धूप से लोगों के लिए एकमात्र पंखा, कुलर, एसी ही सहारा है। वो भी बिजली नहीं रहने के कारण लोगों को भरपूर फायदा नहीं मिल रहा है। वहीं सूर्य के ताप से पलामू का पारा 47.5 डिग्री सेल्सियस हो चुका है। जो मई महीना का सर्वाधिक तापमान दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार मई महीने से सर्वाधिक अधिकतम तापमान 47.8 डिग्री सेल्सियस छह मई 1978 को दर्ज किया गया था। इसके बाद पलामू का यह दूसरा सर्वाधिक तापमान 47.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है जो सबसे भयावह कहर बरपाने वाला ताप है। इतना ही नहीं पलामू का तापमान झारखंड के सभी जिलों से सर्वाधिक दर्ज किया गया है। तेज धूप और लू के थपेड़ों से बदन जल रहा है।

**सकते में ठेला-खोमचे वालों का परिवार :** लोग लाचारीवश घर से बाहर निकलकर अपने कामकाज को निपटा रहे हैं लेकिन मेहनतकश मजदूर को मजबूरी में बाल बच्चों के लालन पालन करने के लिए ठेला, रिक्शा चलाना तथा मजदूरों को तपती धूप में काम करना विवशता बन गयी है। तेज धूप होने के कारण उमस भरा गर्मी भी छोटे बच्चे, वृद्ध एवं बीमार लोगों के लिए जीवन कष्टदायक हो गया है। प्रचंड धूप से पलामू जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में दिन के 12 बजे के बाद सन्नाटा छा रहा है। दुकानें तो खुली रहती है पर ग्राहक नदारद रहते हैं। धूप से राहत पाने के लिए लोग घरों में या बाग बागीचा में जाकर अपनी रक्षा कर रहे हैं। इस प्रचंड धूप में पलामू जिले के सुदूरवर्ती प्रखंड क्षेत्रों से लोगों को अपना कोर्ट कचहरी या सिविल अधिकारी से काम निपटारा के लिए मुख्य शहर आना ही पड़ता है। शहर के प्रमुख स्थानों पर जिला प्रशासन द्वारा पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जिस कारण प्यास बुझाने के लिए लोग होटल की रूख करते हैं तो उन्हें सिर्फ पानी नहीं दिया जाता है। जब तक उस होटल से कुछ सामग्री खाने का क्रय नहीं करते हैं तो सिर्फ पानी भी मुश्किल हो जाता है। इतना ही नहीं छह मुहान स्थित सार्वजनिक शीतल पेयजल प्लान स्थापित किया गया था जो विगत वर्षों से खराब पड़ा है। यहां से लोग अपनी प्यास बुझाते थे। सामाजिक संस्थाओं के द्वारा शहर के कुछ स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था की गई है। मई में पलामू जिले के सीमावर्ती जिलों में वर्षा होने के कारण जिले की लाईफ लाईन कोयल नदी में जलस्तर बढ़ गया है जिस कारण नदी पर निर्भर रहनेवाले लोग पशु पक्षीयों के लिए राहत है। वहीं नगर निगम पानी सप्लाई करने में विफल साबित हो रही है। लोगों का मानना है कि चढ़ती ज्येष्ठ में यह आलम है तो आगे क्या होगा उपरवाला ही जानेगा।

### हिट स्टॉक की चपेट में पलामू, छुट्टी के बावजूद चल रहे कई निजी स्कूल

■ भाजपा नेता ने की स्कूल बंद कराने की अपील

**हुसैनाबाद, पलामू।** प्रचंड गर्मी व गर्म हवाओं की चपेट में पलामू जिला, मंगलवार को 45 डिग्री पर पारा व गर्म हवाओं से पूरा क्षेत्र जुलस रहा है वंही सरकार द्वरा सभी स्कूलों में छूटी घोषित करने के बाद भी जपला शहर में कई निजी स्कूल बिना परवाह किए स्कूल संचालित कर रहे है मंगलवार को सुबह 11 बजे सड़क पर बच्चों को स्कूल से घर जाते हुए देखा गया जिस समय जपला 42 डिग्री पारा थी व गर्म हवा से लोग किसी तरह गमच्छ व अन्य वस्त्रों से मुँह को ढककर बाजार में चलते हुए नजर आए,इधर स्कूली बच्चों को इतने गर्मी में स्कूल बुलाने और संचालन पर भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नराजगी जताया और कहा कि इस प्रचण्ड गर्मी व गर्म हवा में भी स्कूल चलना बच्चों के जीवन व भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है इस पर अभिभावक भी सजग रहे अपने अपने बच्चों को घर मे सुरक्षित रखें उन्होंने वैसे स्कूल संचालक को भी स्कूल बंद करने का हिदायत दिया है।

## बीस सूत्री अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने जानी वन विभाग के कार्यालय की हकीकत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाटन पलामू।** बीस सूत्री अध्यक्ष रामानंद पांडेय व बीस सूत्री उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने मंगलवार को पाटन वन विभाग कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में प्रभारी वन संरक्षक पदाधिकारी शंकर पासवान नहीं पाए गए। इस संबंध में बीस सूत्री अध्यक्ष ने वन विभाग के कर्मियों द्वारा जानकारी लिया तो बताया गया कि प्रभारी वन संरक्षक पदाधिकारी शंकर पासवान पांच जोन के प्रभारी रहने के कारण वे पाटन वन विभाग के कार्यकाल में बहुत ही कम समय दे पाते हैं। कभी कभी आया करते हैं। इस पर बीस सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि अधिकारी के नहीं रहने से पाटन क्षेत्र के जंगलों से वनों की कटाई तेजी से हो रहा है। वनों की देखभाल के लिए मात्र दो ही वन रक्षी हैं। वन क्षेत्र का एरिया ज्यादा होने के कारण दो वन रक्षी से देखभाल नहीं हो पा रहा। बीस सूत्री अध्यक्ष ने पाटन वन विभाग कार्यालय में गंदगी देखकर भड़क गये। उन्होंने कहा कि देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि महिनों से कार्यालय परिसर की साफ-सफाई नहीं हुई है।

## पाटन में गर्मी के प्रकोप से लोग परेशान, सड़क पर पसरा सन्नाटा

**मनीष दुबे**



**पाटन पलामू।** मंगलवार का दिन पाटन प्रखंड में सबसे अधिक गर्मी भरा रहा। गर्मी के प्रकोप से लोग परेशान नजर आये। पाटन में आज का तापमान 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह से ही तेज धूप रहने से लोग घर से इक्का दुक्का जरूरी काम से निकले। तपती गर्मी से चारो तरफ रोड पर सन्नाटा पसरा हुआ था। दुकानों पर ठंडा पानी की मांग अत्यधिक बढी हुई थी। वहीं नदी जलाशय के सुख जाने के कारण जानवर भी पानी के लिए भटकते नजर आए। दुकानों तथा प्रतिष्ठानों में लोगों कीउपस्थिति नगण्य रही। वहीं सरकारी कार्यालयों में भी कर्मचारियों की उपस्थिति काफी कम देखी गयी। इस बढ़ती गर्मी में लोगों का जीना हराम हो गया है। अधिक गर्मी से राहगीर व अन्य लोग पसीना पोछते नजर आये। लोगों का कहना है कि अधिक गर्मी पड़ने से पंखा से भी गर्म हवा निकल रहा है। नदी, नाले, चापानल व बोरिंग में भी पानी नहीं के बराबर है। इस कारण लोग पानी के लिए भी परेशान हैं।

### वार्ड पार्षद निरंजन प्रसाद के ब्रह्मभोज के दौरान 29 मई को की जायेगी श्रद्धांजलि सभा



**मेदिनीनगर।** स्व लाल बाबू पूर्व वार्ड पार्षद के आवास कांदु मुहल्ला काली मंदिर के पास एक श्रद्धांजलि सभा 29 मई को आयोजित की जायेगी। सभा में प्रथम महापौर अरुणा शंकर, चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर, सभी पूर्व व वर्तमान वार्ड पार्षद व आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सतीश कुमार व सभी समाजिक व राजनीतिक दल के लोग शामिल होंगे। अखिल झारखंड चंद्रवंशी क्षत्रिय महा सभा के केंद्रीय अध्यक्ष रंजन कुमार सिंह ने शहर के गणमान्य लोगों व समाज के सभी प्रबुद्ध साथियों को आमंत्रित किया है। ज्ञात हो कि पूर्व घोषित कार्यक्रम कांदु मुहल्ला काली मंदिर के पास चौक का नामकरण स्व लाल बाबू स्मृति चौक करने के कार्यक्रम को अचार संहिता के कारण स्थगित कर दिया गया है। अचार संहिता के बाद चौक का नामकरण होगा। मेदिनीनगर नगर निगम के सभी अमन पसंद नागरिकों को बुधवार को संध्या 7 बजे श्रद्धांजलि सभा में आमंत्रित किया गया है।

### गणपति धर्मशाला में पनशाला का शुभारंभ



**मेदिनीनगर।** शहर में तपीशवाली गर्मी के मद्देनजर राहगीरों और धर्मशाला के यात्रियों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था करते हुए स्थाई पनशाला का शुभारंभ किया गया। पनशाला की व्यवस्था गणपति धर्मशाला के प्रांगण में की गयी। पनशाला गणपति धर्मशाला के सचिव सुरेश उदयपुरी के द्वारा अपनी माता स्वर्गीय गिन्नी देवी उदयपुरी और पिता स्वर्गीय चिरंजीवी लाल उदयपुरी की पुण्य स्मृति में लगवाया गया। पनशाला का शुभारंभ गणपति धर्मशाला के अध्यक्ष आशीष बुधिया ने किया। सुरेश उदयपुरी ने बताया कि पनशाला का उद्देश्य गर्मी से तप्त राहगीरों को शीतल एवम शुद्ध जल पिलाना है। जिससे राहगीरों को पीने की पानी की कमी का अहसास न हो। उन्होंने कहा कि आगे भी जन कल्याण के कार्यों में अपनी भागीदारी प्रदान करते रहेंगे। अब लोगों को पानी के लिए शहर में भटकना नहीं पड़ेगा। इस पनशाला से ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों का भी प्यास बुझेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में गणपति धर्मशाला के अध्यक्ष आशीष बुधिया, उपाध्यक्ष प्रमोद तुलस्यान, सचिव सुरेश उदयपुरी, कोषाध्यक्ष सुशील लाठ, बिमल केजरीवाल, मुरारी गोयल, राजेश उदयपुरी, डॉ नारायण अग्रवाल, बिल्लू सांवरिया, राजेश अग्रवाल, पवन दारुका, संजय केजरीवाल, मुरारी लाठ, झानू भूत, अंशुल उदयपुरी आदि ने अपना सहयोग प्रदान किया।

## 400 पार के लक्ष्य में दुमका एक बड़ा कमल फूल : अविनाश वर्मा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दुमका हवाई अड्डा के मैदान में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसभा पर एक बयान जारी कर भाजपा के दुमका सदर प्रभारी सह प्रदेश कार्य समिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पीएम मोदी व प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के साथ सभी मंच पर उपस्थित प्रत्याशियों वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं और यहां की जनता को हार्दिक बधाई दी है। श्री वर्मा ने कहा कि पीएम की सभा इस बात का प्रतीक है कि लोकसभा चुनाव के अन्य चरणों के साथ इस सातवें और अंतिम चरण में भी भाजपा दुमका से सीता सोरेन गोड्डा से डॉ निशिकांत दुबे और राजमहल से ताला मरांडी की जीत ऐतिहासिक मतों से होगी, जो 400 पार के लक्ष्य को हासिल करने में अहम भूमिका का निर्वहन करेगी।



### हीट स्ट्रोक से रेलकर्मी की मौत

**हुसैनाबाद, पलामू।** पूर्व मध्य रेलवे के कजारत नावाडीह स्टेशन में कार्यारत रेलकर्मी मुकेश मीना (32) की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार मुकेश कजरात नवाडीह नबीनगर रेलवे ट्रैक पर काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक उसकी तबियत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में लोगों ने उसे तत्काल हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही जपला आरपीएफ, हुसैनाबाद पुलिस अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर अन्य सहयोगी रेलकर्मी से पूछताक्ष की।

## एनएच पथ पर बाइक से गिरकर एक महिला घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** शहरी क्षेत्र के शनि मंदिर के समीप एनएच 98 पर मंगलवार को जर्जर सड़क के कारण बाइक से गिरकर एक 43 वर्षीय महिला शांति गुप्ता घायल हो गयी। उसे घायल अवस्था में सीएचसी ले जाकर इलाज कराया गया। उक्त महिला छतरपुर थाना क्षेत्र के लठेया निवासी अपने पति धनंजय गुप्ता के साथ बाइक से हरिहरगंज आ रही थी। मालूम हो कि उक्त स्थान पर उबड़-खाबड़ सड़क होने से अक्सर बाइक सवार गिरकर घायल हो रहे हैं। अबतक कई बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो चुकी है। जिसमें एक दर्जन से अधिक लोग गिरकर घायल को चुके हैं। शहर के कई लोगों द्वारा सड़क की मरम्मत करने की मांग की जा चुकी है। परंतु अभी तक सड़क जर्जर ही है।

### थाना प्रभारी ने की छतरपुरवासियों से अपील

# फ्रॉड कॉल आने पर नहीं करें बात थाना में जानकारी दें होगी कार्रवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** पूरे देश में फ्रॉड कॉल कर लोगों को ठगने वाले माफिया सक्रिय हो गये हैं। इससे छतरपुर अनुमंडल भी अछूता नहीं रहा है। फ्रॉड कॉल से लोगों को ठगी से बचाने के लिए छतरपुर पुलिस सतर्क है। इसे लेकर छतरपुर थाना प्रभारी राजेश रंजन ने अपने क्षेत्र के सभी जनता, व्यवसायी वर्ग से अपील की है कि अब पुलिस के नाम पर फ्रॉड कॉल आ रहे है जिसे सभी को सतर्क रहना होगा। कहा कि हमारे क्षेत्र में बाहर की कोई भी कंपनी आती है जैसे आर्मी या कोई भी तो सबसे पहले सूचना स्थानीय थाना को होती है इसलिए किसी भी पुलिस के नाम पर फ्रॉड कॉल आते हैं, तो बिना थाना को सूचना दिये हुए फ्रॉड कॉल को न सुनें।

**लुभावने प्रलोभन से बचें**

हाल में ही आर्मी के नाम पर फ्रॉड कॉल छतरपुर के मशीहानी फोर लेन स्थित गौतम भोजनालय के मालिक बिंदा ठाकुर के मोबाईल पर आया था जो करीब 20 लोगों का भोजन पैक करवाया गया और 10 हजार फोन पे में फ्रॉड कॉल वाले को भेजा गया। इस मामले में पुलिस जांच कर रही है। सभी से अपील है कि इस तरह का कोई फोन आता है तो स्थानीय थाना में तुरंत संपर्क करें।



राजेश रंजन, थाना प्रभारी छतरपुर।

# विद्यार्थियों को बेवजह परेशान करना बंद करे कॉलेज प्रशासन : वाईजेकेएसएफ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन के जिला उपाध्यक्ष कृष्ण यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल महाविद्यालय के जीएलए कॉलेज के प्राचार्य से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने प्राचार्य से कहा कि जीएलए कॉलेज में सेमेस्टर 1 बीसीए के कुछ विद्यार्थियों का इंटरनल और प्रैक्टिकल का अंक विभागाध्यक्ष द्वारा नहीं भेजा गया था जिसके कारण विद्यार्थी काफी परेशान थे। लगभग 1 महीने से कॉलेज और विभाग का चक्कर लगा रहे थे लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन के जिला उपाध्यक्ष कृष्णा यादव से विद्यार्थियों ने संपर्क किया और इस समस्या समाधान करने की मांग की।



**विद्यार्थियों ने गिनायी समस्याएं :** कृष्णा यादव ने प्राचार्य के पास विद्यार्थियों के समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जीएलए कॉलेज प्रशासन बेवजह विद्यार्थियों को परेशान किया जा रहा है, जबकि सभी विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। सभी विद्यार्थियों का नाम अटेंडेंस शीट में उपलब्ध है फिर भी उन्हें दौड़ाया जा रहा है जो कि कॉलेज के उदासीन रवैया को उजागर करता है। इसपर तत्काल करवाई की जाए अन्यथा वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन आंदोलन को बाध्य होगा। प्राचार्य ने तत्काल विभागाध्यक्ष इकराम अंसारी को बुलाया और इस मुद्दे पर बात की। प्राचार्य ने 30 मई से पहले अंक भेजने की बात कही और विद्यार्थियो को आश्वासन दिया कि अब उन्हें परेशान नहीं किया जायेगा। मौके पर पुरुषोत्तम कुमार, सौरभ पाण्डेय, नवीन डांगी, हर्ष तिवारी, समीर सिंह आदि मौजूद थे।

# आदिवासियों और दलित समाज का जेएमएम है शोषक, तो कांग्रेस है आतंकवाद व नक्सलवाद का पोषकः पीएम मोदी

## जब तक जिंदा हूं गरीबों का अन्न व जल किसी को छीनने नहीं दूंगा : प्रधानमंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** पीएम मोदी हवाई अड्डा सभा स्थल पर भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के पक्ष में किया वोट का अपील। पीएम मोदी ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए झामुमो को आदिवासी, दलित समाज का शोषक और कांग्रेस को बताया आतंकवाद व नक्सलवाद को पोषक। झामुमो पर प्रहार करते हुए पीएम मोदी ने जल, जंगल और जमीन का संरक्षण करने के नाम पर खनिज घोटाले में पूरी तरह लिप्त बताया। पीएम मोदी ने साहिबगंज में हुए 1000 करोड़ के घोटाले का जिक्र करते हुए कहा कि खनिज घोटाले तो छोड़ दीजिए झामुमो आदिवासी व दलित का जमीन छीन रहा है। जेएमएम वाले तो यहां तक कि आदिवासियों और दलितों का जमीन हड़पने के लिए यहां तक कि अपने माता-पिता का भी नाम बदल लें रहे है। यहां तक कि लोग सेना का सम्मान करते है, लेकिन सेना का जमीन भी हड़पने की साजिश जेएमएम वालो ने की। जिसका खामियाजा पूर्व सीएम हेमंत सोरेन जेल में रहकर भुगत रहे। उन्होंने कहा कि जेएमएम, कांग्रेस व राजद के संरक्षण में आदिवासियों एवं दलित समाज का अस्तित्व और संस्कृति खतरे में है। पीएम मोदी सीता सोरेन के पक्ष में वोट की अपील करते हुए कहा कि झामुमो से मुक्ति केवल भाजपा दिला सकती है। भाजपा की सरकार हर घर मे पानी पहुंचाने के लिए जल जीवन योजना के माध्यम से हर घर मे पानी पहुंचाने का काम किया, लेकिन झामुमो वाले उसमें भी भ्रष्टाचार किया। उन्होंने जल्द 3 करोड़ पीएम आवास योजना धरातल पर उतारने की योजना बताया। पीएम मोदी ने कहा कि जब तक मोदी जिंदा है किसी को भी गरीब का अन्न पानी छीनने नहीं देगा। झामुमो और कांग्रेस पर तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के सत्ता में रहते आतंकवाद और नक्सलवाद बढा। पीएम मोदी ने विपक्ष पर लोगो को भरमाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कभी संविधान बदलने, तो कभी मेरी छवि हिंदुत्व का बताया जाता है। तरह-तरह के आरोप लगा मेरे ऊपर कीचड़ उछाला जा रहा है। लेकिन विरोधी यह जान ले जितना कीचड़ उछालेंगे, उतना की कीचड़ में कमल खिलेगा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी इंडी गठबंधन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए सीता सोरेन को वोट कर पीएम मोदी हाथ मजबूत कर तीसरी बार पीएम मोदी को सत्ता में आने का आह्वान किया। पीएम मोदी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राजमहल प्रत्याशी ताला मरांडी, गोड्डा प्रत्याशी डॉ निशिकांत दुबे एवं दुमका प्रत्याशी सीता सोरेन, डॉ लुईस मरांडी आदि उपस्थित थे।





मंच पर उपस्थित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सभा मे उमड़ी भाजपा कार्यकर्ताओं की भीड़।

# डरे हुए है मोदी, डरपोक है भाजपा : जेएमएम

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 16 लाख करोड़ का उद्योगपतियों का ऋण माफ कर दिए, वह भ्रष्टाचार नहीं दिखा

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** पीएम मोदी के जनसभा के बाद झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने झामुमो कार्यालय में प्रेसवार्ता कर पलटवार करते हुए पीएम मोदी के लगाए आरोपों का एक-एक कर जबाब दिया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी कई लोकलुभावन वादे लोगो से कर के गए। खास तौर पर भ्रष्टाचार पर उनका फोकस रहा। उन्होंने कहा कि यहां पहाड़ बड़े-बड़े है। उससे भी ज्यादे बड़े नोटों के पहाड़ नहीं देखा था। लेकिन मोदी जी जहां रहते है दिल्ली से सटे कश्मीर है। जहां हिमालय है, लेकिन हिमालय से भी ज्यादा बड़ा आकार उनके भ्रष्टाचार का है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 16 लाख करोड़ का उद्योगपतियों का ऋण माफ कर दिए, वह भ्रष्टाचार नहीं दिखा। 17 हजार करोड़ का हेराफेरी करने वाला अजित पवार को उपमुख्यमंत्री बनाया। पीएम मोदी ने कहा कि सेना का जमीन कब्जा करने की बात कही, लेकिन मोदी जी को जमीन घोटाले का मुख्य आरोपी अमित अग्रवाल का छह माह जेल में रह निकले के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के उपस्थित मे केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीताराम से मिलना और दस्तावेज सौपने में भी भ्रष्टाचार नहीं दिखा। सुप्रियो ने कहा कि पीएम मोदी को पेंटिंग लिए बच्ची सभा मे नजर आयी, लेकिन मणिपुर में नग्न महिला को जला मारने की तस्वीरें नजर नहीं आई। उन्होंने भाजपा के 400 पर के नारे पर जबाब देते हुए कहा कि अबकी बार तड़ीपार। उन्होंने कहा कि 4 जून के बाद भाजपा के भ्रष्टाचारियो के लिए बेड संख्या और चेस्ट संख्या तिहाड़ जेल के लिए तय है। उन्होंने कहा कि झामुमो पर जब-जब हमला तेज हुआ है, झामुमो के कार्यकर्ता गोलबंद हुए है। घुसपैठियों के बात पर जबाव देते हुए गोड्डा में लगे अडानी पावर प्लांट का जिक्र करते हुए कहा कि जमीन हमारी और बिजली बंग्लादेश को जा रहा है, यह घुसपैठ नहीं है क्या। धर्म के आधार पर आरक्षण को लेकर आंध्रप्रदेश के तेलगु पार्टी और गुजरात मे 4 फीसदी मुस्लिम समुदाय को आरक्षण देने की बात कहते हुए कहा कि पीएम मोदी लोगो को भरमा रहे है। सभा मे एक बार भी हेमंत सोरेन का नाम नहीं लिया, इससे साफ पता चलता है कि पीएम मोदी डरे हुए है, डरपोक है भाजपा के लोग। हरेक विधानसभा घूम हेमंत सोरेन का नाम लेकर विरोध किया। इसका नतीजा 2019 का चुनाव परिणाम है। उन्होंने स्टार प्रचारक के सवाल पर जबाव दिया कि शिबू सोरेन से बड़ा स्टार प्रचारक और हेमंत सोरेन के संघर्ष से बड़ा स्टार प्रचारक कौन हो सकता है। उन्होंने कहा कि झामुमो के हरेक कार्यकर्ता और मतदाता स्टार प्रचारक है। भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन को लेकर कहा कि वह भाभी थी और रहेंगी। वर्तमान में गुस्से में है, बहुत जल्द सब ठीक होने का दावा किया।




प्रेसवार्ता करते झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य।

## स्पीड न्यूज

### गोड्डा मे आज शहनवाज हुसैन का कार्यक्रम



गोड्डा। जिला भाजपा कार्यालय प्रवक्ता बीमन्त कुमार के द्वारा जारी की गई आज दिन के 11 बजे जिला भाजपा गोड्डा कार्यालय मे पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन कार्यकर्ताओं के साथ वार्ता करने गोड्डा पहुंच रहे हैं। इस लोकसभा चुनाव मे शाहनवाज पहले अल्पसंख्यक भाजपा मंत्री हैं जो गोड्डा आ रहे हैं और कार्यकर्ताओं के साथ अल्पसंख्यक मतदाताओं से भी संपर्क साध कर भाजपा उम्मीदवार निशिकांत दूबे के पक्ष मे चुनाव प्रचार करेंगे। इनके आने से अल्पसंख्यक मतों पर अच्छा खासा असर पड़ेगा।

### नाबालिग से दुष्कर्म में पांच साल की सजा

**दुमका।** नाबालिग से दुष्कर्म के अभियुक्त को न्यायालय ने दोषी करार देते हुए सजा एवं जुमार्ना किया। सजा जिला एवं सत्र न्यायाधीश, प्रथम श्रेणी रमेश चंद्रा के न्यायालय ने मंगलवार को सुनाया है। न्यायालय ने शिकारीपाड़ा थाना कांड संख्या 108/19 एवं पोक्सो 03/20 में सेक्शन 8 में दोषी करार देते हुए पांच साल कारावास एवं 5 हजार जुमार्ना का सजा सुनाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर अभियुक्त को तीन माह अतिरिक्त सजा कटनी होगी। न्यायालय ने सात गवाहों की गवाही पर फैसला सुनाया। दोषी अभियुक्त शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के हथबारी गांव निवासी ठाकुर मुर्मू, पिता जेठा मुर्मू है। मामले में बचाव पक्ष से बहस एपीपी चम्पा कुमारी कर रही थी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के संत रीता स्कूल में नाबालिग पढाई करती थी। हर रोज की तरह नाबालिग स्कूल गई। स्कूल से छुट्टी के बाद घर लौटने के दौरान अभियुक्त ने नाबालिग से साथ घिनौनी हरकत कर जंगल में छोड़ गया था। स्कूल से नहीं लौटने पर नाबालिग का भाई खोजबीन शुरू किया। तब जाकर नाबालिग बेहोशी के हालात में जंगल में मिली। मामले में शिकारीपाड़ा पुलिस नाबालिग के भाई के लिखित शिकायत पर 17 अक्टूबर 2019 को मामला दर्ज करते हुए आरोपी ठाकुर मुर्मू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दी थी।

### नशे में छत से गिरा बिहार का युवक, मौत

हंसडीहा। दुमका जिले के हंसडीहा गोड्डा रोड स्थित काली लॉज के पीछे खाली पड़े एक खंड से पुलिस ने मंगलवार सुबह एक युवक के शव को बरामद किया है। शव की शिनाख्त दरभंगा जिले के अशोक पेपर मिल थाना क्षेत्र के मनोरथ गांव निवासी लक्ष्मण लाल देव (42) के रूप में की गई है। घटना की जानकारी देते हुए मृतक के मित्र ललित कुमार लाल ने बताया कि दरभंगा से आकर हंसडीहा स्थित काली लॉज में करीब एक दर्जन से अधिक पंडित किराया लेकर रह रहे हैं। सभी लोग सुबह क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुँच लोगों का हस्तरेखा व पूजा पाठ कराने का काम करते हैं। जिससे सभी अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। बताया कि मृतक लक्ष्मण लाल देव महज एक दिन पहले यानी कि सोमवार को दरभंगा से हंसडीहा पहुँचे थे। सोमवार रात में सभी मिलकर शराब का सेवन किया और खाना खाकर सो गए। मंगलवार सुबह जब नींद खुली तो देखा कि लक्ष्मण लाल छत पर नहीं हैं जिसके बाद सभी मिलकर उसकी खोजबीन शुरू की खोजबीन के क्रम में देखा गया कि वे काली लॉज के पीछे खंड में जमीन पर गिरा पड़ा है। जब नीचे जाकर उसे उठाया तो उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना जैसे ही आसपास के लोगों को मिली तो लोगों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद एसआई एलबी पासवान अमर कुमार पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच जांच शुरू कर दी है।

# भोजपुरी स्टार आम्रपाली व निरहुआ ने निशिकांत के लिये मांगा वोट



निशिकांत दुबे के पक्ष में वोट का अपील करते भोजपुरी कलाकार।

खबर मन्त्र संवाददाता

**दोनों स्टार को देखने के लिए सड़कों पर उमड़ी भीड़**

**हंसडीहा।** भोजपुरी स्टार आम्रपाली दूबे और दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ ने मंगलवार को हँसडीहा में भव्य रोड शो कर भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दूबे के लिए वोट माँगा। इस दौरान हँसडीहा की सड़कों पर दोनों भोजपुरी स्टार को देखने के लोगों की भीड़ उमर पड़ी। आम्रपाली और निरहुआ ने रोड शो के दौरान भोजपुरी संगीत से लोगों का अभिवादन किया। आम्रपाली ने कहा की वे यहाँ नरेंद्र मोदी और निशिकांत दूबे के लिए आई है, सशक्त राष्ट्र के लिए कमल फूल को पुनः दिल्ली की सत्ता पर बिठाने के लिए एक एक वोट कीमती है इसलिए किसी के बहकावे में न आए। दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ ने कहा, जब वे (इंडी गठबंधन) हारने लगते हैं तो झूठ बोलते हैं, कभी इवीएम खराब हो जाता है तो कभी हमारे कार्यकर्ता खराब हो जाते हैं। ये लोग कभी अपनी हार स्वीकार नहीं करते और इसी वजह से पूरे देश से कांग्रेस खत्म हो रही है।

# जेल का ताला टूटेगा, हेमन्त सोरेन छूटेगा : एम टी राजा

## राजमहल लोकसभा क्षेत्र के उधवा में कल्पना सोरेन ने भी सभा को संबोधित किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**राजमहल।** लोकसभा क्षेत्र के उधवा प्रखंड के इंग्लिश क्रिकेट टूर्नामेंट मैदान में जे एम एम के प्रत्याशी बिजय हांसदा के पक्ष में पूर्व मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन सभा को संबोधित किया। हजारों की संख्या में ग्रामीण और जे एम एम के कार्यकर्ता उनके भाषण को सुनने आये। कल्पना सोरेन पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के चार साल के कार्यकाल में उपलब्धि के बारे में विस्तार से बतायी। उन्होंने कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों को एक तारिख को होने वाली अंतीम लोकसभा के चुनाव में ज्यादा से ज्यादा वोट करने को कहा एवं पोलिंग एजेंट को दिशा निर्देश दिया। वही एम टी राजा ने हेमन्त सोरेन के बारे में कहा कि उन्हें झूठा आरोप में जेल भिजवाया है जल्द ही सच की जीत होगी और हेमन्त भैया जेल से बाहर आयेंगे। उन्होंने नारा दिया की जेल का ताला टुटेगा, हेमन्त सोरेन छुटेगा। एम टी राजा ने भाभी कल्पना सोरेन से अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराते हुए मांग किया कि आजादी के बाद पहली बार 2014 में उधवा प्रखंड में कटाव को रोकने के लिए पत्थर गिरा है तो वह हेमन्त भाई के 14 महीनों के कार्यकाल में गिरा है। उस समय लगभग 83 किलोमीटर लम्बी गंगा कटाव निरोधी योजना जो 350 कड़ोड़ की लागत से पूरी की गई थी,पर दुर्भाग्यवश मात्र 5-6 किलोमीटर भूलवश काम होना बाकी रह गया था जिससे वहां के ग्रामीणों को अपना घर, स्कूल, मस्जिद आदि खोना पड़ा। मैं कल्पना भाभी से आग्रह करूंगा कि बाकी का कार्य यथाशीघ्र पूरा करवाने में सहयोग करें। उन्होंने आगे कहा कि अगर बिजय हांसदा की जीत होती है तो सालो से नहीं बन रहे शेरशाहवादी का प्रमाणपत्र बनवाने का भी आश्वासन देता हूं। उन्होंने अपने भाषन को विराम देते हुए कहा कि चुनाव पर्व 2024 का अंतिम पड़ाव में राजमहल लोकसभा में एक जून को होने जा रही है सभी से आग्रह है कि मतदान केंद्र पर जाकर अपने महागठबंधन के प्रत्याशी और आपके अपने झामुमो के प्रत्याशी विजय हांसदा को वोट दे और विजय बनाकर दिल्ली भेजे। मौके पर पूर्व सांसद विजय हांसदा, जिला अध्यक्ष शाहजहां अंसारी, राजाराम मरांडी, वायु हेम्ब्रम, मारूफ गुड्डू आदि लोग उपस्थित थे।



# फुसरो में व्यवसायी पर गोली चलानेवाला अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर, लोगो में आक्रोश

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत फुसरो बाजार के मोती अलंकार ज्वेलर्स में 17 मई को हुई गोलीकांड की घटना के फरार अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर युवा व्यवसायी संघ फुसरो का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को रांची स्थित डीजीपी से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने डीजीपी को ज्ञापन सौंपते हुए गोलीकांड की घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की।संघ के संरक्षक देवीदास व अध्यक्ष वैभव चौरसिया प्रेस वार्ता कर कहा कि फुसरो बाजार में दिनदहाड़े व्यवसायी प्रतिष्ठान में अपराधियों द्वारा गोलीकांड की घटना को अंजाम देने के बाद अन्य व्यापारियों में दहशत के साथ भय का माहौल है। प्रशासन अपराधियों को पकड़ने में अब तक असफल है, जिस कारण अपराधियों का हौसला और बुलंद होता जा रहा है। अपराधी फुसरो बाजार के अन्य बड़े-बड़े व्यापारियों को भी चिन्हित कर वाट्सअप काल व मैसेज के माध्यम से रंगदारी की मांग कर रहे हैं। जिस कारण व्यवसायी एवं उनके परिवार में खौफ है। व्यापारी दुकान खोलने से भी घबराने लगे हैं। कहा कि प्रशासन कार्रवाई में तेजी लाते हुए अपराधियों को पकड़ने का काम करे, व्यापारियों का विश्वास प्रशासन पर ही टिका है। डीजीपी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए कहा कि अपराधियों को पकड़ने में पुलिस कार्रवाई में जुटी है। जल्द ही आरोपी सलाखों के पीछे होंगे। व्यापारियों को सुरक्षा प्रदान किया जाएगा। इससे पूर्व प्रतिनिधि मंडल ने 21 मई को भी बोकारो एसपी से मिलकर ज्ञापन सौंपते हुए अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की थी। 17 मई को फुसरो बाजार के मोती अलंकार आभूषण दुकान पर दिनदहाड़े दो बाइक सवार नकाबपोश अपराधियों ने गोली चलाई और हथियार लहराते हुए फरार हो गए थे। गोली आभूषण दुकान के मुख्य द्वार के शीशे पर लगी वरना बड़ी दुर्घटना घट सकती थी। इससे पूर्व अपराधियों ने दुकान संचालक अरविंद दास को वाट्सएप व काल के माध्यम से संपर्क कर रंगदारी की मांग की थी। व्यवसायी दुकान पर दो सुरक्षा गार्ड तैनात किए गोलीकांड घटना के बाद बेरमो पुलिस नागरमल हार्डवेयर दुकान में दो-दो सिक्योरिटी गार्ड उपलब्ध कराया है।

# बीएसएल के ठेकेदारों व श्रमिकों के लिये जागरूकता कार्यक्रम



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के मानव संसाधन विभाग के ठेका श्रमिक अनुभाग तथा केन्द्रीय श्रम प्रवर्तन अधिकारी दुर्गा प्रसाद बारिक द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न अधिनियमों/कानून के अनुसार सुनिश्चित किए जाने वाले अनुपालन प्रधान नियोक्ता और ठेकेदारों द्वारा दायर की जाने वाली रिपोर्ट और रिटर्न अनुबंध श्रमिकों द्वारा किसी भी शिकायत को दर्ज करने के संबंध में तथा ऑनलाइन समाधान पोर्टल इत्यादि पर अभियंता प्रभारी ठेकेदारों और अनुबंध श्रमिकों के बीच जागरूकता लाना है। सीजीएम एमआरडी व अतिरिक्त प्रभार एसएमएस-न्यू राजीव धवन ने इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने में डिप्टी सीएलसी कार्यालय और उनकी टीम के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में जीएम वीसी रेड्डी बी दत्ता वीके झा, अधिकारी, ठेकेदार और उनके प्रतिनिधि और अनुबंध कर्मचारी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### बोकारो : संविदा कर्मियों का प्री ज्वाइनिंग मेडिकल चेकअप अब बीजीएच में



बोकारो। बीएसएल के नए संविदा कर्मियों का प्री ज्वाइनिंग मेडिकल चेक अप बीजीएच में प्रतिदिन सुबह सात बजे से अपराह्न एक बजे तक किया जायेगा। पहले बैच में लगभग 45 नए संविदा कर्मियों का प्री ज्वाइनिंग मेडिकल चेक अप किया गया। नए संविदा कर्मियों को मेडिकल चेक अप के लिए अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अब पहले बीजीएच में मेडिकल चेकअप कराना होगा तथा मेडिकल प्रमाण पत्र (फिटनेस) मिलने के उपरान्त सेफ्टी ट्रेनिंग में शामिल होना होगा। नए संविदा कर्मियों के अलावा गेट पास रिन्यूअल के पहले भी अब संविदा कर्मियों का मेडिकल चेक अप बीजीएच में कराया जाएगा।

### बीएसएल टाउनशिप में क्वार्टर मैपिंग आरंभ

बोकारो। बोकारो स्टील के आवासों के मैपिंग का कार्य मेसर्स एचएससीएल द्वारा निष्पादित किया जा रहा है जिसके लिए नियुक्त एजेंसी के प्रतिनिधि बीएसएल के सभी आवासों पर मैपिंग हेतु जाएंगे। मैपिंग करने वाले प्रतिनिधि अपनी पहचान पत्र जो जांच करने वाली एजेंसी तथा नगर प्रशासन के अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित है के साथ आवासों में जा रहे हैं और वांछित जानकारी इकट्ठा कर रहे हैं। आवास मैपिंग आरम्भ करने से पूर्व इसकी सूचना अखबार के माध्यम से सार्वजनिक तौर पर बीएसएल के आवास धारकों को दे दी गई थी। प्रबंधन ने सभी से सहयोग का अनुरोध किया है। किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष संख्या 06542-280496/280418 तथा 06542-240578 पर संपर्क किया जा सकता है।

### डीवीसी चंद्रपुरा में महिलाओं ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत चलाया सफाई अभियान



बोकारो/चंद्रपुरा। डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के डी टाइप पूजा पंडाल और इसके आसपास के क्षेत्रों में महिलाओं ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सफाई अभियान चलाया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागृत किया। वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर की पत्नी भव्या ठाकुर के नेतृत्व में महिलाओं की एक टीम ने अभियान चलाया। उक्त कार्यक्रम के तहत उड़ान क्लब की महिलाओं ने यहां चित्रांकन किया। ममता शर्मा के साथ कई महिलाओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इसके अलावा वरिष्ठ महाप्रबंधक ठाकुर एवं महाप्रबंधक पवन कुमार मिश्रा ने पावर प्लांट के स्वच्छता कर्मियों के बीच टी शर्ट का वितरण कर उनके हौसला की अफजाई की। इस अवसर पर ठाकुर ने कहा कि प्रत्येक व्यक्तियों के सहयोग से ही हम स्वच्छता जागरूकता के प्रति पूर्ण सफल होने में कामयाब होंगे। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को सफल बनाना हम सभी का दायित्व है। हम न गंदगी फैलाएंगे और न ही दूसरों को गंदगी फैलाने देंगे।

### गोड्डाः बियर की 50 व 10 शराब की बोतले बरामद



गोड्डा। जिले के सिकटिया मोड़ से रमला जाने वाली सडक मार्ग से बिहार की ओर जाने वाली राह मे एक मोटर साईकिल सवार अवैध शराब की खेप लिए बिहार निकलने वाला था। मोतिया ओपी थाना प्रभारी महावीर पंडित को मिली गुप्त सूचना के आधार पर उसका पीछा किया गया। पुलिसअवर निरीक्षक उपेंद्र नाथ सिंह एवं कुछ जवानों को साथ लेकर पीछा किया, पीछा करते देख मोटर साईकिल सवार ने गाडी छोड़कर फरार होना ही मुनासिब समझा और फरार हो गया। मोटर साईकिल की तलाशी लेने पर उसमे एक बैग मे किंग फिशर बियर की 50 कैन और 10 बॉटल इपीरियल ब्लू की विदेशी शराब बरामद किया गया। मोटर साईकिल बिहार मे निबंधित है। जिसका बीआरबीओ 5623 नंबर है। बरामद शराब और मोटर साईकिल को जब्त कर मोतिया ओपी मे प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

### सेवानिवृत्त सीसीएल कर्मी के निधन से शोक



बेरमो। जारंगडीह-जारंगडीह रिवर साइड न्यू शास्त्री नगर निवासी समाजसेवी सह सेवानिवृत्त सीसीएलकर्मी एतवारी प्रसाद मंडल के निधन से परिवार व आसपास शोक का माहौल व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार स्व मंडल उम्र लगभग 70 के आसपास काफी दिनों से बीमार चल रहे थे मगर ऐसे स्थिति में भी उन्होंने समाजसेवी से खुद को जोड़े रखा। उनके बारे में कहा जाता है कि सीसीएल मे कार्य के दौरान अक्सर वे अपने सहकर्मियों के मदद करने मे विश्वास रखने के साथ साथ समाज के दबे कुचलो मजबूरो की मदद के लिए तत्पर दिखते थे। वे लोगो को आर्थिक मदद के साथ साथ हर संभव मदद करने मे विश्वास रखते। मुलतः वे गिरिडीह के जमुआ का निवासी थे मगर समाजसेवी के कार्यो से उन्हें इतना लगाव था कि सेवानिवृत्ति के बाद भी वे अपने पैतृक गांव नही लौटे और यही रह कर बाकी के जीवन यापन का फैसला लिया। उन्होंने अपने पिछे भरा पुरा परिवार छोड़ कर गये हैं जिसमे तीन पुत्र पत्नी आदि को छोड़कर गये हैं। वही उनके पार्थिव शरीर को परिजन द्वारा उन्हें उनका पैतृक गांव ले जाया गया जहां पुरे विधि विधान से उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### अखिल भारतीय साहित्य परिषद् ने किया काव्य गोष्ठी का आयोजन



बोकारो। अखिल भारतीय साहित्य परिषद् बोकारो की कवयित्री डॉ आशा पुष्प की अध्यक्षता में संपन्न मासिक काव्य गोष्ठी में कविजनों ने अपनी काव्य रचनाओं से विभिन्न विषयों को रेखांकित किया। डॉ आशा की कविता 'संकल्प' सराहनीय रही। नगर के सेक्टर 6ए में कवयित्री अमृता शर्मा के संयोजन में आयोजित इस गोष्ठी की शुरूआत परिषद् के महासचिव ब्रह्मानंद गोस्वामी ने मधुर सरस्वती वंदना से की। परिषद् के अध्यक्ष एनकेराय की कविता सुनो रे देश के घाती, दयानंद सिंह की वक्त की मांग, अमृता शर्मा की सीख लो इतिहास से गाकर श्रोताओं की वाहवाही लूटी। चर्चित कवित्री गीता कुमारी गुस्ताख ने गोष्ठी का संचालन किया। परिषद् के प्रेस सचिव गंगेश कुमार पाठक की हास्य व्यंग्य की मैथिली कविता मैथिल छी मैथिली सं वर्णित मिथिला क आब हम बिसरल छी... लव कुमार की देश भक्त कैसे बनें ज्योति वर्मा की बीते दिनों की बात तीन रंग तिरंगा कल्पना की अमर शहीदों के सम्मान में करुणा कलिका की अहो प्रणय के अग्रदूत कनक लता की राम धरा गगन को शोभित करता भारत देश हमारा है... आदि रचनाओं ने वाहवाही बटोरी। धन्यवाद ज्ञापन अमृता शर्मा ने किया।

### आनंद मार्गियों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण में नेपाल और बांग्लादेश से भी प्रशिक्षु शामिल



बोकारो। आनंद मार्ग के शिक्षा त्राण व कल्याण विभाग द्वारा आनंद मार्ग के मुख्यालय निकटवर्ती आनंद नगर में आयोजित पांच दिवसीय शिक्षण प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत गुरुकुल विवि के सचिव आचार्य शंभू शिवानंद अवधूत एवं आचार्य पुष्पेंद्रानंद अवधूत ने नव्य मानवतावादी शिक्षा पद्धति के जन्मदाता प्रभात रंजन सरकार जी की तस्वीर पर माल्यार्पण करकी गई। उन्होंने कहा कि बच्चों को संस्कारवान और नैतिक वान बनने की शिक्षा बचपन से ही दी जानी चाहिए। आनंद मार्ग की ओर से आचार्य रमेन्द्रानंद अवधूत ने बताया कि इस शिविर में भारत के अलावा नेपाल बांग्लादेश से करीब 200 शिक्षक इसमें सहभागी होंगे। प्रभात रंजन सरकार द्वारा प्रतिपादित नव्य मानवतावादी शिक्षा पर सैद्धांतिक तथा व्यवहारिक कक्षाएं होंगी। कार्यक्रम के शुभारंभ में आचार्य शंभू शिवानंद अवधूत आचार्य पुष्पेंद्रानंद अवधूत आचार्य मेघदीपानंद अवधूत आचार्य नावारूनानंद अवधूत आचार्य रविप्रकाशनंद अवधूत अवधूतिका आनंद मधुरिमा आचार्या अवधूतिका आनंद आराधना आचार्या अवधूतिका आनंद सुनीति आचार्या उपस्थित रहीं।

### झारखंड स्टेट यूथ बास्केटबॉल टूर्नामेंट में जेबीए जमशेदपुर का शानदार प्रदर्शन



**बोकारो।** बोकारो सेक्टर 4 स्थित एमजीएम हाई सेकेंडरी स्कूल में आयोजित 24वें झारखंड स्टेट युथ बास्केटबॉल टूर्नामेंट के जेबीए जमशेदपुर तथा सरायकेला के बीच खेले गए मैच को जेबीए टीम ने 35-39 से जीत लिया। जेबीए की ओर से वंश राज ने 20 तथा सरायकेला की ओर से अनीश सिंह रॉय ने दस प्वाइंट किया। वहीं दिन का दूसरा मैच धनबाद तथा जैप वन के बीच खेला गया जिसमें जैप वन ने 22-38 से जीत दर्ज की। तीसरा मैच रांची तथा डब्लूएसडीबीए के बीच हुआ जिसे रांची की टीम ने 27-38 से अपने नाम कर लिया। एचबीए तथा दुमका के बीच हुए मुकाबले में एचबीए को दुमका की टीम ने 16-53 से हरा दिया।

खबर मन्त्र
रांची. बुधवार .29 मई 2024
अभिव्यक्ति
epaper.khabarmantra.net

# अग्निकांडों में मौत

**दो** अग्निकांडों में मासूमों व बच्चों की मौत ने हर संवेदनशील व्यक्ति को झकझोरा है। तंत्र की काहिली और आपराधिक लापरवाही के चलते राजकोट के गेमजोन में हुए अग्निकांड में बच्चों समेत 27 लोगों की मौत हो गई। वहीं दूसरी ओर जिंदगी की उम्मीद को लेकर बेबी केयर होम में रखे सात बच्चे असमय काल-कवलित हो गए। हरियाणा के बहुचर्चित डबवाली अग्निकांड में भी आपराधिक लापरवाही से सौ से अधिक बच्चों के मरने का जो सिलसिला देखा गया था, वह अब भी खत्म नहीं हुआ है। विडंबना देखिए कि गुजरात के राजकोट स्थित जिस गेम जोन को चार साल से चलाया जा रहा था, उसके पास फायर विभाग की अनुमति नहीं थी। लापरवाही की इंतहा देखिये कि गर्मी के मौसम में तेज हवा के दौरान वहां बच्चों व अभिभावकों की उपस्थिति के बीच वेल्डिंग का काम किया जा रहा था। जिसे आग लगने की वजह बताया जा रहा है। परिस्थितियां इतनी भयावह थी कि मृतकों के शव पहचानने मुश्किल हो रहे हैं और शवों के डीएनए नमूने लेकर उनकी पहचान की कोशिश की जा रही है। भयावह हादसे के बाद सख्त कार्रवाई, जांच, दंड, संवेदना और मुआवजे की घोषणा की औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।बहरहाल, राजकोट में गेम जोन में हुए हादसे के बाद एक मैनेजर व अन्य व्यक्ति समेत दो लोगों की गिरफ्तारी हुई है। हर बार की तरह एसआईटी का गठन हुआ है। कोई आयोग भी बैठ सकता है। लेकिन सवाल वही है कि समय रहते फायर एनओसी क्यों नहीं लिया गया? राजकोट के सिविल अस्पताल के बाहर अपनों के शवों की तलाश में खड़े लोगों की आंखों के आंसू व आक्रोश व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं। बताते हैं कि गेम जोन से बाहर निकलने का रास्ता नहीं था। आखिर सुरक्षा से बड़ा व्यापार और मौत का खेल दुर्भाग्यपूर्ण है।

# हिरासत में मौत

**गृ**ह मंत्रालय के तहत आने वाले नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की एक रिपोर्ट के मुताबिक देश में पिछले 20 सालों में 1,888 लोगों की पुलिस हिरासत में मौत हुई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इन मामलों में पुलिसकर्मियों के खिलाफ 893 केस दर्ज किए गए और 358 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दायर की गई, जिसमें मात्र 26 पुलिस कर्मियों को ही सजा हुई है। देश के विभिन्न सूबे में हिरासत में मौत के आंकड़े ध्यान खींचते हैं। हिरासत में मौत की बात करें तो बीते तीन साल के आंकड़े बताते हैं कि कई मामलों में अव्वल कहा जाने वाला उत्तर प्रदेश हिरासत में मौत के मामले में भी अव्वल है। यूपी में बीते तीन साल में 1318 लोगों की जान गई है। यह आंकड़ा देश भर में हिरासत में हुई मौत का करीब 23 फीसदी है।देश में मानवाधिकार आयोग, इससे जुड़े संगठनों और कार्यकताओं की सतर्कता के बावजूद हिरासत में मौत के मामलों पर अंकुश न लग पाना विशेषज्ञों की चिंता का विषय है। जुलाई 2021 में लोकसभा सत्र के दौरान देश भर में हिरासत में हुई मौत पर सवालिया प्रश्न उठाए गए थे। जिसके चलते केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय को देश भर में हिरासत में हुई मौत के आंकड़े सदन के पटल पर रखने पड़े थे। आंकड़ों के अनुसार बीते तीन सालों में देश में पुलिस और न्यायिक हिरासत में 5570 लोगों की मौत हुई है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के आंकड़े हैरान करने वाले हैं। आंकड़े बताते हैं कि पिछले एक दशक में न्यायिक और पुलिस हिरासत में 17 हजार 140 लोगों की जान जा चुकी है। इस लिहाज से प्रतिदिन औसतन 5 लोगों की जान जाती है। देश के किसी थाने, चौकी या राज्य की पुलिस हिरासत में जब भी कोई बेमौत मरता है तो मानवाधिकारियों से लेकर कई संगठन कराहते दिखाई देते हैं। ऐसे मामलों में कुछ दिन कोहराम मचता है।

# जाम से जूझते शहर और इसका निदान

सड़क जाम जैसी समस्या पहले महानगरों के हिस्से ही थी। छोटे शहर व कस्बे इससे मुक्त थे। मगर अब छोटे-बड़े नगर भी इससे पस्त होने लगे हैं। मध्यम श्रेणी के शहरों में भी सड़कों पर गाड़ियां रेंगती नजर आती हैं। स्थिति यह है कि जो चौक-चौराहे कभी इन शहरों की पहचान हुआ करते थे, आज वे जाम के कुख्यात केंद्र बन गए हैं। महानगरों में एलीवेटेड रोड, फ्लाई ओवर, अंडरपास जैसे नव-निर्माण से जाम की समस्या का कुछ हद तक हल निकाला जा सकता है, निकाला जाता भी है, मगर मध्यम व छोटे शहर बडे. पैमाने पर ऐसा नहीं कर पा रहे। फिर इन नगरों में जाम का चरित्र भी अलग-अलग है। भारत में सड़क जाम की समस्या व्यापक है। 10 लाख से अधिक आबादी वाले नगर इससे सर्वाधिक पीड़ित हैं। अमूमन सड़कों की दुर्व्यवस्था व अनुशासित परिचालन के अभाव के कारण ऐसा होता है।

पहिये के पीछे फंसे हुए निराश होकर हम घोंघे की गति से आगे बढ़ते हैं। दुर्भाग्य से, यातायात सड़क पर जीवन का एक अपरिहार्य हिस्सा है और अधिकांश समय ऐसा महसूस होता है कि जिस भीड़भाड़ में हम खुद को फँसा हुआ पाते हैं, उससे बचने के लिए हम बहुत काम कर सकते हैं। बीआरटी सिस्टम लागू करने से बस सेवाएं सुव्यवस्थित हो सकती हैं, जिससे तेज और अधिक विश्वसनीय सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध हो सकता है। उदाहरण के लिए, अहमदाबाद में बीआरटी ने यातायात की भीड़ और यात्रा के समय को सफलतापूर्वक कम किया है। मजबूत लाइट रेल नेटवर्क विकसित करने से सड़क परिवहन के लिए कुशल विकल्प मिल सकते हैं। दिल्ली जैसे शहरों को दिल्ली मेट्रो से लाभ हुआ है, जिससे सड़क पर कारों की संख्या में काफी कमी आई है। बस कवरेज का विस्तार और समर्पित बस लेन बनाने से अधिक लोगों को सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। बेंगलुरु में उच्च गुणवत्ता वाली बस सेवाओं की शुरूआत ने सकारात्मक परिणाम दिखाए हैं ।

पुणे जैसे शहरों ने साइकिल-शेयरिंग कार्यक्रम लागू किए हैं, जो परिवहन के एक व्यवहार्य साधन के रूप में साइकिलिंग को बढ़ावा देते हैं तथा वाहनों की भीड़ को कम करते हैं। सुरक्षित और सुलभ पैदल यात्री मार्ग बनाने से पैदल चलने को बढ़ावा मिलता है, जिससे मोटर वाहनों पर निर्भरता कम होती है। भारत में स्मार्ट सिटीज मिशन में पैदल यात्री अवसंरचना को बढ़ाने की योजनाएं शामिल हैं। ट्रैफिक सिग्नल को प्रबंधित करने और भीड़भाड़ का पूर्वानुमान लगाने के लिए रीयल-टाइम डेटा का उपयोग करके ट्रैफिक प्रवाह को अनुकूलित किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, हैदराबाद में स्मार्ट ट्रैफिक सिग्नल सिस्ट निर्धारण। सिंगापुर और लंदन जैसे शहरों में देखा गया है कि व्यस्त समय के दौरान उच्च यातायात वाले क्षेत्रों में वाहन चलाने के लिए शुल्क लिया जाए, जिससे अनावश्यक कार उपयोग को हतोत्साहित किया जा सकता है और सार्वजनिक परिवहन में सुधार के लिए धन जुटाया जा सकता है।

विप्रो और इंफोसिस जैसी कंपनियों ने कार पूलिंग और कंपनी बस सेवाएं शुरू की हैं, जिससे सड़क पर निजी वाहनों की संख्या कम हुई है। इन पहलों से यात्रा के समय में उल्लेखनीय कमी आई है। सब्सिडी और कर लाभ के माध्यम से कार पूलिंग और राइड शेयरिंग के लिए प्रोत्साहन प्रदान करने से इनके अपनाने को और बढ़ावा मिल सकता है।

सार्वजनिक परिवहन केंद्रों के पास पार्क-ऐंड-राइड सुविधाएं स्थापित करने से शहर के भीतरी इलाकों में यातायात कम हो सकता है। बेंगलुरु जैसे शहरों में ऐसी पहलों से सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं, पार्किंग की कमी दूर हुई है और सड़क पर भीड़भाड़ कम हुई है। निजी वाहन का उपयोग करने के बजाय यदि लोग सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें, साइकिल का उपयोग करें, पैदल चलें आदि। इससे न केवल यातायात की समस्या हल होगी, बल्कि पर्यावरण संबंधी समस्या भी हल होगी और भारत के राजकोषीय घाटे को कम करने में मदद मिलेगी, विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि होगी।

अपने यहां सड़कों की मरम्मत ही तभी की जाती है, जब वे धंसती या टूटती हैं, जबकि यह काम नियमित तौर पर होना चाहिए। हालांकि, फुटपाथ का न होना या उस पर अतिक्रमण भी एक बड़ी समस्या है, जिसके कारण पैदल यात्री सड़कों पर चलने को मजबूर होते हैं। सड़क जाम हमें कई तरह से प्रभावित करता है। इससे शहरों की आबोहवा तो प्रदूषित होती ही है, अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। अवैध कॉलोनियों का बेतरतीब विस्तार हो रहा है। शहरी नियोजन के अभाव में छोटी-छोटी गलियां बन जाती हैं, जो मुख्य सड़कों को प्रभावित करती हैं। यहां सार्वजनिक परिवहन में सुधार करना होगा। अमूमन जब कभी सार्वजनिक परिवहन की बेहतरी की बात उठती है, तो हर शहर मेट्रो मांगने लगता है। मगर मेट्रो के बजाय आवासन और शहरी कार्यमंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का इस्तेमाल अधिक व्यावहारिक है, जिसमें अलग-अलग शहरों की जरूरतों के मद्देनजर अलग-अलग सार्वजनिक परिवहन को विस्तार देने की बात कही गई है। ये परिवहन-माध्यम बस, लाइट रेल ट्रांजिट (एलआरटी), मोनो रेल, मेट्रो कुछ भी हो सकते हैं।

प्रमुख भारतीय शहरों में यातायात की भीड़भाड़ से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण आवश्यक है। इसमें सार्वजनिक परिवहन को बढ़ाना, गैर-मोटर चालित परिवहन को बढ़ावा देना, स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन तकनीकों को लागू करना, कार पूलिंग और राइड शेयरिंग को प्रोत्साहित करना और पार्क-ऐंड-राइड सुविधाओं का विकास करना शामिल है।

भविष्य की शहरी योजना को सतत और एकीकृत परिवहन समाधानों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि शहर रहने योग्य और पर्यावरण के अनुकूल बने रहें। इन उपायों को लागू करने से अधिक कुशल और कम भीड़भाड़ वाली शहरी परिवहन प्रणाली का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)





- प्रियंका

> अपने यहां सड़कों की मरम्मत ही तभी की जाती है, जब वे धंसती या टूटती हैं, जबकि यह काम नियमित तौर पर होना चाहिए। हालांकि, फुटपाथ का न होना या उस पर अतिक्रमण भी एक बड़ी समस्या है, जिसके कारण पैदल यात्री सड़कों पर चलने को मजबूर होते हैं। सड़क जाम हमें कई तरह से प्रभावित करता है। इससे शहरों की आबोहवा तो प्रदूषित होती ही है, अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है।

## खास बात

### योग का लक्ष्य

**स्वामी मुक्तरथ**



योग का लक्ष्य अधिक दूरगामी है।''योग ब्रह्माण्ड से स्वयं का सामंजस्य स्थापित करने के बारे में है। यह सर्वोच्च स्तर की अनुभूति एवं सामंजस्य प्राप्त करने के लिए ब्रह्माण्ड से स्वयं की ज्यामिती को संरेखित करने की कला है।

योग किसी खास धर्म, आस्था पद्धति या समुदाय के मुताबिक नहीं चलता है; इसे सदैव अंतरतम की सेहत के लिए कला के रूप में देखा गया है। जो कोई भी तल?लीनता के साथ योग करता है वह इसके लाभ प्राप्त कर सकता है, उसका धर्म, जाति या संस्कृति जो भी हो। योग की परंपरागत शैलियां : योग के ये भिन्न - भिन्न दर्शन, परंपराएं, वंशावली तथा गुरू - शिष्य परंपराएं योग की ये भिन्न - भिन्न परंपरागत शैलियों के उद्भव का मार्ग प्रशस्त करती हैं, उदाहरण के लिए ज्ञान योग, भक्ति योग, कर्म योग, ध्यान योग, पतंजलि योग, कुंडलिनी योग, हठ योग, मंत्र योग, लय योग, राज योग, जैन योग, बुद्ध योग आदि। हर शैली के अपने स्वयं के सिद्धांत एवं पद्धतियां हैं जो योग के परम लक्ष्य एवं उद्देश्यों की ओर ले जाती हैं।

स्वास्थ्य एवं तंदरूस्ती के लिए योग की पद्धतियां : वड़े पैमाने पर की जाने वाली योग साधनाएं इस प्रकार हैं : यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि / साम्यामा, बंध एवं मुद्राएं, षटकर्म, युक्त आहार, युक्त कर्म, मंत्र जप आदि। यम अंकुश हैं तथा नियम आचार हैं। इनको योग साधना के लिए पहली आवश्यकता के रूप में माना जाता है। आसन, शरीर एवं मन की स्थिरता लाने में सक्षम 'कुर्यात तद आसनं स्थैर्यम...' के तहत काफी लंबी अवधि तक शरीर (मानसिक - शारीरिक) के विभिन्न पैटर्न को अपनाना, शरीर की मुद्रा बनाए रखने की सामर्थ्य प्रदान करना (अपने संरचनात्मक अस्तित्व की स्थिर चेतना) शामिल है।

प्राणायाम की विभिन्न मुद्राएंप्राणायाम के तहत अपने श्वसन की जागरूकता पैदा करना और अपने अस्तित्व के प्रकार्यात्मक या महत्वपूर्ण आधार के रूप में श्वसन को अपनी इच्छा से विनियमित करना शामिल है।

(सत्यानंद योग मिशन रांची)

# व्यवहार और नीति

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**चित्रकूट** में राजा जनक ने नीति बताते हुए कहा कि यहां जंगल में पहले से श्रीराम रह रहें हैं, भरत जी बाद में जंगल में आये हैं। इसलिए राम का यह फर्ज बनता है कि वे भरतजी से जाकर पूछें कि मैं आपके लिये क्या कर सकता हूं। वसिष्ठजी यह सुनकर अतिप्रसन्न हुए और कहा कि रास्ता मिला।

इस तरह जनक जी और वसिष्ठ जी दोनों कुछ दूरी पर स्थित श्री रामके झोपड़ी तक गये। श्री राम ने जैसे देखा कि दो महानुभाव मेरे पास आ रहे हैं तो वे उठ खडें हो गये।तब वसिष्ठ जी ने कहा राम आपका दायित्व है कि आप भरत जी से पूछे कि आने का कारण क्या है और मैं आपके लिये क्या कर सकता हूं। श्रीराम ने कहा प्रभु मैं ऐसा ही करूंगा। थोड़े देर के उपरांत श्रीराम वसिष्ठ और जनकजी के साथ भरतजी की झोपड़ी तक पहुंचे। भरत जी ने देखा किस सभी बड़ें महानुभाव मेरे झोपड़ी की ओर आ रहें हैं तब वे उठकर हाथ जोड़कर खडें हो गये। आते ही राम जी ने कहा भईया भरत मैं क्या करूं? आगे क्या होना चाहिए? बोलिए आपके अंदर जो बात है उसे रखिये। इतना सुनते ही भरत करूणा विह्वल हो गये। उन्होंने कहा कि मैं क्या करूं? ये दुर्भाग्य मेरा पीछा नहीं छोड़ रहा है। अयोध्या मे जो कुछ हुआ वह मेरे कारण हुआ। यहां जब मेरे गुरु महाराज जी हैं जब पिता तुल्य ज्ञानी राजा जनक जी यहां हैं और मेरे स्वामी आप यहां है। आप तीनों के रहते मुझसे कारण पूछा जा रहा है कि आगे क्या होना चाहिए?

(ब्रह्म विद्यायल सह आश्रम)

**चार** जून के बाद सबसे ज्यादा नुकसान गोदी मीडिया और उनके एंकर्स और एडिटर्स का होने वाला है। ईमान तो पहले ही खो चुके हैं। अब सत्ता और पैसे भी जाएंगे। न घर के रहेंगे ना घाट के।

**– प्रशांत भूषण, प्रसिद्ध वकील**

## आपके ट्वीट

**दुमका** लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत जामा विधानसभा क्षेत्र के पंचायत शिलांदा में जनता जनार्दन से संवाद कर भाजपा प्रत्याशी श्रीमती सीता सोरेन जी के पक्ष में मतदान का आग्रह किया।

**– अन्नपूर्णा देवी, सांसद**





काशी का कोना-कोना 'अबकी बार-400 पार' के उद्घोष से गूंज रहा है। वाराणसी में आयोजित 'अधिवक्ता संवाद कार्यक्रम' में सम्मिलित हुआ।

सम्मानित अधिवक्ता बंधुओं का हार्दिक आभार!

**-योगी आदित्यनाथ**

## कार्टून वर्ल्ड



बेहाल होती पृथ्वी का हाल

साभारः कॉर्टूनमूवमेंट डॉट कॉम

### नदियों को जोड़ें

**अटल** बिहारी वाजपेयी के समय शुरू की गई नदी जोड़ो परियोजना उपयोगी है। देश की सभी नदियों को जोड़ने के साथ-साथ ही इनकी साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देना होगा साथ ही उन इलाकों की मानसून पर निर्भरता भी खत्म होगी, जहां सूखा पड़ता है। किसानों को खेती के लिए समुचित सिंचाई का लाभ भी मिलेगा। गंगा उत्सव इसीका एक हिस्सा है।

**– रितु लकड़ा, रांची**

### चिंताजनक स्थिति

**कोरोना** महामारी ने जनजीवन को बहुत प्रभावित किया है, वहीं दूसरी ओर डॉक्टर एवं वैज्ञानिक इस महामारी से निजात दिलाने के लिए दिन-रात वैक्सीन लगाने में लगे हुए है। इस महामारी से देश की जनता मानसिक तनाव में है। पहले की तुलना में आकड़ें कम अवश्य हुआ है हमें सावधान रहने की जरूरत है। अब इसके साईड इफैक्ट की बात भीचिंता में डालने वाली है।

**–अवंतिका राज, लोहरदगा**

# नाम बदलने वाले विचार और उन विचारों से पैदा द्वंद

## व्यंग्य

**सुशील कुमार 'नवीन'**

**मॉर्निंग** वॉक में मेरे साथ अजीब किस्से घटते ही रहते हैं। कोशिश करता हूं कि बचा रहूं पर हालात ही ऐसे बन जाते हैं कि बोले और कहे बिना रहा ही नहीं जाता। सुबह-सुबह हमारे एक दुखियारे पड़ोसी श्रीचन्द जी मिल गए। दुखियारे इसलिए कि ये 'तारक महता का उल्टा चश्मा' के पत्रकार पोपट लाल की तरह है। लाख जतन कर लिए पर विवाह का संजोग नहीं बन रहा। मुझसे बोले-आप हमारे बड़े भाई हैं। एक सलाह लेनी है। मैंने कहा-जरूर, मुझसे आपका कोई काम बने तो यह मेरा सौभाग्य होगा। एक बाबा के विज्ञापन की कटिंग दिखाकर बोले-कल इस बाबा जी के पास गया था। मैंने उनसे सारी कहानी विस्तारपूर्वक सुनाने को कहा तो उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजे मैं विज्ञापन में दिए गए पते पर पहुंचा। बाबा जी एक रंगीन लाइटों से जगमगाते कक्ष में सुंदर आसन पर भस्म रमाये बैठे थे। चारों ओर धूप और दीप की सुगंध बरबस उन्हीं की ओर खींच रही थी।

कमरे में मेरे प्रवेश करते ही बाबा ने अपने दिव्य चक्षु खोले। मेरी तरफ देखा और हंसकर बोले-श्रीचन्द, सब गड़बड़ी तुम्हारे नाम में है। नाम बदलना पड़ेगा। मैंने भी उत्सुकतावश इस बारे में और जानना चाहा तो बोले-बड़े भोले बनते हो। नाम श्री(लक्ष्मी) चन्द(चन्द्र, सरताज,स्वामी) रखकर 'श्री' का वरण करना चाहते हो। नहीं हो सकता। अनन्ता,अवयुक्ता,अनिरुद्धा,अदित्या, दयानिधि,दानवेन्द्र,देवेश, देवकीनन्दन तुम्हें कभी भी ऐसा नहीं करने देंगे। नाराज है वो तुमसे। मूर्ख बालक। अपने घर की 'श्री' तुम्हें कौन देगा।

बाबा लगातार बोलते जा रहे थे और मैं सुनता जा रहा था। उनके रुकने पर उपाय पूछा तो वो बोले-कृपा चाहते हो तो अपने नाम के आगे से 'श्री' हटा दो। मैंने कहा-नाम से 'श्री' हटाने से तो मजाक बन जायेगा। 'श्री' के बिना तो चन्द की कोई वैल्यू ही नहीं रहेगी। बाबा गुस्सा होकर बोले- तुम तो निरे अज्ञानी हो।'श्री' हटाने से भी तुम्हारे नाम में कोई कमी नहीं आएगी। रूपवान हो तो चन्द के साथ 'रूप' जोड़ रूपचन्द हो जाओ। परमात्मा की मेहर चाहिए तो 'मेहर' जोड़ मेहरचन्द हो जाओ। धार्मिकता रग रग में भरी हो तो 'धर्म' जोड़ धर्मचन्द हो जाओ। दयावान हो तो 'दया के चन्द' दयाचन्द हो जाओ। पूर्णता प्राप्त करनी हो तो पूर्णचन्द बन जाओ। अमरता प्राप्त करनी हो तो अमरचन्द हो जाओ। रोमान्टिक हो तो प्रेमचन्द बन जाओ। सोमप्रिय हो तो सोमचन्द हो जाओ। ज्ञानवान हो तो ज्ञानचन्द बन जाओ। बाबाजी का प्रवचन रुकने का ही नाम नहीं ले रहा था। नाम बदलने से तुम्हारा भाग्य बदलेगा या नहीं यह मैं नहीं कह सकता। पर नाम क्या, नाम में एक भी वर्ड की बढ़ोतरी और घटोत्तरी सब कुछ बदल सकती है। राम रमा तो मोहन मोहिनी, श्याम श्यामा का रूप धर लेता है तो कृष्ण कृष्णा बन जाता है। ज्ञान अज्ञान बन जाता है तो धर्म अधर्म में बदल जाता है। सत्य असत्य तो नाम अनाम बन जाता है। श्री चन्द बोले- आप भी लग गए बाबा जी जैसे ज्ञान बांटने। सीधे-सीधे समझाओ तो कोई बात बने।

मैंने कहा- मेरे भाई। सब आजमा लिया। ये भी आजमा लो। मन तो सन्तुष्ट होगा ही। कुछ मिलेगा तो ठीक अन्यथा जैसे हो वैसे तो रहोगे ही। वो बोले- मतलब। मैंने कहा- नाम के साथ विचारों में भी बदलाव जरूरी है। दुष्ट प्रवृति और नाम सुशील, ख्याल पुराने नाम नवीन, काम राक्षसों के और नाम प्रभुदयाल रखने से थोड़े भलाई पाओगे। मुखौटा छलावे के लिए ही होता है। मुखौटा पहनने का शौक है तो ये भी आजमाकर देख लो। पोपट के साथ चाहे लाल लगाओ चाहे चन्द। रहेगा तो वो पोपट ही। बॉम्ब को बम कहने से वो विनाश कम थोड़े ही न करेगा।

# 2050 में वैश्विक जनसंख्या के लिये भोजन का संकट !

## समस्या

**डॉ. वीर सिंह**

**खाद्य** सुरक्षा की प्राकृतिक, स्थायी और गहरी जड़ें धरती के पारिस्थितिकी तंत्रों में हैं और विश्व की सारी मानव सभ्यता को उसकी छतरी के नीचे लाने के लिए पारिस्थितिक, आर्थिक और राजनीतिक उपाय हैं। अनाज फसलों और उनमें से भी केवल तीन फसलों गेहूं, चावल और मक्का के वर्चस्व वाली खेती टिकाऊ नहीं है। यह प्रदूषण, रोग और जलवायु परिवर्तन पैदा करने वाली खेती है। यह जैव विविधता का हरण करने वाली खेती है। इस पर टिकी खाद्य सुरक्षा अस्थायी है और पर्यावरण विनाश की और ले जाती है। इसके विपरीत वृक्षों से जितने प्रकार के खाद्य पदार्थ मिलते हैं, उतने अनाज फसलों से नहीं।

प्राचीन काल से हम हजारों प्रकार के पौधों से अपना भोजन चुनते थे और पर्यावरण संतुलन जैसे मुद्दे कभी नहीं उठते थे। यह सही है कि हम पुनः अरण्य से प्राप्त खाद्य पदार्थों वाली व्यवस्था रातों-रात तैयार नहीं कर सकते। अभी वर्तमान कृषि प्रणाली की ही आवश्यकता होगी, मगर हम धीरे धीरे पर्यावरण संरक्षण-केंद्रित वृक्ष खेती की और बढ़ सकते हैं और इसका श्रीगणेश कृषि वानिकी प्रणाली विकसित कर किया जा सकता है। कृषि वानिकी (एग्रोफोरेस्ट्री) पहले से ही अस्तित्व में है, लेकिन उसे विश्वव्यापी विस्तार देने की आवश्यकता है। इसमें समय लगना स्वाभाविक है।

संयुक्त राष्ट्र संघ के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफ ए ओ) के अनुसार 2050 तक विश्व की जनसंख्या 9.7 बिलियन हो जाएगी जिसे खिलाने के लिए 70 प्रतिशत अतिरिक्त भोजन की आवश्यकता होगी। उस समय गेहूं, चावल और मक्का के वर्चस्व वाली खेती विश्व भर की भोजन आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके, संभव-सा नहीं लगता। इस शताब्दी के अंत तक धरती पर 12.2 बिलियन लोगों का वास होगा। तब भी सुदृढ़ कृषि वानिकी सबकी आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सक्षम होगी। कृषि वानिकी से मिट्टी, जल और जैव विविधता का संरक्षण होगा और साथ में वे सभी भोज्य पदार्थ मिलते रहेंगे जो चलताऊ कृषि तंत्र से भी मिलते हैं, और नाना प्रकार के भोज्य पदार्थ देने वाले वृक्षों का चयन किया जाए तो आज के दैनंदिन भोजन से कहीं अधिक प्रचुर मात्रा में और कहीं बहुत पौष्टिक और स्वास्थ्यवर्धक भोजन मिलेगा और समाज की खाद्य सुरक्षा का स्तर बढ़ेगा।

भूतल पर रहने वाले सभी जंतुओं और अधिकांश जलचरों का भोजन जिस प्रक्रिया से बनता है उसे प्रकाश संश्लेषण कहते हैं। मनुष्य और अन्य जंतुओं की खाद्य सुरक्षा का आधार प्रकाश संश्लेषण ही है। हरितपर्ण वाले पौधे अपना भोजन सीधे-सीधे प्रकाश संश्लेषण के बल पर लेते हैं, और हम सब उस भोजन पर निर्भर हैं और हमारी खाद्य सुरक्षा भी उस भोजन पर निर्भर है जो पौधे अपने लिए बनाते हैं। इस प्रकार जितनी विराटता प्रकाश संश्लेषण की होगी, उतना ही ऊंचा स्तर हमारी खाद्य सुरक्षा का होगा। दउथली जड़ों वाली और मिट्टी-जल-जैव विविधता का क्षरण करने वाली आधुनिक कृषि भी प्रकश संश्लेषण के माध्यम से ही खाद्योत्पादन करती है। लेकिन कृषि फसलों की प्रकाश संश्लेषण की क्षमताएं प्राकृतिक वनों की अपेक्षा काफी कम है और फसल पकने से समाप्त हुए पर्णहरित के कारण और फसल कटाई के बाद प्रकाश संश्लेषण शून्य हो जाता है।

कृषि वानिकी से प्रकाश संश्लेषण की क्षमताओं में तीव्र वृद्धि होगी, और फलस्वरूप खद्योत्पादन में भी अभिवृद्धि होगी। प्रकाश संश्लेषण और जलवायु नियामन का भी सीधा सम्बन्ध है। प्रकाश संश्लेषण से वायुमंडल की कार्बन डाइऑक्साइड पौधों के द्रव्यमान और वहां से मिट्टी में समाहित हो जाती है, जिससे वातावरण में प्रमुख ग्रीनहाउस गैस सीमित मात्रा में रहती है और जलवायु चक्र अपने संतुलन में रहता है। वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन के लिए कृषि का योगदान एक-तिहाई के आस-पास है। कृषि-वानिकी पद्वतियों के विकास से हम उस खाद्योत्पादन प्रणाली को सुदृढ़ कर सकते है जिसे क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर कहते हैं।हमारा भोजन कैसा है, उसके उत्पादन का हमारी पारिस्थितिकी पर कैसा प्रभाव पड़ता है, इसका सम्बन्ध हमारे भविष्य से है। प्रफुल्लताओं से सराबोर भविष्य आज के पारिस्थितिक आधार के स्वास्थ्य पर निर्भर है। पारिस्थितिक तंत्रों की प्रकाश संश्लेषण क्षमताएं अधिकतम कर हम खाद्य सुरक्षा ही नहीं, खाद्य प्रभुसत्ता के मोर्चे पर

## स्पीड न्यूज

### आठ जून को ग्रामसभा को लेकर बैठक



**रजरप्पा।** दुलमी प्रखंड के पंचायत कुल्ही चौक में भारतमाला सड़क परियोजना निर्माण में किसानों के अधिकृत जमीन के भूदाताओ एवं ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में सड़क निर्माण परियोजना में ग्रामीणों ने मांग की कि स्थलों में अंडरपास सड़क एवं भारतमाला सड़क परियोजना में सड़क निर्माण कार्यरत कंपनी के कर्मचारियों द्वारा की जा रही मनमानी दुर्व्यवहार जैसी कई जन समस्याओं को लेकर 8 जून ग्रामीणों ने बुलाई ग्रामसभा। बैठक में हेमंत कुमार, महेंद्र कुमार, सुखिराम महतो, देवा महतो, फुलेंद्र महतो, अजित नायक, सुरेंद्र शर्मा, धर्मवीर महतो, कुंवर महतो, बालेश्वर महतो, बिशुन महतो, शत्रुघ्न महतो, सिकंदर महतो समेत कई लोग मोजूद थे।

### नाली निर्माण में बाधा डालने का आरोप



**गोला(रामगढ़)।** गोला के हेरमदगा स्थित श्रीराम कॉलोनी में राउप. संख्या-23 टीवीएस शोरूम से लेकर श्रीराम कॉलोनी तक पीसीसी पथ के दौरान नाली निर्माण कार्य में बाधा डालने का आरोप ग्रामीणों ने देव कुमार एवं प्रमोद कुमार पर लगाया है। ग्रामीणों के अनुसार नाली निर्माण के बीच में देव कुमार द्वारा सीमेंट डालकर बंद कर दिया जा रहा है। इस संबंध में काम पूरा करने देने की मांग पर देव कुमार द्वारा मारपीट करने और जान से मारने की धमकी दी जा रही है इसका जिक्र ग्रामीणों ने किया। श्रीराम कॉलोनी में अपने घर के पास तीनों रोड में अतिक्रमण किए हुए हैं इस संदर्भ में ग्रामीणों ने उपायुक्त को आवेदन दिया हैं कि इस जमीन को लेकर पूर्व में भी विवाद हो चुका है। श्रीराम कॉलोनी के ग्रामीण गौतम कुमार, रमेश प्रसाद, दिलीप कुमार सिंह, सत्येंद्र कुमार, मनोज पोद्दार, मंजू देवी, निशांत कुमार, अभिमन्यु अग्रवाल, चिरंजीवी पाठक, संजय साहू, नागेश्वर महतो, मनोरंजन कुमार, महेश मेहता, जगदीश शाह, आनंद कुमार, कमल किशोर प्रसाद, अर्जुन कुमार, भीम नायक, उमेश कुमार एवं नवीन कुमार ने जाँच कर कार्रवाई की माँग की है।

### 11 वाहनों से वसूले 3,36, 854 रुपए



**रामगढ़।** सुरक्षा व्यवस्था व अवैध परिवहन के विरुद्ध उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार सोमवार की रात्री को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के नेतृत्व में जिलें के विभिन्न चौक चौराहों यथा पटेल चौक, नईसराय, कुजू, एनएच 33 मांडू सहित अन्य स्थलों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा माल वाहक वाहनों व अन्य वाहनों का आरसी बुक, फिटनेस, प्रदूषण एवं ड्राइविंग लाइसेंस, ओवरलोडिंग आदि के साथ साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की आदि की जांच की गई। जांच के दौरान 11 वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए एवं नियमानुसार उन सभी वाहनों के विरुद्ध कुल 3 लाख 36 हजार 854 रुपए का चालान किया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी ने सभी चालकों से वाहन के पीछे रिफ्लेक्टिंग टैप का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने ताकि आए दिन हो रही दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जा सके। जांच के दौरान सड़क सुरक्षा प्रबंधक विक्की आनंद, पुलिस बल के जवानों सहित अन्य उपस्थित थे।

### बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंडी बेरोजगार संघर्ष मोर्चा कोयलांचल क्षेत्र की बैठक मंगलवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में हुई। इसकी अध्यक्षता मोर्चा के अध्यक्ष किशन नायक और संचालन आजाद भुईयां ने किया। बैठक में मोर्चा की मजबुती, भुरकुंडा लोकल सेल में बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने सहित अन्य मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी मोहल्ला में जाकर दंगल का गठन किया जाएगा। साथ ही एक दिवसीय आमसभा का आयोजन कर भुरकुंडा लोकल सेल के बावत विचार-विमर्श किया जायेगा। कहा गया कि बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ना हमारी मोर्चा प्राथमिकता होगी। बैठक में संजीत राम, राजेंद्र करमाली, नौशाद हुसैन, प्रेम पासवान, लखन पासवान, अनिल भुंइया, संजय करमाली, विक्रम पुरणेन्दु, विश्वकर्मा कुमार, जितेंद्र वर्मा, सतीश मिश्रा, लाली करमाली व अन्य मौजूद थे।

### शेट्टी ने किया डीएवी का निरीक्षण



**रजरप्पा।** सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल में मंगलवार को डीएवी कॉलेज प्रबंधन समिति के हॉनरेरी ट्रेजरर आरके शेट्टी ने किया निरीक्षण। प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. एसके शर्मा तथा झारखंड प्रक्षेत्रझडी के अलग-अलग विद्यालयों से आए प्राचार्यों ने उन्हें स्वागत किया। शेट्टी ने चयनित शिक्षकों को डीएवी संस्था से जुड़ने, मेहनत तथा लगन से पठन-पाठन कार्य करने के लिए प्रेरित किया। शेट्टी ने सभी के उज्वल भविष्य की मंगल कामना की।

# टीपीसी उग्रवादी मलिंगा गिरफ्तार

## दो देसी पिस्तौल, चार जिंदा कारतूस, बाइक और मोबाइल बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- **सयाल डी कोलियरी में पे-लोडर में लगायी थी आग**
- **पिपरवार व पतरातू में भी घटना को दे चुका है अंजाम**



**रामगढ़।** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र में सायल डी कोलियरी मैं आतंक मचाने वाला टीपीसी उग्रवादी संगठन का सक्रिय सदस्य समरित गंझू उर्फ मलिंगा उर्फ महु गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पास से दो देसी पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ है।

मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान रामगढ़ एसपी डॉ बिमल कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कुख्यात नक्सली अपने ससुराल में छुपा हुआ था। एसपी ने बताया कि 27 मई को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सायल नाला पर टीपीसी उग्रवादी संगठन का सक्रिय सदस्य अपने ससुराल में छुपा हुआ है। इस सूचना के आधार पर तत्काल पतरातू इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया।

**एरिया कमांडर दिवाकर के निर्देश पर फैलाई गई थी दहशत :** पुलिस की टीम ने छापेमारी कर टीपीसी के उस कुख्यात सदस्य मलिंगा को गिरफ्तार किया गया। मलिंगा मूल रूप से हजारीबाग जिले की बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत कोयलंग गांव का रहने वाला है। जब उसकी तलाशी दी गई तो उसके पास से दो लोडेड पिस्तौल भी बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान मलिंगा ने बताया कि टीपीसी के एरिया कमांडर दिवाकर गंझू के आदेश पर 20 मई 2024 को 10 नंबर सयाल डी कोलियरी के डंप के पास एक पे-लोडर में आग लगाई थी। उसने पुलिस को यह भी बताया कि दिवाकर गंझू के आदेश पर उसका भतीजा बोटल और विशाल जी और दो अज्ञात उग्रवादी उसके पास गए थे। बोटल और विशाल जी के माध्यम से दिए गए दो अवैध पिस्तौल और कारतूस को लेकर चारों उग्रवादियों ने एकसाथ मिलकर वे सायल डी कोलियरी पहुंचे और वहां पे लीडर पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। उन लोगों का मकसद उस इलाके में दहशत फैलाने का था और इस वजह से उन लोगों ने वहां फायरिंग भी की। एसपी ने बताया कि सायल डी कोलियरी में आतंक मचाने के बाद उसने हथियार को अपने पास ही छुपा कर रखा था। पुलिस ने उस कुख्यात नकली के पास से एक बुलेट मोटरसाइकिल जेएच 24 एल 2264 और एक मोबाइल भी जब्त किया है। पूछताछ के दौरान यह पता चला कि समरित गंझू ने वर्ष 2022 में पिपरवार थाना क्षेत्र में भी एक वारदात को अंजाम दिया था और वहां उसने गोली चलाई थी। उस मामले में भी उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुआ था।

छापेमारी में पुलिस निरीक्षक पतरातू अंचल योगेन्द्र सिंह, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता, पुअनि भुरकुंडा ओपी अविनाश कुमार सदलबल शामिल थे।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुम्हरदगा में गबन करने वाला प्रभारी प्राचार्य बर्खास्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**प्रमोद कुमार ने 10 लाख रुपए से अधिकफर्जी हस्ताक्षर किया था**

**रामगढ़।** गोला प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुम्हरदगा में राशि का गबन करने वाला प्रभारी प्राचार्य प्रमोद कुमार को बर्खास्त कर दिया गया है। उसने 10 लाख रुपए से अधिक की राशि का गबन फर्जी हस्ताक्षर कर किया था। इस मामले की जानकारी डीसी चंदन कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कुम्हरदगा के विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार द्वारा विद्यालय प्रबंधन समिति एवं सरस्वती वाहिनी संचालन समिति, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुम्हरदगा गोला के खाते से फर्जी हस्ताक्षर कर राशि निकासी करने संबंधित मामले में की शिकायत की गई थी। तत्काल संज्ञान लेते हुए मामले में जांच का आदेश दिया। जांच में साक्ष्य सही पाने के उपरांत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुम्हरदगा के प्रभारी प्रधान अध्यापक प्रमोद कुमार पर प्रपत्र क गठित किया गया। प्रपत्र क की कार्यवाही पूरी होने के उपरांत प्रमोद कुमार को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। वहीं जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार को तत्कालीन प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार के विरुद्ध सर्टिफिकेट केस सहित किए जाने वाले अन्य कार्रवाइयों को करने हेतु निर्देशित किया गया है। गौरतलब हो कि प्रमोद कुमार द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुम्हरदगा के मध्याहन भोजन की राशि तथा विद्यालय प्रबंधन समिति को प्राप्त राशि का मनमाने ढंग से अपने रिस्तेदारों के बीच आठ लाख पैतीस हजार नौ सौ रुपये तथा जगन्नाथ कुमार (दुकानदार) को दो लाख छप्पन हजार दो सौ दस रुपये हस्तांतरित किया गया। जिसमें से 1,83,604.00 (एक लाख तिरासी हजार छः सौ चार रू.) जगन्नाथ कुमार (दुकानदार) के द्वारा प्रमोद कुमार की पत्नी लक्ष्मी देवी के खाता में पुनः यूपीआई के माध्यम से वापस किया गया। इस प्रकार प्रमोद कुमार द्वारा कुल 10,19,504.00 (दस लाख उन्नीस हजार पांच सौ चार रुपये) की राशि का गबन किया गया। 'प्रपत्र क' में गठित सभी आरोप प्रमाणित पाये गये। प्रमोद कुमार को अध्यक्ष एवं संयोजिका के फर्जी हस्ताक्षर से राशि की निकासी कर अपनी पत्नी एवं रिस्तेदारों के खातों में हस्तानांतरित करने एवं सरकारी राशि के दुरपयोग करने के अरोप में झारखंड सरकारी सेवक (वगीर्कृत, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2016 में उल्लेखित प्रावधानों के अन्तर्गत प्रमोद कुमार शिक्षक वर्तमान प्रतिनियोजित उत्क्रमित मध्य विद्यालय काचाडाड़ी, माण्डू को जिला शिक्षा स्थापना समिति द्वारा सर्वसम्मति से सेवा से बर्खास्त करने का निर्णय लिया गया। समिति द्वारा जिला शिक्षा अधीक्षक को निदेशित किया गया कि वे प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, माण्डू को प्रमोद कुमार द्वारा गबन की गई राशि की वसूली के लिए सर्टिफिकेट केस करने हेतु निदेशित करेंगे।

### लोकल सेल में मोर्चा की भागीदारी हो : डॉ. आशीष

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा लोकल सेल चालू करने की मांग को लेकर मंगलवार को हाथीदाड़ी खदान के समीप ऑल इंडिया झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा की बैठक हुई। मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार ने कहा कि पेलोडर लोडिंग को हमारी मोर्चा स्वीकार नहीं करेगी। ट्रकों में लोडिंग का कार्य मजदूरों के द्वारा हैंड लोडिंग के माध्यम से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संचालन समिति में जो मजदूर ट्रक लोडिंग करेगा वही संचालन समिति का सदस्य, सचिव एवं अध्यक्ष होगा। उन्होंने मजदूरों को पूरा का पूरा ट्रक हैंड लोडिंग के लिए देने की बात कही। कहा कि इसमें मुंसियाना की जरूरत नहीं होगी। मजदूरों को ट्रक लोडिंग के लिए बैंक के माध्यम से पैसा का भुगतान कराया जाए।

श्री कुमार ने कहा कि भुरकुंडा लोकल सेल में ऑल इंडिया झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। हमारी मोर्च ना शहरी एवं ना देहाती के साथ है।

# सेवा सहयोग समिति ने छात्रों को किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दारु।** सेवा सहयोग समिति, हजारीबाग के तत्वावधान में सरस्वत्ती उच्च विद्यालय दारू और महेशरा उच्च विद्यालय दारू के 10वीं के 5 - 5 छात्रों को मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, अभिभावकों को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन कृष्णा सिंह भोक्ता ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत सेवा सहयोग समिति के संयोजक डॉ. अरविंद सहाय, उपाध्यक्ष विजय सिंह भोक्ता, सचिव अनिश, सरस्वत्ती उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामेश्वर प्रसाद और रंजीत सिन्हा ने संयुक्त रूप से कियाद्ध समिति के संयोजक डॉ. अरविंद सहाय ने कहा कि यह सम्मान केवल बच्चों की प्रतिभा का सम्मान नहीं है, बल्कि उनकी हर रूप में मदद करना भी समिति का उद्देश्य है। उन्होंने घोषणा की कि समिति 31 मई को आनंदा कॉलेज, हजारीबाग में एक सब्जेक्टिव और ऑब्जेक्टिव परीक्षा आयोजित करेगी, जिसमें लगभग 200 छात्र छात्राएं समिल्लित होंगे । उनमे से शीर्ष 3 छात्रों की पढ़ाई का सम्पूर्ण खर्च समिति के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा के द्वारा उठाया जाएगा। समिति के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा का मानना है कि केवल बच्चों को सम्मानित करना ही हमारा उद्देश्य नहीं है, बल्कि उनकी मदद करना और उन्हें प्रोत्साहित करना भी हमारा लक्ष्य है। कार्यक्रम में छात्रों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके बच्चों की सफलता में उनके योगदान को मान्यता देने के लिए दिया गया। अरविंद सहाय के साथ साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून राशिद, विजय सिंह भोक्ता, मिथलेश सिंह ने भी बच्चों को आगे की सफलता के लिए मोटिवेट किया। इस मौके पर समिति के संयोजक डॉक्टर अरविंद सहाय, सचिव अनीश, उपाध्यक्ष विजय सिंह भोक्ता, वरिष्ठ पत्रकार मिथलेश सिंह,बीडीओ हारून राशिद रंजीत सिन्हा, प्रधानाध्यापक रामेश्वर प्रसाद, कृष्णा सिंह भोक्ता के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### सीआइएल छात्रवृति के लिए 30 सितंबर तक आवेदन भरे जायेंगे

**सीसीएल के अधिकारी और कर्मचारियों के बेटे-बेटियों को मिलेगा स्कॉलरशिप**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोल इंडिया के सीआइएल छात्रवृति योजना के तहत सीसीएल के अधिकारी और कर्मचारियों के पुत्र और पुत्रियों को सत्र 2024-25 के छात्रवृति की स्वीकृति के लिए आवेदन विहित प्रपत्र में आमंत्रित किए जा रहे हैं। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र सत्यापित अंक पत्र के साथ नियंत्रण अधिकारी से अभिप्रमाणित होना होना जरूरी है। आवेदन कल्याण विभाग, मुख्यालय में 30 सितम्बर तक प्राप्त हो जाना चाहिए। उक्त सूचित तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों और पूर्ण रूप से नहीं भरे फॉर्म पर छात्रवृति की स्वीकृति पर विचार नहीं किया जायेगा। जो छात्र छात्राएं छात्रवृति के लिये आवेदन करेंगे, उनके नाम से बैंक में अपना खाता होना चाहिए और बैंक पासबुक की स्व प्रमाणित प्रतिलिपि आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य है। साथ ही जरूरत पड़ने पर पत्राचार के लिये फार्म में मोबाइल नंबर एवं ईमेल पता अवश्य लिखें। स्नातक, इंजीनियरिंग, मेडिकल के छात्रों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार इंटर, एचएससी, 10$2 का मार्क सीट आवेदन के साथ अवश्य संलग्न करें। आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर है। छात्रवृति प्रपत्र सीसीएल के वेबसाइड पर उपलब्ध है। सीसीएल कल्याण विभाग ने सभी क्षेत्रीय महाप्रबंधक, स्टाफ ऑफिसर कार्मिक सहित अन्य संबंधित लोगों को पत्र भेजा है।

# श्री अग्रसेन स्कूल में मेधावी छात्र हुए सम्मानित,

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बच्चों को भविष्य के प्रति हमेशा सचेत रहना चाहिए : राजगढ़िया**




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया, निदेशक (एकाडमिक) एसके चौधरी, प्राचार्य विवेक प्रधान, करुणा राजगढ़िया, मुख्तार सिंह व शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में सीबीएसई 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में स्कूल के करीब 130 टॉपर्स विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि सम्मान मिलने से हौसला बढ़ता है। बच्चों को अपने भविष्य के प्रति हमेशा सचेत रहना चाहिए। माध्यमिक व इंटर ऐसे दो पड़ाव हैं, जहां प्राप्त की गई सफलता आपके भविष्य को उजाले की ओर ले जाती है।

निदेशक (एकेडमी) एसके चौधरी ने कहा कि वर्तमान सफलता को स्थायी न मानें, बल्कि इससे भी बेहतर करने की कोशिश करें। सफलता के पीछे शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों का भी हाथ होता है। अभिभावक का हमेशा सम्मान करें।

प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि जो परिश्रम करते ही उन्हें सफलता अवश्य मिलती है। समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण और समर्पण से ही जीवन में आगे बढ़ा जा सकता है। विद्यार्थी जीवन हमेशा सीखने के लिए होता है। इसका लाभ उठाना चाहिए। इस अवसर पर शिक्षक अरविंद दुबे, साधना सिन्हा, रीतिका, विजय शर्मा, कुमुल कुमार, सूरज सिंह, केएल गोस्वामी, सूफियान अख्तर, जीशान अख्तर, एचके सिंह, अंकित विश्वकर्मा, संतोष कुमार, दिव्यांश कुमार, प्रकाश ओझा, सोनम खातून ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## एक नजर में

### उत्क्रमित प्लस टू हाई स्कूल विजैया में चाहरदीवारी निर्माण में अनियमितता



**बरही।** प्रखंड अंतर्गत विजैया गांव के उत्क्रमित प्लस 2 हाई स्कूल विजैया में जिला परिषद द्वारा अनुशंसित योजना से विद्यालय का चाहरदीवारी निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माण कार्य में घोर अनियमितता बरती जा रही है। चाहरदिवारी में बंगला ईट का प्रयोग किया जा रहा हैं। इस दौरान स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता सह कांग्रेस मण्डल अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने निर्माण कार्य स्थल पर निरीक्षण करते हुए कहा कि निर्माण कार्य को देखने वह ग्रामीणों के साथ पहुंचे तो पाया कि निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा घोर अनियमितता बरतते हुए कार्य जोरों से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित विभाग को पत्राचार करते हुए जांच की मांग की जाएगी। साथ ही जिला प्रशासन से स्थानीय ग्रामीणो ने मांग की कि इसकी निष्पक्ष जांच हो और संवेदक के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई हो।

### कटकमसांडी में बालू का कारोबार जोरों पर



**कटकमसांडी ।** प्रखंड में इन दिनों बालू का अवैध कारोबार जोरों पर चल रहा है। वहीं इस काले कारोबार में लगे बालू माफियाओं की चांदी कट रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दो से तीन नदी घाट आदि स्थानों पर बालू माफियाओं द्वारा दर्जनों की संख्या में छोटे-बड़े वाहनों की कतार लगा दी जाती है। जहां देर रात तक कुछ स्थानीय लोगों के सहयोग तथा पुलिस की मिलीभगत पर बेचा जाता है यह अवैध धंधा कटकमसांडी प्रखंड में सालो से बे .रोक टोक जारी है वही बालू घाट का अब तक डाक नही होने से स्थानीय लोगो को भी घर बनाने सहित अन्य कार्यो हेतु मंहगे कीमत देकर बालू खरीदना पडता है जिससे आम लोगो में भारी रोष व्याप्त है ।वही इस अवैध कारोबार से सरकार को भारी राजस्व की क्षति हो रही है ।बताया जाता है कि बालू तस्करों द्वारा प्रखड में कई स्थानो पर भरी मात्रा में माफिया के द्वारा बालू का स्टोर भी किया जाता है जिसे बाद में सुविधानुसार वही स्टोर बालू को आदि स्थानों पर मॅहगे दामों पर बेचा जाता है। सूत्रों के अनुसार कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के रोमी में 5000 पेलावल में 6000 खुटरा में 5000,कंचनपुर में 5000 गदोखर में 5000 तक प्रति ट्रैक्टर बालू बिक रहा है. देर रात तक बालू को गंतव्य स्थान पर गिराया जा रहा है. ढहने से पहले संबंधित थाने को भी सूचना दी जाती है ताकि गश्ती वाहन उस क्षेत्र में न रहे. बालू तस्करी में शामिल लोग देर रात मोटरसाइकिल से घूमते रहते हैं. इसकी जानकारी ट्रैक्टर चालक को दी जाती है. फिर ट्रैक्टर चालक निर्धारित समय पर बालू गिरा देता है. बालू तस्करी में एक बड़ा नेटवर्क लगा हुआ है. कटकमसांडी प्रखंड से ही हर महीने लाखों लाख रुपये की बालू की चोरी हो रही है.बालू व्यवसायियों का यह भी कहना है कि सरकार ने अभी तक घाट की नीलामी नहीं की है। बालू दोगुने से भी अधिक दाम पर बिक रही है।

### एनटीपीसी आइटीआई में लाह चूड़ी पर कार्यशाला



बड़कागांव ।एनटीपीसी पकरी बरवाडी सीएसआर विभाग के तत्वाधान से ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से 10 दिवसीय लाह चूड़ी बनाने की कार्यशाला संपन्न हुआ। प्राचार्य मिथलेश उपाध्याय ने मुख्य अतिथि पंकज ध्यानी का स्वागत पौधा देकरकिया। एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के भू अर्जन सह पुनर्वास एवं सी.एस.आर महाप्रबंधक पंकज ध्यानी ने कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षु महिलाओं द्वारा बनाए गए लाह चूड़ी की प्रशंसा की एवं महिलाओं को अपने गांव से स्वयं सहायता समूह बनाकर लाह चूड़ी का निर्माण एवं व्यापार कर स्वावलंबी बनने की ओर अग्रसर होने की बात कही। इस 10 दिवसीय कार्यशाला में परियोजना प्रभावित कदमाडीह गांव की 12 महिला एवं एनटीपीसी पुनर्वास कॉलोनी में अवस्थित 5 महिला ने लाह चूड़ी के बनाने की विधि का प्रशिक्षण लिया। एनटीपीसी सी.एस.आर विभाग के उपप्रबंधक एसके सेनापति ने महिलाओं को 30 दिवसीय प्रशिक्षण देने की बात कही और एनटीपीसी पकरी बरवाडी द्वारा हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया गया।

### बरही : दो पक्षों के बीच मारपीट मामले में 37 के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज, चार गिरफ्तार



**बरही।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचमाधव में दो पक्षों के बीच जमीन विवाद को लेकर आपस में गाली गलौज करते हुए हथियार से लैश होकर मारपीट कर दोनों पक्ष गंभीर रुप से घायल हो गये। इस संबंध में दोनों पक्षों ने बरही थाना में अपना अपना आवेदन देकर कांड दर्ज कराया है। पहले पक्ष से बरही थाना कांड संख्या 213/24 में कुल 28 प्राथमिकी नामजद अभियुक्त बनाया गया है। वहीं बरही थाना कांड संख्या 214/24 में कुल 09 लोगों को प्राथमिकी अभियुक्त एवं अन्य 05 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध कांड अंकित कराया गया है। बरही थाना कांड संख्या 213/24 के प्राथमिकी अभियुक्त शंकर यादव पिता प्रसादी यादव, बिनोद यादव पिता सिदेश्वर यादव एवं बरही थाना कांड संख्या 214/24 के प्राथमिकी अभियुक्त मुकेश यादव पिता स्व. नूनू यादव, विकास यादव पिता स्व. संतोष यादव सभी साकिन पंचमाधव, थाना बरही, जिला हजारीबाग को गिरफ्तार कर मंगलवार को उचित मार्ग रक्षण में न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### संघर्ष मोर्चा ने महाप्रबंधक को सौंपा मांग-पत्र

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा ने मंगलवार को अपनी 9 सूत्री मांगों को लेकर बरका-सयाल महाप्रबंधक को मांग-पत्र सौंपा। मोर्चा के अध्यक्ष सह कुरसे मुखिया संदीप उरांव के नेतृत्व में सौंपे गये पत्र कहा गया है कि हमारी सभी मांगों पर त्तकाल सकारात्मक पहल नहीं किया गया तो बलकुदरा आउटसोर्सिंग परियोजना में एक दिवसीय धरना दिया जायेगा। आगे पत्र में कहा गया है कि भुरकुंडा परियोजना वर्षों से चलते आ रहा। जिसमें स्थानीय विस्थापितों का सैकड़ो एकड़ जमीन इस परियोजना के अंतर्गत अधिग्रहण किया गया है।

# उपायुक्त मेघा भारद्वाजकी अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

# यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सड़क दुघर्टना की अद्यतन स्थिति, ट्रॉमा सेंटर, ऑटो स्टैंड निर्माण, सड़क जागरूकता कार्यक्रम, यातायात व्यवस्था समेत कई बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाते हुए बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन चलाने वाले एवं बिना शीट बेल्ट के वाहन चलाने वालों का नियमित रूप से सघन जांच कर आवश्यक कार्रवाई करें। वहीं उपायुक्त ने एनएच के कार्यों की जानकारी ली और धीमी गति से कार्य होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने एनएच को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि एनएच के कार्यों में तेजी लायें और जहां जहां साइनेज लगाने की जरूरत है, उन सभी स्थानों पर यथाशीघ्र साइनेज लगायें। वहीं ब्लैक स्पॉट पर रबड़ स्ट्रीप लगाने को कहा गया, साथ ही शहरी क्षेत्रों में ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने को लेकर आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया। मौके पर एसपी अनुदीप सिंह, डीएफओ सूरज कुमार सिंह, एसी पूनम कुजुर, एसडीओ रिया सिंह, डीटीओ विजय कुमार सोनी, सभी सीओ व थाना प्रभारी मौजूद थे।



## उपायुक्त ने मनरेगा व अबुआ आवास योजना को लेकर की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाएं और अबुआ आवास योजना को लेकर समाहरणालय सभागार में समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाएं यथा बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना और अबुआ आवास योजना की समीक्षा की। वहीं उपायुक्त ने कहा कि एक्शन प्लान बनाते हुए अबुआ आवास योजना के लक्ष्य को पूरा करें। जल संरक्षण से संबंधित योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शुरू करते हुए पूर्ण करने एवं सभी योजनाओं का पीडी जेनरेट पूर्ण करने, तालाब का गहरीकरण और चेकडैम की साफ-सफाई को लेकर योजना लेने का निदेश दिया। वहीं उन्होंने कहा कि जितने भी लाभुकों का जॉब कार्ड बनाया गया है सबका आाार सीडिंग पूरा करें। वहीं बिरसा हरित ग्राम योजना को लेकर गड्ढा खोदते हुए समय पर पौधरोपण करने का निर्देश दिया। मौके पर डीडीसी ऋतुराज, एसी पूनम कुजुर, सभी बीडीओ, परियोजना पदाधिकारी, सभी प्रखंड परियोजना पदाधिकारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।



## जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों मारपीट

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र में मंगलवार को जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच चली आ रही विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

वहीं दूसरे पक्ष के हमले में 80 वर्षीय खागो साव पिता स्व. विशुन साव और 47 वर्षीय नारायण साव पिता खागो साव को परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सकों ने नारायण साव की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घटना को लेकर घायल के परिजनों ने बताया कि घर के समीप अपने खाली जमीन पर वह पशु शेड का निर्माण करवा रहे थे। इस दौरान उनके पड़ोसी गणेश साव, मिथलेश साव, शानू कुमार, कोकिल कुमार समेत महिलाओं ने भी कुदाल और डंडे से वार कर दोनों को घायल कर दिया।

## केंदू पत्ता तोड़ने वाले श्रमिकों का छिना रोजगार, राजस्व का नुक्सान



**चतरा।** जिले के विभिन्न जंगलों में केंदू पेड़ों का भंडार है, लेकिन पिछले दो वर्षों से वन विभाग ने केंदू पत्ता तोड़ने के लिए कोई पहल नहीं की है और न ही निविदा निकाली है, जिससे विभाग को हर साल लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। केंदू पत्ता तोड़ने में सैकड़ों महिलाएं और पुरुष रोजगार से जुड़ते थे, लेकिन अब उनका रोजगार छिन गया है। जिले में वन भूमि में केंदू पेड़ों की भरमार है और जब वन विभाग केंदू पत्ता तोड़ने के लिए निविदा निकालता था, तब सैकड़ों महिलाएं और पुरुष पत्ता तोड़कर बीड़ी बनाते थे। इस काम में ग्रामीण स्कूली बच्चे भी अपने माता-पिता की मदद करते थे और ठेकेदार मजदूरों को मजदूरी देता था। अब निविदा नहीं निकाले जाने से ग्रामीणों के साथ-साथ सरकार को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है। जिले के नावाडीह, मांरगा, चौथा, बरवाडीह, दुम्बी, कुब्बा, कोराम्बो, मेराल, जेहरा, खैरा, जोरी और सायल जंगलों में भी केंदू पत्ता का भंडार मिलता है। बंगाल के पुरूलिया, मिदनापुर और असम में केंदू पत्ता की अधिक मांग थी, जिसे सप्लायर्स ट्रक के माध्यम से भेजते थे। इसके अलावा, झारखंड के सिल्ली, देवघर और बिहार के पूर्णिया, उड़ीसा आदि जगहों पर भी केंदू पत्ता सप्लाई किया जाता था, जिसका उपयोग बीड़ी बनाने में किया जाता है।

## आरपीवाई बीएड कॉलेज में स्टाफ ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में मंगलवार को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ट के तत्वधान में स्टाफ ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसका विषय एक्यूएआर प्रीप्रेशन व सबमिशन तथा ई-कन्टेन्ट डेवलपमेन्ट एंड पेपरलेस ऑफिस था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सह रिसोर्स पर्सन के रूप में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के सहायक प्राध्यापक सह नैक समन्वयक डॉ. गंगा नंद सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य मुख्य अतिथि व सहायक प्राध्यापकों द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर व द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि को गुलदस्ता एवं पौधा देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इसके बाद छात्रा प्रशिक्षुओं द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक सह आईक्यूएसी नैक कोर्डिनेटर राजेश पांडेय ने स्वागत भाषण व विषय प्रवेश कराया। वहीं प्राचार्य डॉ.लक्ष्मी सरकार ने कहा कि हर व्यक्ति को कुछ सीखने और कुछ जानने के लिए एक माध्यम की जरूरत होती है, इसलिए महाविद्यालय में इस प्रकार का कार्यक्रम होने से हमसब को बहुत कुछ जानने और समझने का मौका मिलता है। वहीं मुख्य अतिथि डॉ. गंगा नंद सिंह ने कहा कि वार्षिक गुणवत्ता आश्वासन रिपोर्ट (एक्यूएआर) नैक मान्यता प्रक्रिया के एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में कार्य करती है, जो संस्थानों को शैक्षणिक वर्ष के दौरान उनके प्रदर्शन और उपलब्धियों के बारे में एक व्यापक अवलोकन और अंतर्दृष्टि प्रदान करने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा एक्यूएआर प्रमुख उपलबियों, पहलों, चुनौतियों और भविष्य की योजनाओं को समाहित करता है, जिससे संस्थान गुणवत्ता वृद्धि और संस्थागत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित कर सके। इसलिए अब हमें संस्थानों को भी डिजिटल बनाना होगा। मौके पर प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार, मो. सेराज, विनोद यादव, सैयद खुर्शीद अली, अनिल कुमार, हरचरण सिंह, जगदीप सिंह, मिथलेश कुमार, शाहिद खान, श्रवण कुमार, गौरव कुमार, सेन्टू कुमार, राजकुमार यादव, कुंदन कुमार, चंदन कुमार आदि मौजूद थे।




## एक नजर में

### जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक, उपायुक्त ने दिए कई निर्देश



➡ खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण करने वालों पर करें कड़ी कार्रवाई : डीसी

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक की गयी। बैठक में पत्थर एवं बालू खनिज के अवैध खनन, परिवहन, भंडारण की रोकथाम, वन क्षेत्र में अवैध खनन की रोकथाम व भंडारण पर विस्तृत चर्चा किया गया। उपायुक्त ने जिला खनन पदाकिारी दारोगा राय को पत्थर व बालू खनन का अवैध रूप से खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही वन क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों पर भी कार्रवाई करने, ब्लू स्टोन का अवैध खनन करने वालों पर कार्रवाई करने का निदेश दिया। वहीं सीओ व थाना प्रभारी को आपस में समन्वय स्थापित कर अवैध रूप से बालू परिवहन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मौके पर एसपी अनुदीप सिंह, डीएफओ सूरज कुमार सिंह, एसी पूनम कुजुर, एसडीओ रिया सिंह, डीएमओ दारोगा राय, सभी सीओ व थाना प्रभारी मौजूद थे।

### राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान ने मनाया विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस



**कोडरमा।** राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान द्वारा विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर मरकच्चो प्रखंड के चोपनाडीह एवं सिमरिया पंचायत के 10 गांव में विभिन्न तरह का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 10 गांवों के कुल 10 बाल मंचों के 200 बच्चों एवं सैकड़ों ग्रामीण माताओं, स्वयं सहायता समूह के सदस्य, सेविका, सहायिका और सीपीसी सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर स्लोगन, ड्राइंग प्रतियोगिता और मासिक धर्म स्वच्छता से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व को उजागर करना और समुदाय में जागरूकता फैलाना तथा माहवारी के प्रति विभिन्न तरह की भ्रांतियां को दूर करना था। वहीं पर्यवेक्षक सुनीता देवी ने बच्चों और ग्रामीणों महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी। मौके पर शिव शंकर पांडे, सुनीता देवी, राजेंद्र राम, काजल कुमारी, रुबी कुमारी, निशा कुमारी, सरिता कुमारी, क्रांति कुमारी, रेशमा कुमारी समेत आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका आदि मौजूद थे।

### सफाई कर्मियों का अनिश्चित कालीन हड़ताल जारी



**जयनगर। (कोडरमा)।** डीवीसी केटीपीएस बांझेडीह कोडरमा में मेसर्स मनोरंजन सिंह के अंतर्गत सफाई कार्य कर रहे मजदूरों का पिछले फरवरी 2024 से मजदुरी नहीं मिलने पर एडमिन बिल्डिंग के समझ रविवार से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गए हैं और मजदूरों का कहना है कि जबतक हम मजदूरों को बकाया मजदूरी का भुगतान नहीं किया जाएगा तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। वहीं ऐक्टू जिला सचिव सह यूनियन सचिव विजय पासवान ने कहा कि मजदूरों की मांगे बिल्कुल जायज है अगर मजदूरों को मजदूरी नही मिलेगी तो इनका घर परिवार कैसे चलेगा। वहीं उन्होंने कहा डीवीसी अविलंब कंपनी से बात कर मजदूरों का बकाया मजदूरी का भुगतान करा कर धरना को समाप्त करवाया जाय।

# ग्रिजली विद्यालय में साइबर सुरक्षा और डिजिटल लर्निंग पर सेमिनार का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** ग्रिजली विद्यालय में शिक्षक संर्वान कार्यक्रम के तहत साइबर सुरक्षा और डिजिटल लर्निंग पर एक अत्याकि जानकारीपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों की डिजिटल दक्षता और सुरक्षा जागरूकता को बढ़ाना था। सेमिनार में संसाान व्यक्ति के रूप में विद्यालय के सीनियर कंप्यूटर शिक्षक एवं साइबर सुरक्षा और डिजिटल शिक्षा के विशेषज्ञ कुमार राजीव शामिल हुए जिन्होंने साइबर सुरक्षा में नवीनतम विकास पर एक व्यापक प्रस्तुति दी, जिसमें शैक्षणिक परिवेश में डिजिटल बुनियादी ढांचे की सुरक्षा की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर दिया गया। इस अवसर पर ग्रिज़ली विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने कहा की एक सुरक्षित और प्रगतिशील शिक्षण वातावरण प्रदान करने के लिए हमें तकनीकी प्रगति को साथ में लेकर चलना होगा तभी संस्थान की तरक्की होगी। वही प्राचार्या अंजना कुमारी ने शैक्षिक परिणामों को बढ़ाने के लिए पाठ्यक्रम में डिजिटल उपकरणों को एकीत करने पर अपना दृष्टिकोण साझा किया और शिक्षकों को इन नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस इंटरैक्टिव सत्र में शिक्षकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जो चर्चा में शामिल हुए और चर्चा की गई रणनीतियों को लागू करने के लिए व्यावहारिक सलाह मांगी। सेमिनार एक गतिशील प्रश्नोत्तर सत्र के साथ संपन्न हुआ, जहां उपस्थित शिक्षकों को अपने संदेहों को स्पष्ट करने और विशेषज्ञ से आकि जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला।

इस सेमिनार में संयोजक विजय कुमार सिंह, जितेंद्र चौरी, बीडी नस्कर, अनुराग कुमार सिंह, तुषार राय चौधरी, प्रीति जगनानी, स्टूडेंट सर्विस सेल के संयोजक सुाांशु कुमार, स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर सुनील साव, शिक्षक शफीक आलम सहित पूरे विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

## डोमचांच प्रखंड में कार्यरत नाजिर का शव पंखे से लटका मिला

खबर मन्त्र संवाददाता



**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित नाजिर निरंजन कुमार ने नवादा के संकट मोचन मंदिर के पीछे गोपाल नगर मुहल्ले में अपने घर में पंखे से लटककर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। जिसके बाद सूचना पर पहुंची नगर थाना पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं जानकारी देते हुए मृतक के भाई पप्पू कुमार ने बताया कि मंगलवार की सुबह देर तक जब भाई का कमरा बंद पाया तो परिजन परेशान हो गए। काफी देर तक दरवाजा खटखटाया गया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नही मिला तो थक हारकर दरवाजा को तोड़ा गया तो अंदर मृतक का शव छत के पंखे से लटका पाया गया। जिसके बाद घटना की जानकारी नगर थाना पुलिस को दी गई। सूचना बाद पहुंची पुलिस मामले की गहराई से तफ्तीश करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं पुलिस ने कहा प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। वैसे पुलिस इस मामले की वजहों की तलाश में सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए छानबीन कर रही है।



## पानी के लिए गांव की ओर रुख कर रहे जंगली जानवर

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** प्रतापपुर प्रखंड के कई गाँवों में जंगली जानवरों के भटकने की खबरें हैं। जंगली जानवर अपनी प्यास बुझाने के लिए गाँवों में आ रहे हैं। सोमवार को एक बड़ा जंगली हिरण रहहिया गाँव में पानी पीने आया। हिरण काफी थका हुआ और घायल महसूस कर रहा था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना रेंजर बी एन दास को दी। रेंजर ने अपनी टीम के साथ रहहिया पहुँचकर ग्रामीणों की मदद से हिरण को पकड़ा और उसे पानी और खाना खिलाया। इसके बाद उसे वन परिसर लाया गया और पूरे दिन उसका उपचार और देखभाल की गई। अगले दिन मंगलवार को उसे प्रतापपुर-कुन्दा घने जंगल में छोड़ दिया गया। रेंजर बी एन दास ने बताया कि रहहिया गाँव में हिरण देखने की सूचना मिलते ही उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्रामीणों की मदद से हिरण को पकड़ा। हिरण को किसी शिकारी या अन्य लोगों से बचाने के लिए उसे पकड़कर घने जंगल में छोड़ दिया गया। कुछ दिन पहले एघारा में भी एक हिरण पानी की तलाश में कुएँ में गिरकर घायल हो गया था। वनकर्मियों ने उसका उपचार किया और फिर उसे जंगल में छोड़ दिया। इस अभियान में रेंजर बी एन दास के अलावा स्वेत सिन्हा, मनीष कुमार, दीपक गुप्ता, अंकित रोशन और कई अन्य लोग शामिल थे।

# बिखरते अस्तित्व को बचाने के लिए फिर हाथ मिलाए टीएसपीसी-माओवादी संगठन

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** चतरा में बिखरते अस्तित्व को बचाने के लिए एक बार से टीएसपीसी और भाकपा माओवादी नक्सलियों ने हाथ मिला लिया है। दोनों की टीम मिलकर अब क्षेत्र में घटनाओं को अंजाम देकर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है। हिंदिया कला में घटित पिता पुत्र की हत्या की घटना इसी की एक बानगी है। दरअसल में नक्सली इस हत्याकांड के बहाने पुलिस और सुरक्षा बलों के जवानों को ट्रेप करने के फिराक में थे। क्योंकि घटना के 48 घण्टे बाद तक नक्सलियों का हथियारबंद करीब 60-70 की संख्या में मौजूद दस्ता पास के ही जंगल में घात लगाए बैठे थे। अगर पुलिस इस प्रकरण में थोड़ी भी उतावलापन दिखाती और वहां जल्दबाजी में पहुंचने की भूल करती तो उन्हें जानमाल की भारी क्षति उठाना पड़ता। परन्तु चतरा एसपी विकास पांडेय के सूझ बूझ के कारण नक्सलियों की न सिर्फ योजना विफल हो गई बल्कि बड़ी घटना भी टल गई। सूत्रों की अगर मानें तो नक्सली ल एरिया कमांडर सलीम टीम का नेतृत्व कर रहा था। आपके बता दें कि इन दिनों बीड़ी पत्ता का समय चल रहा है। ऐसे में नक्सली लेवि की मोटी रकम वसूलने को लेकर घटनाओं को अंजाम देकर बीड़ी पत्ता ठेकेदारों के साथ साथ आम जनता में दहशत कायम करना चाह रही है।

## ट्यूशन से लौट रहे छात्र से झपट्टा मार गिरोह ने छीना मोबाइल

**चतरा।** हंटरगंज के भोंदल गांव स्थित नागिनदहा पुल पर एक छात्र के साथ सोमवार को मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दिया गया। छात्र को कोबना गांव के प्रदीप चौधरी का पुत्र रोशन कुमार है। रोशन कुमार हंटरगंज के मार्गदर्शन कोचिंग सेंटर से ट्यूशन पढ़कर साइकिल से अपने घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक आए और उससे टाइम पूछा। छात्र रोशन कुमार अपना मोबाइल में टाइम देख कर बताया। इसके बाद दोनों युवक छात्र से बात करने के लिए मोबाइल मांगा। जब छात्र रोशन कुमार ने अपना मोबाइल बात करने के लिए दिया तो दोनों युवक मोबाइल लेकर मोटरसाइकिल से फरार हो गये। झपट्टा मार गिरोह के द्वारा घटना को अंजाम दिए जाने की बात बताया जा रहा है। मोटरसाइकिल बिना नंबर का था।

## श्मशान घाट पर चापाकल लगवाने की मांग

**मरकच्चो (कोडरमा)।** उत्तरी पंचायत मरकच्चो स्थित पंचखेरो नदी घाट स्थित मुक्तिाम में इन दिनों पानी की घोर किल्लत हो गई है। इस कारण गर्मी के दिनों में श्मशान घाट में अग्नि संस्कार करने गए लोगों को पीने के पानी के साथ साथ स्नान करने के लिए काफी दिक्कत हो गई है। मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय स्थित मरकच्चो मध्य कोटवार मोहल्ला के देवगढ़ मोहल्ला, तुरिया टोला, लाल नगर मरकच्चो उत्तरी पंचायत, श्री नगर, त्रिलोकी नगर, चंचल मंडप आदि मोहल्लों में रहने वालों का दाह संस्कार किया जाता है। यही स्थिति बुढ़वा आहर के समीप स्थित घाट में थी, वहां चापाकल हो जाने से वह संकट दूर हो गया है। प्रखंड प्रशासन, जिला प्रशासन से व क्षेत्र के ग्रामीणों एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से पंचखेरो स्थित श्मशान घाट पर चापाकल की व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि स्नान करने व पीने की पानी की समस्या दूर हो सके।

## एक जून से किया जायेगा रात्रि रक्त पट्ट संग्रह



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप के निदेर्शानुसार, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल की अध्यक्षता में चतरा जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति (फाइलेरिया उन्मूलन) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 1 जून से 10 जून तक जिले के सभी छह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अंतर्गत चिन्हित 12 गांवों में रात्रि रक्त पट्ट संग्रह किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक गांव से 300 रक्त पट्ट एकत्र किए जाएंगे। उप विकास आयुक्त ने माइक्रोप्लान के तहत कार्य करने और व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया ताकि आम जनता इस अभियान के बारे में जागरूक हो सके। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फाइलेरिया उन्मूलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है और इसके परिणामों के आधार पर ही मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कराया जाएगा, जिससे लोगों में माइक्रो फाइलेरिया का भी पता चल सकेगा। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला योजना पदाधिकारी, सूचना एवं जन संपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, उपाधीक्षक सदर अस्पताल, सभी कार्यक्रम पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, कार्यक्रम प्रबंधक, खरछढर, सभी कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, चतरा जिला अंतर्गत, डॉ मनोज कुमार, हल्ड, झारखंड रांची, समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### डालसा सचिव के नेतृत्व में चैनपुर में चलाया गया नशामुक्ति अभियान



गुमला। झालसा के निर्देश पर तथा जिला सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद मिश्र के निर्देश पर अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला राम कुमार लाल गुप्ता की नेतृत्व में पीएलभी विष्णु रौतीया के द्वारा चैनपुर प्रखंड के ग्रामीण इलाकों में नशा मुक्ति पर जागरूकता अभियान चलाया गया और लोगों को नशा न करने की सलाह दी। किसी भी तरह का कानूनी सहायता के लिए विधिक सेवा प्राधिकार का सहायता लेने के लिए भी लोगों को जागरूक किया। साथ ही पीएलबी नीलम एवं चाइल्डलाइन के द्वारा गुमला बस स्टैंड एवं संप्रेक्षण गिरीह गुमला में भी नशा मुक्ति के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया गया।

### मोटरयान दुर्घटना को लेकर विशेष लोक अदालत की तैयारी को लेकर बैठक



गुमला। मोटरयान दुर्घटना को लेकर 8 जून को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत को लेकर सिविल कोर्ट गुमला में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला, ध्रुव चंद्र मिश्र ने मंगलवार को विभिन्न इंश्योरेंस कंपनियों तथा अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में नेशनल इंश्योरेंस कंपनी के नोडल ऑफिसर अब्दुल हादी, कंपनी के अधिवक्ता आरबी मिश्रा एवं उन सभी संबंधित न्यायालय के पीठासीन पदाधिकारी एवं अधिवक्ता गण उपस्थित हुए। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि 8 जून को होने वाले विशेष लोक अदालत जिसमें समझौते के आधार पर मोटरयान दुर्घटना से संबंधित मामलों का निष्पादन किया जाना है। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में मामलों का निष्पादन कराएं। जिससे लोगों को अधिक लाभ मिल सके तथा उनके मामले त्वरित गति से निष्पादन हो सके। बैठक में प्रधान कुटुंब न्यायाधीश शेषनाथ सिंह, एडीजे प्रथम प्रेम शंकर, एडीजे द्वितीय मनोज शर्मा, एडीजे तृतीया भूपेश कुमार खुराना, एडीजे चतुर्थ संजीव भाटिया, अवर न्यायाधीश सह डीएलएसए के सचिव राम कुमार लाल गुप्ता एवं अधिवक्ता आर बी मिश्रा, नवनीत पांडे, हविंदर साहू, अजय पपलू, बीके शुक्ला आदि उपस्थित थे।

### चिकित्सा प्रभारी ने मिर्गी कैंप की तैयारी को लेकर कर्मियों के साथ की बैठक



घाघरा। घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में मंगलवार को चिकित्सा प्रभारी डॉ अरविंद कुशल एक्का की अध्यक्षता में मिर्गी मरीजों के लगने वाले कैंप की तैयारी को लेकर कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक किया। इस क्रम में चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अरविंद कुशल एक्का ने कहा कि आगामी 31 मई को मिर्गी मरीजों के लिए कैंप का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा परिसर में किया जाएगा। जिसमें घाघरा, बिशनपुर, सिसई सहित कई अन्य प्रखंड व जिलो से मरीज आएंगे।दिल्ली एम्स से आ रही डॉक्टर के द्वारा मिर्गी मरीजों की जांच करते हुए निशुल्क दवा का वितरण किया जाएगा। विशेष कैंप में सभी स्वास्थ्य सहिया ,कर्मी अपने क्षेत्र के मिर्गी मरीजों को लेकर आएंगे। ताकि उनका बेहतर जांच कराकर दवा का वितरण हो सके। इस मौके पर उपस्थित लोगों में बीटीएम सीमा कुमारी, बबीता कुमारी, एमपीडब्लू, बीपीएम, सीएचओ, सहिया साथी सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

### अल्युमिनियम कारखाना निर्माण के लिए जेएनडी के केंद्रीय संयोजक से मिले नेता

घाघरा। झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह से उनके घाघरा स्थित आवास में गुमला-लोहरदगा जिला के सीमांत पर अल्युमिनियम कारखाना निर्माण की मांग के मुद्दे पर मंगलवार को घाघरा व बिशुनपुर क्षेत्र के युवा नेताओं ने मुलाकात की। साथ ही कारखाना निर्माण के लिए जल्द आंदोलन शुरू हो सके इसके लिए सिंह से मार्गदर्शन मांगा। इस पर सिंह ने कहा है कि अल्युमिनियम कारखाना का निर्माण किसी पार्टी व संगठन से ज्यादा यहां के पलायन, मानव तस्करी के शिकार हो रहे युवा बेरोजगार व मजदूरों के लिए जरूरी है। इस मुद्दे पर जब तक बेरोजगार, मजदूर संगठित नहीं होंगे तब तक बॉक्साइट आधारित अल्युमिनियम कारखाना का निर्माण संभव नहीं है। अगर सरकार व सांसद-विधायक चाहते तो अल्मुनियम कारखाना बन जाती और क्षेत्र के बेरोजगार व मजदूर पलायन करने के बजाय रोजगार कर रहे होते। सिंह ने यह भी कहा कि झारखंड नवनिर्माण दल का कारखाना निर्माण मुख्य मुद्दा रहा है। गांव स्तर पर बेरोजगार युवाओं को संगठित कर आंदोलन खड़ा करने की सलाह देते हुए अपने तरफ से उस आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की भी बात सिंह ने कही है। सिंह ने यह भी बताया कि 29 मई 2024 को रांची में केंद्रीय स्तर की बैठक होने जा रही है, जिसमें झारखंड में जन मुद्दों को लेकर बृहद आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। जिसके तहत गुमला व लोहरदगा क्षेत्र के लिए भी योजना बनाने की बात सिंह ने कही है। इस मौके पर मुख्य रूप से सुखराम पहान, रोपण उरांव, सुखदेव कुमार व धर्मपाल उरांव उपस्थित थे।

### बेदाल में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

भंडरा। थाना क्षेत्र के बेदाल गांव में एक युवक द्वारा अपने घर में ही दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों की मदद से परिजनों ने युवक को सदर अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों से युवक को मृत घोषित कर दिया। प्राप्त सूत्रों के आधार पर बेदाल गांव निवासी प्रेम महतो का 20 वर्षीय पुत्र सुनील महतो ने मंगलवार की दोपहर जब घर के सभी परिजन खेत में काम करने गए थे। सुनील 12 बजे नहा कर घर आया। और घर में ही दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब परिजन घर पहुंचे तो सुनील को दुपट्टे से झूलता देखा। ग्रामीणों ने बताया कि सुनील रांची नगड़ी में अपने मामा के घर में रहता था। और कभी कभी अपने घर भी आता था।

# गुमला : समर कैंप में विज्ञान से जुड़े रोचक तथ्यों से बच्चों को कराया जा रहा है अवगत



राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक अमृत कुमार मेटे बच्चों का कर रहे हैं उत्साहवर्धन

**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल से गुमला विज्ञान केंद्र में मंगलवार से तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमें थ्रीडी प्रिंटिंग, रोबोटिक्स आदि सहित विज्ञान से जुड़ी गतिविधियों से बच्चों का ज्ञानवर्धन किया जायेगा। इस समर कैंप के उदघाटन के अवसर पर प्रेरणा सत्र में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक अमृत कुमार मेटे द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। कैंप को सफल बनाने में नोडल पदाधिकारी दिलदार सिंह तथा डीएमएफटी फेलो अविनाश गौरव सहित साइंस सेंटर से कोऑर्डिनेटर अंकिता, आकांक्षा एवं काजल आदि लगे हुए हैं। समर कैंप में निजी तथा सरकारी विद्यालय से मिलाकर कुल 26 बच्चे भाग ले रहे हैं। जिसमें सरकारी विद्यालय के सात बच्चों को जिला प्रशासन द्वारा स्पॉन्सर किया जा रहा है। इस कैंप में विभिन्न रोचक गतिविधि एवम विज्ञान केंद्र के भ्रमण सहित म्यूजिकल गतिविधि भी कराई जा रही है। कैंप के समापन के अवसर पर दिनांक 30 मई को उपायुक्त के करकमलों से सभी को पुरस्कृत करते हुए प्रमाणपत्र वितरित किए जाएंगे। नोडल पदाधिकारी दिलदार सिंह ने कहा कि अगर कोई विद्यार्थी या बच्चे समर कैंप में भाग लेना चाहते है तो वे अगले ग्रुप के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे। जून माह के प्रथम सप्ताह से पुनः समर कैंप हेतु रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। जिसमें सभी बच्चे अपना रजिस्ट्रेशन करवा कर इस ग्रीष्म छुट्टी का सदुपयोग कर सकेंगे एवं विज्ञान से जुड़े नई गतिविधियों से खुद को जोड़ सकेंगे।

## विकास को गति देने को लेकर बीडीओ ने की ग्रामीणों के साथ संवाद

# काम को लेकर किसी को एक पैसा देने की जरूरत नहीं



**खबर मंत्र संवाददाता**

**कैरो।** प्रखण्ड के उतका चंदा बगीचा में मंगलवार को प्रखंड प्रसासन के द्वारा आम जनता व प्रसासन के बीच विकास कार्यो को लेकर सीधा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित ग्रामीणों से अपने क्षेत्र के विकास को लेकर प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का चयन करने, प्रमाण पत्र, पेंसन, आवास, सड़क, पुल-पुलिया इत्यादि योजनाओं को पारदर्शी तरीके से ग्राम सभा के माध्यम से चयन करने सम्बन्धी चर्चा किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ छंदा भट्टाचार्य ने कहा कि मेरे से पूर्व किस तरह की रूपरेखा थी यह अलग बात है किंतु मेरे कार्यकाल में किसी भी काम को लेकर किसी को एक पैसा देने की जरूरत नही है और जिनको भी समस्या होती है तो वैसे ग्रामीण सीधे मुझसे मिले और प्रखंड प्रसासन के किसी भी लोग अथवा कोई ग्रामीण द्वारा किसी तरह की अबैध राशि की बात सामने आती है तो बख्सा नही जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि आम जनता और प्रखंड प्रसासन के साथ से सामंजस्य स्थापित कर प्रखण्ड क्षेत्र को हर दिशा में आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम में ग्रामीणों द्वारा भी विकास को लेकर सुझाव दिया गया। कार्यक्रम में बीडीओ छंदा भट्टाचार्य, मुखिया बिलेन्द्र महली, उप मुखिया रवि प्रजापति, पंचू उरांव, बीपीओ रघुनाथ मुंडा, बीएसवो किशोर उरांव, पवन उरांव, डॉ राकेश कुमार, बिंदेश्वर उरांव, राजमणि उरांव, प्रमिला उरांव सहित ग्रामीण महिला पुरूष मौजूद थे।

## आंधी तूफान से डुको शिकवार व लरंगों में उड़े घर के अल्बेस्टर




**खबर मंत्र संवाददाता**

घाघरा। तेज आंधी तूफान आने से मंगलवार को डुको सिकवार निवासी बुलू अहीर व सिसई प्रखंड के लरंगो गांव निवासी भरठु सिंह का घर का अल्बेस्टर टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया। इस संबंध में पीड़ित बुलू अहीर ने बताया कि अचानक आये तेज आंधी तूफान से घर के एक रूम का अल्बेस्टर पाइप हवा में उड़कर नीचे जा गिरा। जिससे दर्जनों अल्वेस्टर टूट गया। लगभग 12 हजार का आर्थिक क्षति हुई है। वहीं लरंगो निवासी भरठु लोहरा ने बताया कि आंधी तुफान से घर का अल्बेस्टर बर्बाद हो गया। वहीं अल्बेस्टर टूटने से उक्त मकान में संचालित होटल का सामग्री भी बर्बाद हो गया। यह दूसरी बार है जब आंधी तुफान से घर का अल्बेस्टर उडकर क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ितों ने अंचल प्रशासन से मदद की गुहार लगाते हुए मुआवजा की मांग की है।

# महिला व किशोरियों के बीच माहवारी पर जागरूकता सत्र का आयोजन



**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** स्वास्थ्य विभाग, झारखंड एवम जिला स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार सेन्टर फॉर कैटालाइजिंग चेंज (सी3) के तकनीकी सहयोग से लोहरदगा के विभिन्न प्रखण्डों के उपस्वास्थ्य केंद्र, युवा मैत्री केंद्र एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में मासिक धर्म स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया। किशोर किशोरियों के बीच माहवारी पर जागरूकता सत्र, वाद विवाद सत्र, स्लोगन लेखन आदि का आयोजन किया गया। साथ ही विभिन्न प्रखंडों में युवा मैत्री केन्द्रों में किशोरियों को माहवारी से जुड़े उनकी समस्याओं पर परामर्श एवं जागरूक किया गया। स्वास्थ्य उपकेन्द्रों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों पर एएनएम, सहिया, सेविका एवं सेन्टर फॉर कैटालाइजिंग चेंज (सी3) के द्वारा किशोरियों को माहवारी के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता रखने हेतु समझाया गया। साफ सूती कपड़े या सेनीटरी नेपकिन का इस्तेमाल एवं नेपकिन के उपयोग के बाद उसका विसर्जन के बारे में विस्तार से बताया गया, क्योंकि व्यक्तिगत स्वच्छता एवं नेपकिन या साफ कपड़े के इस्तेमाल से संक्रमण से बचा जा सकता है। इससे जुड़ी उपचारात्मक सेवा एवं परामर्श के लिए किशोरियां प्रखंड में अवस्थित सरकारी युवा मैत्री केंद्रों में जाकर सेवा प्राप्त कर सकती हैं। विभिन्न गतिविधियों के द्वारा किशोरियों के बीच यह संदेश दिया गया कि माहवारी एक स्वाभाविक प्रक्रिया है एवं इस विषय पर हमे खुल कर बात करनी चाहिए और समाज में विशेषकर पुरुषों में इस विषय पर जागरूकता एवं समझ बढ़ाना चाहिए। माहवारी से जुड़े मिथक एवं अवैज्ञानिक सोच एवं प्रतिबंध दूर हो सकें। विभिन्न गांव के किशोर चैंपियंस ने भी अपनी बात रखी कि मैं माहवारी के दौरान घर के काम में अपनी बहन, मां का हाथ बटाता हूं। सैनिटरी नैपकिन खरीद के अपने घर और जरुरत के अनुसार अन्य महिला या किशोरियों को भी देंगे। जब मेरी शादी हो जाएगी। उस दौरान अपनी पत्नी अपनी बेटी को भी माहवारी के दौरान सहयोग एवं अपने बेटे को भी इसके बारे में बताऊंगा। मैं एक साथिया भी हूं और अपने दोस्तों के समूह में इस विषय पर खुल के अपनी बात रखता हूं। हर वर्ष मासिक धर्म स्वच्छता दिवस का आयोजन 28 मई को किया जाता हैं।

## अवैध बालू ले जा रहे हाईवा को किया जब्त



**गुमला।** जिला खनन पदाधिकारी व पुसो थाना ने संयुक्त अभियान चलाकर बालू लदे हाईवा का जब्त किया। जब्त हाईवा चालक मनेश प्रसाद से जब कागजात की मांग की गई तो वह किसी तरह का कागजात प्रस्तुत नहीं किया। जिसके बाद वाहन को पकड़कर थाना लाया गया। वहीं एक और हाईवा को जब्त किया गया लेकिन थाना लाने के क्रम में वह बालू सड़क पर ही गिराकर भाग गया। इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी विभूति कुमार के द्वारा दोनों वाहनों के खिलाफ अवैध बालू ढुलाई को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

## गुमला : युवक की टांगी के बट से मारकर हत्या



**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** बसिया थाना अंतर्गत बनई बरटोली गांव में जगजोर गांव निवासी मंटू साहु उम्र 45 वर्ष की टांगी के बट मारकर व पैर से कुचलकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। जानकारी के अनुसार बनई बरटोली गांव निवासी प्रकाश नाग की पुत्री सुजाता कुमारी की मरम्मती शादी थी। जिसमें रिश्ते में जगजोर निवासी सुजाता के चाचा मंटु साहु रविवार को शादी में शामिल होने बनई बरटोली आया था। सोमवार की सुबह शादी समारोह सम्पन्न होने के बाद खाना पीना का कार्यक्रम रात तक हो रहा था। करीब 11 बजे सिसई खिदुवाटोली निवासी जगतपाल तिग्गा अपने एक दोस्त के साथ आया और खाना पीना खाया। इसी बीच कुछ बात को लेकर मंटु साहु से कहा सुनी हो गई। घर वाले के समझाने के बाद दोनों चले गये। मंगलवार की सुबह 3 बजे जगतपाल तिग्गा 2 लोगो को लेकर आया और मंटू साहु से उलझ गया और साथ में लेकर आये टांगी की बट से मंटु को मारने लगा। जिससे वह गिर गया। उसके बाद उसके ऊपर चढ़कर जूते से रौंद दिया। घर वाले जब बीच बचाव करने लगे तो उन्हें भी मारपीट करने लगा। जूते से खुदने और टांगी से मारने के कारण मंटु साहु की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के दो घंटे तक अपराधी वहीं जमे रहे। पुलिस को सूचना देने पर सभी को मौत के घाट उतारने की धमकी देते रहे। परिजनों के अनुसार करीब 5 बजे तीनो अपराधी वहां से भागे। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ नाजिर अख्तर एवम एस आई मोहन सिंह घटना स्थल पहुँच कर मामले की जांच करने लगे। इस संबंध में एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने कहा कि मृतक मंटु साहु कि हत्या तीन अपराधियों ने मिलकर किया है। मामले की जांच कर अपराधियो की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

## बैल के धक्के से वृद्ध एवं बच्ची घायल

**लोहरदगा।** जिले के बगडु थाना क्षेत्र अंतर्गत बांडी गांव में एक बैल ने धक्का मारकर एक वृद्ध व्यक्ति और एक बच्ची को घायल कर दिया। घायलों की पहचान 65 वर्षीय गनसे उरांव और 3 वर्षीय रेशमी कुमारी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वृद्ध व्यक्ति और बच्ची साथ में गाय चराकर वापस लौट रहे थे इसी दौरान एक बैल ने दोनो को धक्का मार दिया जिससे दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी जिसके बाद दोनो को सदर अस्पताल इलाज के लिए लाया गया जहां दोनो का इलाज किया जा रहा है।

## भंडरा : सड़क दुर्घटना में दंपति घायल, बाल-बाल बचा नन्हा बालक



**भंडरा।** एनएच 143 एजी बेड़ो लोहरदगा मुख्य पथ में स्थित पझरी गांव के समीप अनियंत्रित कार के पलटने से दंपति परिवार घायल हो गए। जिसे स्थानीय ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा पहुंचाया गया। जहां जय श्री राम समिति के सदस्यों द्वारा इलाज में सहायता की गई। अनियंत्रित होकर कार पलटने से कार में सवार कोलकाता निवासी आंनद साहू व उनकी पत्नी मधु प्रिया कुमारी (25 वर्ष) को गंभीर चोटें आई है। सड़क दुर्घटना में मधु प्रिया कुमारी का एक पैर टूट गया है। जिसे सदर अस्पताल से रांची रेफर किया गया है। जबकि आंनद साहू को प्राथमिक उपचार किया गया। हालांकि इस कार में सवार आंनद साहू के डेढ़ वर्षीय बालक बाल-बाल बच गया। कोलकाता निवासी आंनद साहू गुमला जिले घाघरा स्थित अपने ससुराल से वापस अपनी पत्नी मधु प्रिया व पुत्र वैभव के साथ कोलकाता के लिए रांची ट्रेन पकड़ने जा रहे थे। तभी भंडरा के पझरी गांव के समीप कार के अनियंत्रित होकर पलट जाने से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही घाघरा से मधु प्रिया कुमारी के परिजन अस्पताल पहुंचे।

## बच्ची के जीवन रक्षा को लेकर किया रक्तदान

**गुमला।** सदर अस्पताल गुमला परिसर के ब्लड बैंक में बजरंग दल बरटोली गुमला के सक्रिय कार्यकर्ता दीपक बड़ाइक ने ए पॉजिटिव ब्लड डोनेशन करके सदर अस्पताल में इलाजरत एक बच्चे की सहायता की। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपना 30 वी बार रक्तदान किया है और वह लगातार तीन चार महीने के अंतराल में रक्तदान करते रहते हैं। क्योंकि रक्तदान महादान है। मौके पर यशराज सिंह, विष्णु साहू लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार उपस्थित थे।

## नशे में धुत युवक ने सौतेली मां पर किया हमला, गिरफ्तार



**खबर मंत्र संवाददाता**

**भंडरा।** जिले के भंडारा थाना क्षेत्र के पोड़हा गांव में नशे से धुत युवक द्वारा अपनी सौतेली मां पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया इस घातक हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

हमला करने वाले आरोपी युवक को भंडरा पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को लोहरदगा जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि नशे में धुत जोगिंदर उरांव ने अपनी सौतेली मां वीणा उरांव के पैर में दबिया से वार कर घायल कर दिया। जिसकी सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने आक्रोशित हो कर नशे में धुत जोगिंदर उरांव को बंधक बनाकर जमकर पिटाई कर दी। इस घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर घायल स्वर्गीय सौमा उरांव की पत्नी वीणा उरांव 60 वर्ष व आरोपित जोगिंदर उरांव को इलाज के लिए भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया था।

आरोपित जोगिंदर उरांव से घटना के संबंध में पूछने पर उसने ऐसा क्यों किया, तो उसका कहना था कि उसके खेत में लगाए गए फसल को मवेशियों द्वारा बर्बाद कर दिया जाता है। इसी बात को लेकर मानसिक तनाव में थे। इधर भंडरा पुलिस आरोपी युवक जोगिंदर उरांव पर भंडरा थाना कांड संख्या 29/24 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लोहरदगा जेल भेज दिया।

## संगीतकार के पदों पर नियुक्ति के लिये अधिसूचना जारी

**लोहरदगा।** भारतीय सेना द्वारा अग्निवीर में संगीतकार के पदों पर नियुक्ति के लिए अधिसूचना जारी किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी 5 जून तक आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए भारतीय वायु सेना के अधिकारिक वेबसाइट में लॉग इन का ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। आवेदन के बाद केवल रजिस्ट्रेशन पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को ही प्रोविजनल एडमिट कार्ड जारी किया जाएगा जिसे लेकर रैली स्थान पर पहुंचना होगा। भर्ती हेतु रैली का आयोजन 3 जुलाई से 12 जुलाई के बीच एएससी सी/ओ एयर फोर्स स्टेशन कानपुर और 8 एएससी बंगलुरू में किया जाएगा। आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी का अविवाहित होना आवश्यक है। साथ ही, उनका 10वीं की परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। अभ्यर्थी को संगीत की समझ और गायन में सटीकता के साथ संगीत की समझ होना आवश्यक है। उक्त जानकारी सार्जेंट हिमांशु कंडारी (दस एयरमैन सेलेक्शन सेंटर बिहटा) ने दी।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# यूनिफार्म के नाम पर एनजीओ ने कर्मियों से की ठगी

**काम के एवज में कर्मियों को मानदेय का भी नहीं किया भुगतान, अब दूसरे जिले में कर्मियों से ड्रेस के नाम पर की जा रही है ठगी**



कामडारा प्रखंड के ग्राम गाड़ा के ग्रामीणों ने उपायुक्त से सकरघटिया नाला के पास चेकडैम निर्माण की मांग की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में मंगलवार को जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के दूर दराज से आये नागरिकों ने उपायुक्त से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। जिसमें कामडारा प्रखंड के ग्राम गाड़ा के ग्राम वासियों ने उपायुक्त से सकरघटिया नाला के पास चेकडैम निर्माण करने का आग्रह किया। ग्रामीणों ने कहा कि चेक डैम के निर्माण हो जाने से उनके क्षेत्र में खेती करने में उन्हें सहायता मिलेगी। जिसपर उपायुक्त ने जिला कृषि पदाधिकारी को आवेदन अग्रसारित करते हुए उक्त क्षेत्र का निरीक्षण कर आवश्यक जांच रिपोर्ट से उन्हें अवगत कराने का निर्देश दिया। डुमरी प्रखंड के अरमई नवाटोली के ग्राम निवासियों ने आवेदन देकर क्षेत्र में बिजली आपूर्ति संचालन करने का आग्रह किया। ग्रामीणों ने कहा कि वहां बिजली का पोल लगाया गया है। परंतु तार का कनेक्शन नहीं होने के कारण बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिसपर उपायुक्त ने बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता को पत्र अग्रसारित करते हुए उक्त क्षेत्र में अविलंब बिजली कनेक्शन देते हुए अधोहस्ताक्षर के कार्यालय में रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। झारखंड बचाओ ग्राम सभा समिति नामक एनजीओ में गुमला जिले में कार्य करने वाले कर्मियों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर ड्रेस के नाम पर पैसा ठगी करने का आरोप लगाया है। कर्मियों ने कह कि एनजीओ के द्वारा उनसे यूनिफार्म के नाम पर 7,000 रुपए जमा राशि ली गई। उक्त एनजीओ के द्वारा हजारों की संख्या में कर्मियों की बहाली भी की गई। जिसमें से लगभग 400 लोग कार्यरत थे। गुमला जिले से जानकारी दी गई कि उक्त एनजीओ के द्वारा अक्टूबर माह से बहाली की गई एवं कुछ लोगों को छोड़ कर बाकी किसी का अब तक मानदेय भुगतान नहीं किया गया है। राज्य में आचार संहिता के लगने के पश्चात सभी कर्मियों को घर पर बैठा दिया गया एवं अब कंपनी का रवैया बकाया मानदेय राशि के भुगतान का नहीं दिख रहा है तथा अब कंपनी ने दूसरे जिले में बहाली की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। यूनिफार्म के नाम पर दूसरे कर्मियों से भी 10,000 रुपए की मांग की जा रही है। इसकी जानकारी देते हुए कर्मियों ने उपायुक्त से न्याय की गुहार लगायी है। जिसपर उपायुक्त ने उक्त मामले की जांच करने हेतु संबंधित अधिकारियों को पत्र अग्रसारित किया। इसके अलावा अन्य कई आवेदकों ने विभिन्न समस्याओं के लिए उपायुक्त से मुलाकात की। सभी समस्याओं के निवारण हेतु उपायुक्त ने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# एनसीसी के कैडेटों ने नो प्लास्टिक कैंपेन के तहत बांटे क्लॉथ बैग



पर्यावरण सुरक्षा को लेकर आयोजित नो प्लास्टिक कैंपेन कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** नो प्लास्टिक कैंपेन के तहत डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के विद्यार्थी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को 46 झारखंड बटालियन एनसीसी गुमला के एनसीसी कैडेट्स के द्वारा लक्ष्मण नगर एवं अन्य क्षेत्रों में क्लॉथ बैग वितरण एक्टिविटी आयोजित की गई। यह जानकारी देते हुए सहायक एनसीसी अधिकारी अभिजीत झा ने बताया कि कैडेट्स के द्वारा बनाए गए कलाकृति युक्त बैग्स डीजीएनसीसी एवं स्केचपेंट एक्सप्रेस फार इंडिया को भी भेजे जा रहे हैं। 46 झारखंड बटालियन एनसीसी गुमला कमान अधिकारी कर्नल नवीन कुमार एवं डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने इस एक्टिविटी की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियों से कैडेट्स पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील एवं जागरूक होंगे। इस गतिविधि में कैडेट लक्ष्मी कुमारी, कैडेट नूपुर कुमारी, कैडेट खुशी उरांव, कैडेट सृष्टि उरांव, कैडेट रोहन गोप, कैडेट सूरज कुमार सिंह, कैडेट आर्यन कुमार सिंह, कैडेट आदित्य उरांव, कैडेट विक्की कुमार यादव, कैडेट विपुल अग्रवाल, कैडेट शौर्य केसरी, कैडेट लाल कनक, कैडेट आजाद राज, कैडेट सौरांश कुमार, कैडेट श्रीवत्स, कैडेट आदित्य राज ने भाग लिया।

## डीसी के निर्देशन में फाइलेरिया उन्नमूलन को लेकर समन्वय समिति की बैठक संपन्न


बैठक में शामिल अधिकारी।

**लातेहार।** फाइलेरिया उन्नमूलन कार्यक्रम के तहत मंगलवार को रात्रि रक्त-पट्ट संग्रहण के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हेतु उपायुक्त गरिमा सिंह के निदेर्शानुसार जिला समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में संबंधित पदाधिकारियों के साथ आहूत की गई। उक्त बैठक में लातेहार जिला अंतर्गत सभी प्रखण्डों के चयनित ग्रामों में रात्रि रक्त-पट्ट संग्रह कार्य किया जाना है, ताकि जिले में फाइलेरिया रोग के संचरण की स्थिति का आकलन किया जा सके। इसके सफल क्रियान्वयन को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में अपर समाहर्ता श्री रामा रविदास, असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अवधेश सिंह, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक भी.बी.डी. सलाहकार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस, संबंधित अन्य उपस्थित थे।

### गांधी फेलो जयश्री नाग एवं गायत्री कुमारी ने विश्व मासिक स्वच्छता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया

# पिरामल फाउंडेशन ने दी मासिक स्वच्छता की जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिले के अंतर्गत इचाक पंचायत के उपलोर्टो आंगनवाड़ी एवं जालिमखुर्द पंचायत के उदयपुरा आंगनवाड़ी केंद्र में पिरामल फाउंडेशन के एस्पिरेशनल भारत सहयोगी कार्यक्रम के तहत गांधी फेलो गायत्री कुमारी एवं जयश्री नाग ने विश्व मासिक स्वच्छता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया। 28 मई को विश्व मासिक स्वच्छता दिवस मनाया जाता हैं जिससे स्वच्छता के प्रति लोगो को जागरूक किया जा सके एवं अंधविश्वास कुरीतियों को दूर किया जा सके। इस कार्यक्रम में जालिमखुर्द पंचायत की मुखिया सुनीता देवी किशोरियों और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओ, सेविका,साहिया, जल सहिया और सहायिका ने कार्यक्रम में उपस्थित थी। इन सभी सदस्यों ने अपनी उपस्थिति के माध्यम से अपनी साझेदारी और समर्थन का प्रदर्शन किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मासिक स्वच्छता के महत्व को साझा करना और मासिक स्वच्छता से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना था। इस कार्यक्रम में स्थानीय समुदाय की महिलाएं सक्रिय भाग लिया। जयश्री नाग ने महिलाओं और लड़कियों को मासिक स्वच्छता के महत्व पर जागरूक किया और सही मासिक स्वच्छता प्रथाएं सिखाई। गायत्री कुमारी ने पीपीटी एवं लघु फिल्म के माध्यम से किशोरियों एवं महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता और मासिक धर्म से सम्बंधित विभिन्न अंधविश्वास को लेकर जागरूक किया गया जैसे आचार छूने से आचार खराब हो जाते हैं रसोईघर में नहीं जाना इत्यादि ये सब अंधविश्वास है जिसे लेकर समुदाय में जागरूकता की कमी है जानकारी प्रदान किया। मौके पर पंचायत के मुखिया सुनीता देवी, जल सहिया, सेविका, सहायिका एवं समुदाय के लोग उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के माध्यम से जयश्री नाग ने स्वच्छता और स्वास्थ्य के महत्व पर जागरूकता किया, जिससे समुदाय की दिशा में एक सकारात्मक परिवर्तन आ सके।



कार्यक्रम में जानकारी साझा करती अतिथि व मौजूद किशोरी व महिलाएं।

### भ्रांतियों को करें दूर, माहवारी पर खुलकर करे चर्चा: सुनीता खलखो

# विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम में मौजूद लोग।

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र के डुमारो पंचायत सचिवालय में विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं यूनिसेफ के संयुक्त समन्वय से किया गया था। कार्यक्रम मे संबोधित करते हुए मुखिया सुनीता खलखो ने कहा कि आज विश्व स्तर पर माहवारी स्वच्छता प्रबंधन दिवस मनाया जा रहा है। महिलाएं माहवारी के बारे में खुलकर बात करें, जिससे कि आम ग्रामीण क्षेत्रों में भी इससे जुड़ी भ्रांतियां समाप्त हो सके। राज्य स्तर से चलाए जा रहे इस अभियान के बारे में जानकारी देते हुए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के जिला समन्वयक शैलेंद्र कुमार ने कहा कि स्वच्छता के बिना हम अच्छी जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। माहवारी के दिनों में सुरक्षित प्रबंधन जरूरी है, उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में महिलाएं एवं छात्राओं के द्वारा असुरक्षित प्रबंधन करना कई बीमारियों का निमंत्रण देना है। माहवारी के संबंध में खुलकर बात करने से समाज में पहली कई भ्रांतियां दूर होगी। कार्यक्रम में उपस्थित संजीत कुमार ने कहा कि माहवारी एक नियमित प्रक्रिया है ,जो स्वस्थ महिलाओं को प्रत्येक 28 में दिन एक चक्र की भांति आता है। उसके बारे में खुलकर बात करने से कई भ्रांतियों से निजात मिलेगी। यूनिसेफ एवं स्वच्छ भारत मिशन के सहयोग से पूरे जिले में चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन की प्रखंड समन्वयक विवेकानंद उरांव, पंचायत क्षेत्र की सभी जलसहिया स्वास्थ्य सहिया आंगनबाड़ी सेविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं एवं किशोरी छात्राओं ने शिरकत की। विश्व माहवारी स्वच्छता प्रबंधन दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा पंचायत सचिवालय डुमारो में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया।

### भीषण गर्मी का प्रकोप चरम पर, लातेहार में पारा 45 डिग्री पार

# 10 बजते ही सड़क हो जा रहा है वीरान खीरा, तरबूज व आमझोरा की बढ़ी मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार/चंदवा।** लातेहार सदर प्रखंड के साथ चंदवा प्रखण्ड में इस वर्ष भीषण गर्मी का प्रकोप चरम पर है। मंगलवार का दिन लातेहार के लिए इस वर्ष का सबसे गतम दिन रहा है व वर्ष में पहली बार चंदवा का अधिकतम तापमान 45 डिग्री को पार कर गया। 24 मई से 2 जून तक चलने वाले नवतपा का प्रकोप दिखने लगा है। भीषण गर्मी का सितम इस कदर हावी है कि सुबह के 10 बजे से ही सूर्य की तपिश बर्दाश्त से बाहर हो जा रही है। दिन चढ़ते चढ़ते चिलचिलाती धूप व गर्म हवा का प्रकोप इस प्रकार हावी हो जा रहा है कि सुबह 10 बजे के सड़कें वीरान हो जा रही है व लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए है। लोग जरूरी कामकाज के लिए घरों से बाहर निकल भी रहे हैं तो गर्मी व लू से बचने के हर जरूरी उपाय करने के बाद ही हिम्मत कर पा रहे हैं। सरकारी व गैर सरकारी अपस्तालों में भी गर्मी व लू के मरिज काफी संख्या में पहुंच रहें है।

#### खीरा, आमझोरा, सत्तू के शरबत की बढ़ी मांग

भीषण गर्मी व लू के प्रकोप से बचने के लिए लोग हर सम्भव उपाय करते देखे जा रहे हैं। लू से राहत पाने के लिए डॉक्टरों के सलाह अनुसार लोग राहत पाने के लिए तरबूज, खीरा, आम झोरा, सत्तू, बेल का शरबत, गन्ने का रस आदि का सेवन करते देखे जा रहे हैं। डॉक्टरों ने बताया कि अगले कुछ दिनों तक हीटवेव का प्रकोप जारी रहेगा। ऐसे में गर्मी के प्रकोप से बचकर रहने की जरूरत है। घरों से बाहर निकलने पर विशेष ख्याल रखें, खाली पेट घर से बाहर न निकलें, शरीर को हाइड्रेट रखें, पानी व तरल पदार्थ का सेवन भरपूर मात्रा में करें।

## पवित्र परिवार पल्ली गोठगांव का स्वर्ण जयंती समारोह

### विधायक रामचन्द्र सिंह व बिशप फादर मसकरेंहस की शिरकत


कार्यक्रम में मंसस्त अतिथि।

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड।** महुआडांड़ प्रखंड के ग्राम गोठगाव पारिस में पवित्र परिवार पल्ली पुरोहितों द्वारा स्वर्ण जयंती क अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित विधायक रामचन्द्र सिंह एवं बिशप फादर मसकरेंहस के हाथों दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमें मेंढ़ारी, असनारी, हामी, मिरगी, लोध, तेवाही, उरूंबी, चैनपुर अन्य जगहों से आए हजारों धर्मप्रांतियो की साथ धुमधाम से मनाई गई। विधायक रामचन्द्र सिंह की आगमन पर गांव की माताओं बहनों द्वारा स्वागत नृत्य नाच-गान कर उनके साथ आए अतिथियों का स्वागत किया, वही लोगों की मौजूदगी में पारंपरिक रूप से पवित्र परिवार पल्ली गोठगांव स्वर्ण जयंती समारोह आयोजित किया गया जिसका संचालन गोठगांव पारिस के फादर ने किया इसी बीच कई तरह के एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों प्रस्तुत किया गया, वही विधायक रामचन्द्र सिंह ने अपनी हजारों धर्मप्रांतियो को संबोधित किया। मौके पर झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि इफ्तखार अहमद, महुआडांड़ प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, कांग्रेस वरिष्ठ नेता रामनरेश ठाकुर, महुआडांड़ उपप्रमुख अभय मिंज, पंचायती राज के जोनल कोर्डिनेटर अजित पाल कुजूर, कोमल किंडो, रानु खान, रिंकु जी, किशोर तिर्की, नुरूल अंसारी, बसारत, महुआडांड़ युवा कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष आमिर सुहैल, शकील खान, शहीद अख्तर, सद्दाम खान एवं हजारों की संख्या में धर्मप्रांती मौजूद थे।

## बारियातू में बाजार करने आए ग्रामीण की बाईक चोरी

**बारियातू।** थाना अंतर्गत बारियातू साप्ताहिक बाजार करने आए झीरमतकोमा निवासी हुलास गंझु का हीरो स्पेण्डर बाईक की चोरी हो गईं। जानकारी देते हुए भुक्तभोगी हुलास गंझु ने बताया की मेरे पत्नी उदय देवी के नाम से हीरो स्पेण्डर बाईक जेएच 13 डी 2147 से बारियातू घरेलू सामग्री खरीदने आए थे। सुरक्षित स्थान समझ कर बारियातू वन विभाग ऑफिस के सामने बाईक खड़ा कर बाजार में घरेलू सामग्री खरीदने चले गए। जब बाजार से समान खरीद कर वापस आए तो वहाँ से बाईक गायब था। आसपास काफी खोज बिन किए लेकिन कोई पता नहीं चल पाया. इसकी लिखित शिकायत बारियातू थाना में दे गई है। कई वर्षों से बारियातू सहित गांव मुहल्ले में बाईक चोरी हो रही है। बाईक चोरो का गुर्गे का उदभेदन नहीं होने से बाईक चोरी का सिलसिला थम नहीं रहा है।

### मनिका अंचल कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत शंकर सहाय का हुआ मौत

# कर्मियों ने 2 मिनट का मौन रख जताया शोक

खबर मन्त्र संवाददाता



**मनिका।** मनिका अंचल कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत शंकर सहाय का दोनों किडनी खराब हो जाने के कारण दिन सोमवार की रात्रि में उनकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार शंकर सहाय काफी लंबे समय से बीमार चल रहे थे उनका इलाज रांची स्थित राज हॉस्पिटल में किया जा रहा था डॉक्टर ने शंकर सहाय का दोनों किडनी खराब बताया था इलाज के दौरान सोमवार की रात्रि 9:00 बजे उनकी मौत हो गई। बता दें कि शंकर सहायक काफी लंबे समय से मनिका अंचल कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे वे काफी सरल विचार के व्यक्ति थे और उनका अंचल व प्रखंड कार्यालय के कर्मियों एवं ग्रामीणों के साथ अच्छा लगाव था। वहीं उनकी मौत की सूचना मिलने पर अंचल व प्रखंड कार्यालय के साथ-साथ प्रखंड क्षेत्र के लोग काफी दुखी हैं। वहीं अंचल कार्यालय में अंचल व प्रखंड कार्यालय के कर्मियों ने दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना किया। मौके पर मनिका अंचलाधिकारी संतोष कुमार शुक्ला, मुन्ना तिवारी, मनीष पासवान, कमलेश कुमार, संजीत कुमार, संजीव कुमार, लालमोहन सिंह, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## मनरेगा योजना प्रगति की हुई समीक्षा


समीक्षा बैठक में मौजूद अधिकारी व कर्मी।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को प्रखंड बीपीओ मुजफ्फर कमल की अध्यक्षता में मनरेगा योजना की प्रगति की समीक्षात्मक बैठक रखी गई। जिसमें सभी जेई, एई, मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, कम्प्यूटर ऑपरेटर, विभिन्न पंचायत के मुखिया शामिल हुए। मौके पर बोलते हुए बीपीओ मुजफर कमाल कहा कि मनरेगा के तहत होने वाले कार्य टीसीबी योजना, आम बागवानी, कूप निर्माण को जल्द से जल्द पूरा करे। हो रहे कार्य में और तेजी लाने का निर्देश दिया। इसके अलावा आधार बेस पेमेंट पूरा करने, आम बागवानी के लक्ष्य को पूरा करने का कार्य जल्द से जल्द पूरा करने की बात कही। मौके पर मुखिया नरेश लोहरा, नरेश उरांव, कुमारी भगवती, विमला देवी, नीलिमा तिर्की, सोनमणी देवी, संध्या देवी समेत कई लोग शामिल थे।

# केन्द्रीय विद्यालय में चार दिवसीय चित्रकला का हुआ समापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** केंद्रीय विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रदीप कुमार ठाकुर ने कहा कि कला अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है।

उन्होने कहा कि कला के माध्यम से हम अपनी प्राचीन धरोहरों को विकसित कर सकते हैं। आज हम अपनी प्राचीन धरोहरों को खो रहे हैं। सामाजिक संरचना के आवश्यक तत्व विलुप्त होते जा रहे हैं कला के माध्यम से हम समाज को जोड़ सकते हैं। ठाकुर मंगलवार को विद्यालय परिसर में आयोजित चार दिवसीय चित्रकाला (लोक कला) के समापन के मौके पर बोल रहे थे। उन्होने आगे कहा कि समाज उपयोगी उत्पाद कार्य देश की समृद्ध धरोहर व सांसकृतिक पंरपराओं के पुर्नगठन और इसे पुर्नजीवित करने का अवसर प्रदान करता है।

कार्यशाला में वाराणसी के जाने माने कलाकार कमला सिंह ने बच्चों को चित्रकला की बारिकियों की जानकारी दी।

मौके पर कला शिक्षक अनुराग कश्यप, कनिष्ठ सचिवालय सहायक भीम कुमार सिंह प्रतिभागियों में रुचि कुमारी, खुशी कुमारी, अनुष्का कुमारी, अर्पित राज, पीयूष कुमार और अनुप्रिया कुमारी आदि ने भाग लिया। श्री ठाकुर ने बताया कि विद्यालय की विशेष अवसर पर इन चित्रों को प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

### कुटमू चौक स्थित बाजार के कारण कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

# वाहन की चपेट में आने से भयभीत रहते हैं दुकानदार


चौक पर लगा बाजार।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेतला।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के बेतला पंचायत अंतर्गत कुटमु चौक स्थित आए दिन बाजार में काफी संख्या में भीड़ होती जा रही है,ऐसे में बाजार में आए ग्राहक और दुकानदार काफी भयभीत नजर आते हैं, बताते चले बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के बेतला नेशनल पार्क देश एवं विदेशों में मशहूर है, यहां पर्यटक घूमने और पर्यटन स्थलों का दीदार करने लगातार आते रहते हैं,इसके साथ ही इस चौक मुख्य रूप से काफी व्यस्ततम चौक माना जाता है, बेतला से मेदिनीनगर की ओर, एवं बरवाडीह से मेदीनीनगर की ओर एवं मेदिनीनगर से बेतला एवं बरवाडीह की ओर दिनभर वाहनों की लगातार आवागमन होते रहता है, कुटमु चौक पर बाजार सोमवार एवं बृहस्पतिवार को लगता है, ऐसे में दुकानदार एवं बाजार में आने वाले ग्राहक गाड़ियों की आवाजाही से काफी भयभीत रहते हैं, लोगों की मांने तो उन्हें आशंका रहता है की तेज गति से वाहन यदि बाजार क्षेत्र में पहुंचे तो कई लोगों की जान जा सकती है।

#### प्रखंड व जिला पुलिस प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि सार्थक प्रयास करें तो बाजार दूसरे स्थल पर कराया जा सकता है शिफ्ट

आसपास के दुकानदार और ग्रामीणों की माने तो इस मामले में प्रखंड पुलिस प्रशासन के साथ-साथ जिला प्रशासन, एवं जनप्रतिनिधि ग्रामीण के साथ आपसी तालमेल के साथ सार्थक प्रयास करें, तो कुटमु चौक पर जो बाजार लगता है, उसे सरकारी भूमि पर लगाया जा सकता है, ताकि चौक पर बाजार लगने से आए दिन दुर्घटना होने की संभावनाएं बनी रहती है, ऐसे में मनिका विधायक रामचंद्र सिंह के साथ-साथ पंचायत प्रतिनिधि प्रखंड पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन सार्थक प्रयास करे, क्योंकि आए दिन कुटमु चौक दिन प्रतिदिन व्यस्ततम चौक होते जा रहा है, दुर्घटना होने से पहले इसे सार्थक प्रयास कर सरकारी भूमि पर बाजार लगाए तो बहुत ही अच्छा होगा।

#### क्या कहते हैं, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह

इस संबंध में मनिका विधायक रामचंद्र ने कहा कि यह बहुत ही अच्छा प्रयास होगा, हम सभी के लिए क्योंकि आबादी बढ़ने के साथ-साथ वाहनों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है, एवं बाजार में अत्यधिक भीड़ होने के कारण सड़क भी अवरुद्ध हो जाता है, ऐसे में यदि किसी वाहन तेज गति से बाजार क्षेत्र में घुस जाए तो अत्यधिक लोगों की नुकसान होगी, में शीघ्र ही प्रयास करके सरकारी भूमि पर बाजार को स्थानांतरित करवाने का प्रयास करूंगा।

## प्रवासी मजदूर की असम में हुई मौत, शव पहुंचते हैं परिजनों का रो-रो कर हुआ बुरा हाल



खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज/बरहेट।** बरहेट थाना क्षेत्र के पेटखासा गांव के निवासी 55 वर्षीय विष्णु बागती असम गुवाहटी में बिल्डिंग में काम करने के दौरान मौत हो गई। जिसका शव मंगलवार को असम के एम्बुलेंस से बरहेट पेटखासा लाया गया। शव के पहुंचते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हुआ। उसके परिजनों ने बताया असम में बिल्डिंग का काम करने के दौरान उसकी मृत्यु हो गई और यह सूचना रविवार रात 12:00 बजे को उसकी पत्नी भेलू देवी को मिला। जबकि घटना रविवार रात्रि 8:00 बजे की है। उसकी पत्नी भेलो देवी एवं पुत्र सीरीस बाक्ती ने इस संबंध में स्पष्ट नहीं बताने पाया ।लेकिन उसके साथ में जो मजदूर काम कर रहे थे उस मजदूर ने सिरीस बाक्ति को बताया कि खाना खाने के लिए सभी दोस्त लोग बैठे थे, और तभी वह आकर बोला कि तुम लोग पहले खाना खा रहा है और वह भी आकर थाली लेकर खाना लाने के लिए कैंटीन गया लेकिन वह फिर वापस आया नहीं ।इसी बीच में हादसा हुई और मौत हो गई।

स्पीड न्यूज

## महिला ने की आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** शहर के डफली मोहल्ला में सोमवार की रात्रि दिवेश्वर सिंह की पत्नी सुगंधा सिंह ने अपने पति के प्रताड़ना से तंग आकर छत से कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास की। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में सुगंधा ने का कि उसका पति शादी के कुछ दिन बाद से ही उसके साथ बराबर मारपीट व शारीरिक शोषण करता रहता है। इससे तंग आकर उसने छत से ऊपर से डलांग लगा दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद उसे आस पास लोगो ने गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया। इस घटना में उसका दोनों हाथ बुरी तरह से फैक्कर हो गया है।

## नाबालिग को भगाने के जुर्म में युवक गिरफ्तार

**मझिआंव।** मझिआंव थाना क्षेत्र से एक नाबालिक लड़की को शादी के नियत से भगा ले जाने के जुर्म में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार नाबालिग लड़की क्षेत्र की बताई जा रही है। इस संबंध में परिजनों ने बताया कि 17 वर्षीय लड़की पलामू जिला के रेहला में 6 माह से काम कर रही थी। वहीं 17 मई 2024 को अचानक गायब होने की सूचना मिली तो मैं 18 मई को मझिआंव थाना में गुमशुदगी का सूचना दी की और थाना द्वारा खो बीन किया जा रहा था। वहीं पुलिसिया दबाव मिलने के बाद गढ़वा जिला के परठीया गांव निवासी सुरेंद्र चौधरी अपने पुत्र विकास चौधरी एवं लड़की को गढ़वा थाना को प्रस्तुत किए। उसके बाद मझिआंव पुलिस ने लड़का और लड़की को मझिआंव लाया गया। परिजनों ने बताया कि मेरी लड़की को सुभाष चौधरी शादी के नियत से भगाकर ले गया था। सारी घटना के संबंध में लड़की ने बताई की वह गर्भवती भी है। इस संबंध में थाना से मिली जानकारी के अनुसार सुभाष चौधरी के खिलाफ थाना कांड संख्या 43/24 के अंतर्गत पोक्सो एक्ट के तहत प्राथमिक की दर्ज की गई। अभियुक्त को नयायिक हिरासत में भेजा गया है।

## महिला के साथ मारपीट

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के हूर मध्या गांव निवासी सत्यानंद चौबे की पत्नी शारदा देवी मारपीट की घटना में घायल हो गई। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। इस संबंध में शारदा ने गढ़वा थाना में दिये आवेदन में कहा है कि उसका पति साहेबगंज में जैप वन में पदस्थापित है। घर में अपने बेटे के साथ रहती है। वह अपने नया मकान से बेटे के साथ पुराने घर में जा रही थी। इस दौरान उसने देखा कि कामेश्वर चौबे, अमित कुमार चौबे एवं सुभद्रा देवी आम को कटवाकर ले जाने का प्रयास कर रहे थे, उसमें हिस्सा मांगने पर उक्त लोगों ने गाली गलौज करते हुए शारदा देवी के साथ मारपीट कर दिया।

## डीडीसी ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**धुरकी।** गढ़वा डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा ने धुरकी प्रखंड कार्यालय पहुंचकर प्रखंड क्षेत्र में सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास कार्यों का समीक्षा बीडीओ जुल्फिकार अंसारी के साथ किया। डीडीसी ने सभी जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए बीडीओ को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पुरानी योजनाओं को तत्परतापूर्वक पूर्ण करते हुए बिरसा हरित अप योजना को जल्दबाजी में पूर्ण करें। बरसात का मौसम शीघ्र ही आने वाला है इसलिए कूप की योजना शीघ्र पूरा होना चाहिए। अबुआ आवास की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन लाभुक के प्रथम किस्त की राशि उनके खाते में चली गई है वह शीघ्र ही पीलीनथ का कार्य करें, इसकी निगरानी करने का निर्देश भी दिया। प्रधानमंत्री आवास जन मन आवास भी शीघ्रता के साथ पूर्ण करने का निर्देश देते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी धरातल पर उतारने का निर्देश दिया।मौके पर कनिय अभियंता मुकेश दुबे, लव कुमार, पंचायत सेवक शिव शंकर ठाकुर, जगदीश राम, रघुनाथ सिंह आदि उपस्थित थे।

# भाजपा शरीयत कानून लागू नहीं होने देगी : योगी

खबर मन्त्र संवाददाता



**भोजपुर (बिहार)।** बिहार के आरा लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार आरके सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा भारत में शरीयत कानून लागू नहीं होने देगी। लालू ने कहा है कि ओबीसी का आरक्षण मुसलमानों को दे देंगे। हिंदुओं का आरक्षण हम किसी को कतई नहीं देने देंगे। सीएम योगी ने कहा कि कलकत्ता हाई कोर्ट ने तृणमूल कांग्रेस के फैसले को पलटते हुए कहा कि धर्म के आधार पर मुसलमान को आरक्षण नहीं दे सकते। इसके बावजूद यह लोग देश के खिलाफ छल कर रहे हैं। यह आपके साथ कपट कर रहे हैं। यह लोग जाति के नाम पर लड़ाएंगे, फिर अलग-अलग वर्ग करेंगे। फिर कहेंगे कि आपका आधा हिस्सा मुसलमान दे देंगे। कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में इन लोगों ने मुसलमानों को आरक्षण दे दिया। सीएम योगी ने कहा कि यह देश को बचाने का चुनाव है। इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ का नारा दिया था। 54 वर्ष बाद नाती भी वही नारा लगा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि संपत्ति का एक्सरे कराकर विरासत टैक्स लगाएंगे। आपके पूर्वजों की संपत्ति में आधी राजद व कांग्रेस वाले ले लेंगे और पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान से आए घुसपैठी मुसलमानों को दे देंगे। देश यह कतई स्वीकार नहीं करेगा। योगी ने कहा कि कांग्रेस व राजद के अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस गई है। औरंगजेब ने हिंदुओं पर जजिया कर लगाया था। कांग्रेस-राजद वाले विरासत टैक्स लगाना चाहते हैं। यह खानपान के नाम पर मुसलमानों को गोहत्या की छूट देना चाहते हैं लेकिन हिंदू यह बर्दाशत नहीं करेगा। हम लोग गोहत्यारों को सत्ता नहीं देंगे। कांग्रेस, राजद को वोट देने का मतलब सिर पर पाप ले लेना है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आरा ने आरके सिंह को चुनाव जिताया तो उन्होंने राजद के अंधकार को दूर कर जगह-जगह बिजली पहुंचाई और पूरे देश को उजाला दिया। आरके सिंह के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के एक लाख 20 हजार मजरों में बिजली पहुंचाई गई। 1.53 करोड़ गरीबों को फ्री में विद्युत कनेक्शन दिए गए। अब उत्तर प्रदेश में बिजली 24 घंटे मिलती है। आरा ने सांसद चुना। आपका एक वोट यश का भागीदार बना देता है। सीएम योगी ने कहा कि मोदी के अभियान, मिशन और विजन को आरके सिंह पूरे देश में लागू कर रहे हैं। इससे बिहार और आरा का नाम हो रहा है। जनता अच्छा फैसला लेती है तो परिणाम अच्छे आते हैं। सात वर्ष से नो कर्फ्यू, नो दंगा, यूपी में सब चंगा है। हमने भगवान राम के संकल्प को जीवन का हिस्सा बनाया। यूपी में अब कोई रंगदारी नहीं लेता। माफिया की वहां रामनाम सत्य की यात्रा निकल गई। बेटी-व्यापारी के लिए खतरा बनने वाले को यमराज अगले चौराहे से उठा ले जाते हैं। बिहार में राजद और कांग्रेस का गठबंधन फिर से नक्सलियों को आपकी सुरक्षा में सेंध लगाने भेज रहा है। इसे पनपने न देना। योगी ने कहा कि हमने बदलते भारत को देखा है। 2014 के पहले और बाद के भारत में जमीन-आसमां का अंतर दिखेगा। 2014 के पहले के भारत में कांग्रेस और बिहार में राजद ने पहचान का संकट खड़ा किया था लेकिन 2014 के बाद का भारत दुनिया में सम्मान प्राप्त कर रहा है। 2014 के बाद के भारत में आतंकवाद और नक्सलवाद समाप्त हो गया। जब देश मजबूत हाथों में रहता है तो दुश्मन दबकर चलते हैं। जनसभा में आरा के सांसद व लोकसभा उम्मीदवार आरके सिंह, बड़हरा के विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, आरा के विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह, जनक सिंह, पूर्व राज्यसभा सदस्य आरके सिन्हा, भाजपा के जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, जदयू जिलाध्यक्ष संजय सिंह, जिलाध्यक्ष लोजपा राजेश्वर सिंह, प्रखंड अध्यक्ष जदयू दुर्गा पटेल, पूर्व सांसद मीना सिंह, पूर्व विधायक मुन्नी देवी आदि की मौजूदगी रही।

## भतीजे की बलि देने वाले चाचा और तांत्रिक को आजीवन कारावास की सजा

**भागलपुर।** दस वर्षीय बच्चे की बलि देने के मामले में न्यायालय ने चचेरा चाचा और तांत्रिक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। पीरपैंती निवासी बच्चे के चाचा शिवनंदन रविदास और तांत्रिक विलास मंडल को आजीवन कारावास के साथ 50 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। एससी-एसटी एक्ट में विशेष कोर्ट ने सजा सुनाई है। सुनवाई में शामिल स्पेशल पीपी रमेश चौधरी ने बताया कि पीरपैंती के विनोबा टोला निवासी मीना देवी ने बेटे कन्हैया कुमार की हत्या के मामले में पीरपैंती थाने में केस दर्ज कराया था। मामले में उन्होंने चचेरा देवर शिवनंदन रविदास और तांत्रिक विलास मंडल पर बेटे की हत्या का आरोप लगाया था। उल्लेखनीय है कि मीना देवी ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया था कि 27 अक्टूबर 2019 को देवर शिवनंदन रविदास और तांत्रिक विलास मंडल मेरे बेटे कन्हैया को पटाखा दिलाने के बहाने घर से बुलाकर ले गया था। उसके बाद से मेरा बेटा घर वापस नहीं लौटा। लेकिन अगले दिन वह घर के पीछे खून से लथपथ मृत हालात में मिला था। शिवनंदन रविदास और तांत्रिक विलास मंडल ने मिलकर कन्हैया की बलि दे दी थी। क्योंकि रविदास को बच्चा नहीं होने पर तांत्रिक विलास ने उसको बोला था कि बली देने से उसे बच्चा हो जाएगा।

## बिहार की सियासत में 4 जून के बाद फिर से होगा बड़ा उलटफेर : तेजस्वी

एजेंसी



**पटना।** लोकसभा चुनाव के अंतिम क्षणों में राजनेता एक से बढ़कर एक दावे कर रहे हैं। इस बीच बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में इशारों-इशारों में कह दिया कि बिहार की सियासत में चार जून के बाद फिर से बड़ा उलटफेर हो सकता है। तेजस्वी ने दावा किया कि चुनाव के नतीजे आने के साथ ही नीतीश कुमार एक बार फिर से पलटी मारकर महागठबंधन के साथ आ जाएंगे। नीतीश कुमार चार जून के बाद किसी भी वक्त बड़ा फैसला ले सकते हैं। तेजस्वी ने कहा कि पीएम ने सच ही कहा है कि चार जून के बाद देश में नया दौर शुरू हो जाएगा।

उन्होंने ऐसा इसलिए कहा कि वह जानते हैं कि चार जून के बाद भाजपा सफाचट हो जाएगी और जहां बिहार की बात है तो चार जून के बाद हमारे चाचा पिछड़ों की राजनीति और अपनी पार्टी को बचाने के लिए कोई भी बड़ा फैसला ले सकते हैं।

## वायुसेना में भर्ती के लिए किया गया प्रेरित

खबर मन्त्र संवाददाता



युवाओं के साथ वायुसेना के अधिकारी

**गढ़वा।** भारतीय वायुसेना ने सोमवार को जिले के दो स्किल सेंटर में युवाओं को वायुसेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित करने और भर्ती से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों को बताने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस पहल का उद्देश्य जिले के युवाओं को वायुसेना में कैरियर बनाने के अवसरों के बारे में जागरूक करना था। इस कार्यक्रम में वायुसेना के अधिकारियों ने भर्ती प्रक्रिया, योग्यता मानदंड, प्रशिक्षण कार्यक्रम और भविष्य के करियर अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वायुसेना की तरफ से प्रदीप सिंह और हिमांशु ने इस कार्यक्रम का नेतृत्व किया। उन्होंने जिला नियोजन पदाधिकारी नीरज कुमार से मुलाकात की और युवाओं को अधिक संख्या में वायुसेना में भर्ती के फॉर्म भरने के लिए प्रेरित करने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की।

नीरज कुमार ने भी युवाओं को इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने और वायुसेना में सेवा देने के लिए प्रोत्साहित किया। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि इस प्रयास से अधिक से अधिक युवा वायुसेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित होंगे और देश की सेवा में अपना योगदान देंगे। आने वाले दिनों में ऐसे और भी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा ताकि युवाओं को वायुसेना में कैरियर बनाने के और अवसर मिल सकें।

## नाली सफाई के बाद सड़क पर फैला मिट्टी और पत्थर

खबर मन्त्र संवाददाता



सड़क पर फैला मिट्टी-पत्थर

**कांडी।** बाजार क्षेत्र में मुख्य सड़क किनारे बने नाली सफाई के बाद निकले मिट्टी व पत्थर से सड़क अवरुद्ध हो गया है। इस कारण सड़क पर आवागमन अवरुद्ध हो रहा है। ग्रामीण बैंक के नजदीक से कॉलेज मोड़ तक मुख्य सड़क में पूर्वी किनारे बने नाली जाम होने के कारण पिछले दिनों नाली का सफाई किया गया था। नाली जाम रहने से सड़क पर जमा पानी का निकास नहीं हो पाता था। नाली सफाई के दौरान नाली से निकले मिट्टी व पत्थर सड़क के किनारे पड़ा हुआ है। जिसके कारण सड़क पर आवागमन प्रभावित हो रहा है। हर समय जाम की स्थिति बनी रह रही है। इस विषय में पूछे जाने पर पंचायत मुखिया विजय राम ने बताया कि जेसीबी नहीं मिल रहा है। एक दो दिनों के अंदर सड़क की सफाई करा दी जाएगी।

## विधायक ने सेल जीएम से की आवास खाली करने संबंधी नोटिस को निरस्त करने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** सेल के टाउनशिप आवासीय क्वार्टरों में अनिधिकृत रूप से रहे लोग सेल प्रबंधन द्वारा आवास खाली करने संबंधी नोटिस दिये जाने के बाद विधायक भानु प्रताप शाही ने सेल जीएम से मुलाकात कर आवास खाली करने संबंधी नोटिस को निरस्त करने की मांग किया है। उन्होंने कहा कि टाउनशिप में 50 वर्षो से रह रहे लोगो को सेल प्रबंधन द्वारा हटाने की कोशिश किया जा रहा है।

सेल स्थापना के समय यहां के पूर्वजो ने हजारो एकड़ भूमि सेल को दिया। भू मालिक और यहां के लोगों को सेल प्रबंधन द्वारा प्रताड़ित करने की कोशिश किया जा रहा है, जो किसी भी स्थिति में बर्दास्त नहीं किया जायेगा। वहीं सेल जीएम मनोज कुमार ने विधायक को आश्वस्त किया कि सेल क्वार्टर में रह रहे लोगो को नहीं हटाया जायेगा। विधायक ने सेल जीएम से यह भी कहा कि सेल के दो कर्मी पैसा लेकर क्वार्टर आवंटन कर रहे है।

उन कर्मियों द्वारा टाउनशिप आवासीय परिसर में लग रहे नलजल योजना में ठेकेदार को भयादोहन कर अवैध तरीके से पैसा उगाही कर लिया गया है। जिसे लेकर सेल के विजिलेंस को उक्त कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए लिखित देने की बात कही है।

## भाजपा एनडीए गठबंधन को जनता ने किया है स्वीकार : भानु प्रताप

खबर मन्त्र संवाददाता



भानु प्रताप शाही

**भवनाथपुर।** झारखंड में सफल हुआ लोकसभा चुनाव में अब तक 11 सीटो पर मतदान पूरा हो चूका है और इन ग्यारह के ग्यारह सीटों पर दस फूल व एक फल के साथ भाजपा एनडीए गठबंधन को जनता ने स्वीकार करने का काम किया है। उक्त बाते विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने मंगलवार को टाउनशिप स्थित अपने आवास पर प्रेस वार्ता कर कही। उन्होंने कहा कि भाजपा ने मुझे स्टार प्रचारक बना कर कई लोकसभा क्षेत्रो में भेजने का कार्य किया। पलामू, चतरा, रांची, हजारीबाग, धनबाद, गिरिडीह, जमशेदपुर लोस क्षेत्र में पहुंचकर वहां के पार्टी कार्यकताओं के साथ जी तोड़ मेहनत कर पसीना बहाया। कहा कि अभी तक संपन्न हुए प्रदेश की 11 लोस सीट पर कार्यकताओं की फीडबैक, प्रेस मिडिया व न्यूट्रल सोर्स से यह बात सामने आ रही है कि सभी 11 सीट भाजपा व आजसू के खाते में पहुंच चुकी है, और शेष बचे गोड्डा, दुमका व राजमहल लोस सीट भी शत प्रतिशत भाजपा के खाते में आयेगी। उन्होंने कहा कि सभी को 4 जून का इंतजार करना है। 400 पार का नारा जो प्रधानमंत्री ने दिया है, उसे हम लोग पार करेंगे ये जनता के मूड से दिखाई दे रहा है। कहा कि महिलाओं ने जाति धर्म से उपर उठकर अपना शत प्रतिशत वोट बीजेपी को दिया है। देश को सशक्त, मजबूत, विकसित राष्ट्र बनाने तथा भविष्य के खुशहाली के लिए राज्य के जनता ने प्रदेश के सभी चौदहों सीट पर भाजपा को जिताने का संकल्प लिया है, ताकि अधूरे पड़े विकास कार्यो को पूरा किया जा सके।

## ग्रामीणों ने कहा, हम किसी के बंधुआ वोटर नहीं हैं

खबर मन्त्र संवाददाता



ग्रामीणों से बातचीत करते नरेष प्रसाद सिंह

**मझिआंव।** लोकसभा चुनाव संपन्न के बाद मझिआंव-विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी सह राजद प्रदेश महासचिव नरेश प्रसाद सिंह मझिआंव प्रखंड क्षेत्र के रानीताली गांव स्थित अनुसूचित जाति के टोला पहुंचे। वहीं टोला पर एकत्रित लोगों के बीच में श्री सिंह मुखातिब हुए। इस दौरान जनेश्वर भारती एवं उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि किसी के बंधुआ वोटर नहीं हैं। गरीबों व असहायों तथा मेहनतकश अवाम के प्रति आपका समर्पण देख कर हम सबों ने आपके समर्थन का निर्णय लिया है। लोगों ने कहा कि दशकों से जिनका लगातार समर्थन किया उन्होंने वोट लेने के बाद कभी पलटकर देखा तक नहीं। ऐसे में उन्होंने सामुहिक रूप से उनके लिए सर्वदा प्रयत्नशील संगठन के समर्थन का निर्णय लिया है। वहीं मिली जानकारी के अनुसार समाजसेवी सह राजद के प्रदेश महासचिव नरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि मैं पिछले 8 वर्षो से क्षेत्र के सभी 7 प्रखंडों में बिना किसी भेदभाव के विकास व जन कल्याणकारी कार्य कराए हैं। राजद सामाजिक न्याय की अवधारणा पर आधारित पार्टी है। कतार के अंतिम आदमी को उसका हक व अधिकार तथा न्याय दिलाना ही हमारा उद्देश्य है। मौके पर मौजूद लोगों ने एक स्वर से इस घोषणा का स्वागत किया। मौके पर अशोक राम, सोनू राम, राजेन्द्र राम, संजय राम, विनय राम, धनंजय राम, राजेश्वर राम, सुदामा राम, धर्मेन्द्र सिंह खरवार, बिरेंद्र सोनी सहित दर्जनों महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

## एक नजर में

### सोशल वर्कर सस्था ने किया भंडारा का आयोजन

**गढ़वा।** सोशल वर्कर संस्था के तत्वावधान में मंगलवार को शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर के समीप भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान भंडारा में प्रसाद स्वरूप पूड़ी-सब्जी व बुन्दिया का वितरण किया गया। इस दौरान समाजसेवी अशोक केशरी ने अपने जन्मदिन पर भंडारा में सहयोग किया। मौके पर अशोक केशरी ने कहा कि इससे पूर्व में भी मैनें संस्था के युवावों के साथ अपने शादी के सालगिरह पर जरूरतमंदों के बीच खुशियां जाहिर की थी। भंडारा में लोगों की सेवा कर मन को काफी सुकून मिला। उन्होंने कहा कि सोशल वर्कर संस्था का यह कार्य काफी सराहनीय है। संस्था के संचालक आकाश केशरी ने कहा कि शहर के लोग फूड फॉर हंगर का प्रोजेक्ट को अनवरत जारी रखने में सहयोग दे रहे हैं। मौके पर शुभम केशरी, अनमोल कश्यप, उमंग सोनी, राज कश्यप, लक्की मधेसिया, अमन कश्यप, सत्यम कश्यप, मनीष केशरी, चेतन केशरी, अंशु कांस्यकार आदि उपस्थित थे।

### सहायक अध्यापक संघ के अध्यक्ष का निधन

**रंका।** प्रखंड सहायक अध्यापक संघ के अध्यक्ष सह प्राथमिक विद्यालय उल्का के प्रधान शिक्षक संजय कुमार भारती का आकस्मिक निधन सोमवार की रात्रि उनके आवास तमगे कला में हो गया। वे एक माह से अस्वस्थ थे। उनका इलाज रांची से चल रहा था। उनका अंतिम संस्कार तमगे खुर्द के बगल में केदाल शिवबेला के पास कुदरूम रोड में किया गया। उनके निधन पर शिक्षा विभाग के विभिन्न विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों प्रधानाध्यापको, सहायक शिक्षकों ने दुःख व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोक व्यक्त करने वालों में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंभा चौबे, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे, लेखपाल अभय कुमार, विनोद कुमार ठाकुर, आनंद कुमार, राम बदन राम, बीआरपी महबूब अंसारी, सीआरपी प्रदीप एक्का, पंकज कुमार गुप्ता, संजय प्रसाद, देवेंद्र नाथ, राकेश कुमार तिवारी, सद्दाम खान, शिक्षक धीरज कुमार सिंह, घनश्याम ठाकुर, शशि भूषण कुमार, पिंटू पांडेय, राजेश चौबे, इरफान अंसारी आदि का नाम शामिल है।

### बांस बल्ली के सहारे ताना गया है बिजली तार

**कांडी।** प्रखंड के शिवपुर पंचायत अंतर्गत अधौरा गांव स्थित गवर्नर रोड में हाई स्कूल गरदाहा से आश्रम मोड़ तक दर्जनों ऐसे बिजली उपभोक्ता हैं जो बांस बल्ली के सहारे बिजली कनेक्शन अपने घरों तक लेकर गए हैं। विभाग द्वारा उनके घरों तक बिजली पोल नही लगाया गया है। लाचार व मजबूर होकर पांच पांच सौ फीट दूर से बांस बल्ली गाड़कर अपने घरों तक बिजली कनेक्शन लाकर बिजली जलाने को मजबूर हैं। ऐसी स्थिति में कभी भी कोई बड़ी घटना दुर्घटना घट सकती है।

## पेज एक का शेष

### झारखंड की सबसे...

**आपको लूटनेवालों से पिंड छुड़ायें :** महा विजय संकल्प जनसभा मोदी ने झामुमो और कांग्रेस पर जम कर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 4 जून के बाद भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई और तेज होगी। इन लोगों ने जमीन हड़पने के लिए अपने माता-पिता का नाम बदल लिये । अब गरीबों और आदिवासियों की जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। इन लोगों ने तो सेना की जमीन को भी लूट लिया। आपको झारखंड को इन लोगों से मुक्ति दिलानी ही होगी। मोदी ने कहा- इंडी गठबंधन के लिए सिर्फ अपना वोट बैंक जरूरी है। उसे आदिवासी समाज के हितों से कोई लेना-देना नहीं है। जहां-जहां ये लोग सत्ता में आये आदिवासी समाज और संस्कृति खतरे में पड़ गयी। आदिवासियों के खिलाफ नक्सलवाद, घुसपैठ और तुष्टीकरण इनके हथियार रहे हैं।

**सुंदर पहाड़ों की जगह नोट के पहाड़ की चर्चा :** पीएम ने कहा कि झामुमो, कांग्रेस और राजद के नेता खुलेआम, बेशर्मी के साथ धमकी दे रहे हैं। कह रहे हैं कि मोदी को हटाना है, ताकि उनको फिर से घोटाले करने का मौका मिल सके। उन्होंने कहा- झामुमो और कांग्रेस झारखंड को हर तरह से लूट रहे हैं। यहां इतने खूबसूरत पहाड़ है, लेकिन झारखंड की चर्चा नोटों के पहाड़ के लिए हो रही है। झामुमो और कांग्रेस वालों के यहां नोटों के पहाड़ पकड़े जा रहे हैं। ये पैसा आ रहा है शराब के घोटाले से, ये पैसा आ रहा है करोड़ों रुपयों के टेंडर के घोटाले से, ये पैसा आ रहा है खान-खनिज-खनन घोटाले से।

### तानशाही सरकार के ...

**मोदी के घुसपैठिये वाले बयान पर पलटवार :** वहीं दुमका में पीएम मोदी द्वारा झामुमो और कांग्रेस पर घुसपैठियों को संरक्षण देने के बयान पर कल्पना सोरेन ने प्रतिक्रिया दी। कल्पना सोरेन ने कहा कि झामुमो झारखंडी और देश के लोगों को संरक्षण देने का काम कर रही न की बाहरी घुसपैठियों को। उन्होंने कहा कि भाजपा आदिवासी, अल्पसंख्यकों और पिछड़ा वर्ग को पसंद नहीं करती है। वह पाकुड़ में राजमहल सीट से झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा के पक्ष में चुनावी सभा में बोल रहीं थीं।

**आदिवासी, अल्पसंख्यक भाजपा को नहीं सुहाता :** कल्पना सोरेन ने कहा कि हम जब अपना अधिकार मांगते हैं तो विपक्षी दलों के नेताओं और सरकार को दबाने और फंसाने का काम किया जा रहा। कहा कि भाजपा को आदिवासी, अल्पसंख्यकों और पिछड़ा वर्ग के लोग नहीं सुहाते है। वोट का इस्तेमाल करके भाजपा को सबक सिखाना है। उन्होंने मोदी सरकार के कार्यकाल में बढ़ती महंगाई, बेरोजगरी का जिक्र करते हुए लोगों से इससे मुक्ति के लिए इंडिया गठबंधन को मजबूत करने की अपील की।

### मंत्री और मनीष से...

इडी झारखंड के एक बड़े ठेकेदार को भी समन जारी कर सकती है। इधर, इडी ने अपने बैच में टॉपर मनीष रंजन की कड़ी परीक्षा ली। ये प्रतियोगी परीक्षा नहीं, बल्कि टेंडर कमीशन घोटाले में टॉप करने का मंत्र किसके इशारे पर हुई।

**इडी का दावा, सभी लेते थे टेंडर में कमीशन :** इडी ने कोर्ट में खुलासा किया था कि ग्रामीण विकास विभाग के टेंडर में अधिकारी से लेकर मंत्री तक कमीशन लेते थे। मंत्री के पीएस संजीव लाल और उसके निजी सहायक जहांगीर आलम के घर पर छापेमारी में ईडी को नोटों के ढेर मिले थे। जिसके बाद ईडी ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया था। बाद में ईडी ने आलमगीर आलम से 14 को नौ घंटे और 15 मई को छह घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

### जुमलेबाजों नहीं देश ...

देश में इंडिया गठबंधन एक मुद्दा, एक सोच के साथ मैदान में है। बेरोजगारी, महिलाओं का उत्थान समेत कई घोषणाएं की गयी हैं। सीएम ने कहा, हमारी सरकार जनकल्याण को लेकर हुए काम के आधार पर वोट मांग रही है। झारखंड में लंबे समय तक भाजपा का राज रहा लेकिन ना तो आदिवासी का कल्याण हुआ और ना ही मूलवासी और गरीब का। आदिवासी को बचाने के लिए सरना धर्म कोड को मान्यता नहीं दिया जा रहा है। ओबीसी को 14 से 27 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग को ठंडे बस्ते में डालकर रखा गया है। राजभवन में यह मामला पेंडिंग है। स्थानीय नीति पर भी भाजपा ने चुप्पी साध रखी है।

सीएम ने कहा कि भाजपावाले कौन सा मुद्दा लेकर आये हैं। कभी महंगाई और बेरोजगारी की बात नहीं की। एक बार उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर दे दिया। फिर कोई सुविधा नहीं। इनकी कोई घोषणा सच साबित नहीं हुई, फिर किस आधार पर वोट मांग रहे हैं। सीएम ने कहा कि गरीबी कैसे कम हुई है। आज भी आप 80 करोड़ जनता को 5 किलो अनाज दे रहे हैं। इससे साफ है कि गरीबी बरकरार है। इस सरकार ने चंद पूंजीपतियों के लिए जरुर काम किया है, उनकी तरक्की हुई।

**400 पार के नारे में नहीं है दम :** सीएम का कहना है कि समझ में नहीं आता कि आखिर भाजपा वाले किस आधार पर दावा कर रहे हैं कि इस बार 400 से ज्यादा सीटें जीतेंगे। अगर ऐसा है तो पीएम को जगह-जगह रात क्यों बितानी पड़ रही है।

(साभार इटीवी भारत)

स्पीड न्यूज

### महारागिनी में नजर आयेंगी काजोल



**मुंबई।** बॉलवीवुड की जानीमानी अभिनेत्री काजोल, प्रभुदेवा के साथ फिल्म महारागिनी में काम करती नअर आयेंगी। तेज उप्पलपति के निर्देशन में बनी महारागिनी,बवेजा स्टूडियो और ई7 एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है। फिल्म निमार्ता चरण तेज उप्पलपति की एक्शन थ्रिलर 'महारागिनी – क्वीन ऑफ क्वींस' में काजोल, प्रभुदेवा, नसीरुद्दीन शाह, संयुक्ता मेनन, जिशु सेनगुप्ता और आदित्य सील जैसे कलाकार शामिल होंगे।'महारागिनी – क्वीन ऑफ क्वींस' का पहला शेड्यूल हाल ही में पूरा हुआ और अब निमार्ताओं ने फिल्म का आधिकारिक टीजर जारी किया है

### पापुआ न्यू गिनी को भारत देगा 10 लाख अमेरिकी डॉलर

**नयी दिल्ली।** भारत भारी भूस्खलन की मार झेल रहे पापुआ न्यू गिनी की मदद के लिए आगे आया है। भारत सरकार ने द्वीपीय देश में राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण प्रयासों के लिए 10 लाख अमेरिकी डॉलर की तत्काल राहत सहायता की घोषणा की है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि पापुआ न्यू गिनी फोरम फॉर इंडिया-पैसिफिक आइलैंड्स कोऑपरेशन (एफआईपीआईसी) के तहत एक करीबी दोस्त और भागीदार है। वहां के मैत्रीपूर्ण लोगों के साथ एकजुटता के संकेत के रूप में यह सहायता प्रदान की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्राकृतिक आपदा पर गहरी संवेदना व्यक्त की है और कठिन समय में प्रशांत द्वीप देश को हर संभव समर्थन और सहायता देने का वादा किया है।

### गेम जोन अग्निकांड का 5वां आरोपी धराया

**राजकोट।** गुजरात के राजकोट में हुए टीआरपी गेम जोन अग्निकांड मामले में महेश राठौड़ नाम के पांचवें आरोपित को मंगलवार को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक महेश सोमवार को पकड़े गए आरोपित राहुल राठौड़ का चाचा है। महेश ही गेम जोन में वेल्डिंग कर रहा था, जिसकी चिंगारी से पूरा गेम जोन जलकर राख हो गया। इस अग्निकांड में 28 लोगों की मौत हो गई। महेश राठौड़ भी आग से झुलस गया था। उसका एक अस्पताल में इलाज कराया गया था। माना जा रहा है कि पूछताछ के बाद पुलिस उसको गिरफ्तार कर सकती है।

### दो आतंकी आकाओं की संपत्तियां कुर्क

**बारामूला।** बारामूला में पुलिस ने दो आतंकी आकाओं की संपत्तियों को कुर्क कर लिया है। दोनों मौजूदा समय में पाकिस्तान से अपना आतंकवादी नेटवर्क चला रहे हैं। कुर्क की गई संपत्ति (3 कनाल और 19 मरला) लाखों रुपये की जमीन जम्बूर पट्टन निवासी राज मोहम्मद के बेटे जलाल दीन और कमलकोट उडी निवासी मस्ताना भट्टी के बेटे मोहम्मद साकी की है। अधिकारियों ने कहा कि ये दोनों आतंकी संचालक पाकिस्तान से गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं।

### गोला-बारूद के साथ दो आतंकी गिरफ्तार

अनंतनाग। अनंतनाग जिले के मुलसू सीर इलाके में हथियारों और गोला-बारूद के साथ दो आतंकियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि अनंतनाग पुलिस, सेना की 33आरआर और सीआरपीएफ 96 बटालियन ने संयुक्त रूप से मुलसू सीर अनंतनाग में नाका चेकिंग अभियान के दौरान दो आतंकियों को पकड़ा।

# मिजोरम में पत्थर खदान ढहने से 20 श्रमिकों की मौत

**चक्रवात का कहर**

- 48 घंटों से लगातार भारी बारिश से जनजीवन अस्त

एजेंसी

**आइजोल।** चक्रवात रेमल के चलते पिछले 48 घंटों से लगातार भारी बारिश से मिजोरम को तबाह कर दिया है। मंगलवार सुबह करीब 6 बजे राजधानी आइजोल के पास मेल्थम और ह्लिमेन की सीमा पर एक पत्थर की खदान ढहने से 20 लोगों की मौत हो गई। आइजोल की जिलाधिकारी नजुक कुमार ने बताया कि अब तक 16 शव बरामद किये गये हैं। चार अन्य लोगों को मलबे से निकालने का प्रयास किया जा रहा है। पत्थरों के ढेर के नीचे और भी शव हो सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा, मलबा पूरी तरह साफ होने तक ऑपरेशन जारी रहेगा। पत्थरों के ढेर को हटाकर चार साल के लड़के और



छह साल की लड़की को बचाकर नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। खदान ढहने से आसपास के कई घर भी नष्ट हो गए। उन्होंने कहा कि सभी पीड़ित श्रमिक नहीं थे। वहां स्थानीय आम नागरिक भी रहते थे, लेकिन इनमें से अधिकतर श्रमिक हैं। पीड़ितों में से छह मिजोरम के हैं, तीन गैर-मिजोरम के रहने वाले हैं और अन्य की पहचान अभी तक नहीं हो पायी है। डीजीपी अनिल शुक्ला ने कहा कि भारी बारिश के कारण आपदा स्थल पर बचाव कार्य में व्यवधान आ रहा है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, डीडीएमए और कुछ स्थानीय गैर-सरकारी संगठन बचाव अभियान चला रहे हैं।

## बंगाल में छह की मौत 29 हजार घर क्षतिग्रस्त

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में चक्रवाती तूफान रेमल से छह लोगों की जान चली गई। राज्य के 24 प्रखंड और 79 नगरपालिका वार्ड में करीब 29 हजार 500 घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इनमें से अधिकतर दक्षिणी तटीय इलाकों में हैं। आपदा प्रबंधन विभाग के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा राज्य के विभिन्न हिस्सों में दो हजार 140 से अधिक पेड़ उखड़ गए और लगभग एक हजार 700 बिजली के खंभे गिर गए। शुरूआती आकलन है कि 27 हजार घर आंशिक रूप से और दो हजार 500 पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। अभी आकलन जारी है। इसलिए यह आंकड़े बढ़ सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासन ने दो लाख सात हजार 60 लोगों को एक हजार 438 सुरक्षित आश्रयों में पहुंचाया। वर्तमान में वहां 77 हजार 288 लोग हैं। इस समय 341 रसोई के माध्यम से उन्हें खाना पहुंचाया जा रहा है। तटीय और निचले इलाकों में प्रभावित लोगों को 17 हजार 738 तिरपाल वितरित किए गए हैं।

प्रभावित क्षेत्रों में काकद्वीप, नामखाना, सागर द्वीप, डायमंड हार्बर, फ्रेजरगंज, बक्खली और मंदारमनी शामिल हैं।

## ढाका में पांच और लोगों की हुयी मौत

**ढाका।** बंगलादेश की राजधानी ढाका में सोमवार रात चक्रवाती तूफान रेमल के कारण अलग-अलग इलाकों में तेज हवाओं के साथ पेड़ उखड़ने और बिजली के खंभे गिरने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गयी। ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पुलिस चौकी प्रभारी बच्चू मिया ने मंगलवार को मौतों की पुष्टि की। ढाका में रविवार रात को आए चक्रवाती तूफान रेमल का प्रभाव मंगलवार सुबह तक देखा गया और राजधानी में बारिश और तेज हवाएं चल रहीं है। ढाका से लगभग 259 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में, खगराचारी जिले में चक्रवाती तूफान के कारण उखड़े हुए पेड़ों को हटाते समय एक अग्निशमन कर्मी की बिजली के तारों की चपेट में आने से मौत हो गयी।

## पीएमएल-एन के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गये नवाज



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को मंगलवार को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) का निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया। पाकिस्तान के प्रमुख समाचार चैनल ने यह जानकारी दी है। उल्लेखनीय है कि पनामा पेपर्स केस में पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के कारण शरीफ को छह साल के लिए पीएमएल-एन का अध्यक्ष पद गंवाना पड़ा था। नवाज शरीफ के खिलाफ किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। पार्टी के सामान्य परिषद सत्र के दौरान नवाज शरीफ को पीएमएल-एन का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। सत्र में कश्मीर, फिलिस्तीन और अन्य मामलों पर प्रस्तावों को भी मंजूरी दी जाएगी।

# फिर ध्यान में लीन होंगे मोदी

## प्रचार समाप्त होने के बाद 30 मई को जायेंगे कन्याकुमारी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतिम चरण के मतदान से पहले कन्याकुमारी जायेंगे, जहां वह विवेकानंद रॉक मेमोरियल पर ध्यान साधना कर सकते हैं। पीएम मोदी लोकसभा चुनाव अभियान के समापन के बाद 30 मई की शाम को कन्याकुमारी पहुंचेंगे। इसके बाद वह विवेकानंद रॉक मेमोरियल जा सकते हैं। 30 मई की शाम से 1 जून की शाम तक पीएम मोदी ध्यान मंडपम में ध्यान करेंगे। इसी स्थान पर स्वामी विवेकानंद ने भी ध्यान किया था।

कन्याकुमारी वही स्थान है, जहां स्वामी विवेकानंद को भारत माता के दर्शन हुए थे। इसी शिला का स्वामी विवेकानंद के जीवन पर बड़ा प्रभाव पड़ा था। लोगों का मानना है कि जैसे सारनाथ गौतम बुद्ध के जीवन में विशेष स्थान रखता है, वैसे ही यह चट्टान स्वामी विवेकानंद के जीवन में भी वैसा ही खास स्थान रखता है। विवेकानंद देश भर में घूमने के बाद यहां पहुंचे और तीन दिनों तक ध्यान किया और विकसित भारत का सपना देखा था। स्वामी विवेकानंद के ध्यान स्थल पर पीएम मोदी का पहुंचकर ध्यान करने की योजना विकसित भारत' के दृष्टिकोण को

- विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 30 की शाम से एक जून शाम तक ध्यान देंगे प्रधानमंत्री
- 2019 में चुनाव खत्म होने के बाद उत्तराखंड के रूद्र गुफा में किया था ध्यान
- स्वामी विवेकानंद ने यहां तीन दिनों तक किया ध्यान और विकसित भारत का सपना देखा था



जीवन में उतारने के प्रति पीएम की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

हालांकि, यह पहला मौका नहीं है, जब पीएम मोदी चुनाव समापन के बाद किसी खास स्थान पर ध्यान लगाने जा रहे हों। इससे पहले 2019 के लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद पीएम मोदी उत्तराखंड के केदारधाम के दौरे पर गए थे, यहां उन्होंने पास स्थित रूद्र गुफा में ध्यान किया था। नरेंद्र मोदी का स्वामी विवेकानंद से कितना लगाव रहा है या वह उनसे कितनी प्रेरणा लेते रहे हैं, इसके बारे में आप इन कुछ उद्धरण को समझेंगे तो आपको पता चल जाएगा। 1893 में स्वामी विवेकानंद ने शिकागो में भाषण दिया था। उसको लेकर पीएम मोदी कई बार विभिन्न मंचों से चर्चा करते रहे हैं कि कैसे विवेकानंद ने पश्चिमी दुनिया को अद्वैतवाद समझाया। मोदी यह भी बताते रहे हैं कि स्वामी विवेकानंद का उनके युवा मन पर गहरा प्रभाव पड़ा, जिससे उन्हें अपना जीवन सेवा के लिए समर्पित करने की प्रेरणा मिली। उनको भी अपने आंतरिक खोज की यात्रा रामकृष्ण मिशन से शुरू करने का अवसर मिला, जहां वह साधु-संतों के साथ रहते थे। प्रवास के दौरान उन्हें विवेकानंद के कक्ष में समय बिताने का भी अवसर मिला। जहां उन्होंने अपनी डायरी में स्वामी विवेकानंद के कई उद्धरण एकत्र किए। वह नियमित रूप से युवाओं के साथ हिंदू भिक्षु के दर्शन और योगदान पर भी वहां चर्चा करते थे। 1991 में कन्याकुमारी से शुरू हुई भाजपा की एकता यात्रा के माध्यम से राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया गया। मोदी ने विवेकानंद के शिकागो भाषण शताब्दी वर्ष के दौरान एक युवा सम्मेलन की मेजबानी की थी। मोदी के राष्ट्रीय गौरव को जगाने के प्रयासों पर स्वामी विवेकानंद के दार्शनिक प्रभावों का गहरा असर नजर आता है। वह अपनी विदेश यात्राओं के दौरान अपने साथ विवेकानंद का संदेश भी लेकर गए हैं।

**पार्वती ने एक पैर पर बैठकर भगवान शिव की थी प्रतीक्षा**

यह वही स्थान है, जहां धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवी पार्वती ने एक पैर पर बैठकर भगवान शिव की प्रतीक्षा की थी। यह भारत का सबसे दक्षिणी छोर है। इसके अलावा, यह वही स्थान है, जहां भारत की पूर्वी और पश्चिमी तट रेखाएं मिलती हैं। यह हिंद महासागर, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर का मिलन बिंदु भी है। मोदी कन्याकुमारी जाकर राष्ट्रीय एकता का संकेत देना चाहते हैं। यह तमिलनाडु के प्रति प्रधानमंत्री मोदी की गहरी प्रतिबद्धता और प्रेम को भी दर्शाता है कि वह चुनाव खत्म होने के बाद भी राज्य का दौरा कर रहे हैं।

## लड़कियों के लिए कभी नहीं लड़ीं प्रियंका गांधी : अनुराग

**हमीरपुर।** बीजेपी नेता व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मीडिया से बातचीत के दौरान प्रियंका गांधी पर जमकर निशाना साधा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि लड़की हूं, लड़ सकती हूं, का नारा देना बहुत आसान होता है, लेकिन प्रियंका ना ही कभी लड़कियों के लिए लड़ीं और ना ही उनके साथ कभी खड़ी हुईं। महिलाओं के साथ अत्याचार और अपराध भी हुआ, लेकिन प्रियंका दूर-दूर तक नजर नहीं आईं। कांग्रेस पार्षद की बेटी नेहा ने जबरन निकाह करने से इनकार किया, तो उसकी गला रेतकर हत्या कर दी गई। उनकी सरकार में उनके पार्षद की बेटी को न्याय नहीं मिला, लेकिन प्रियंका कहीं पर भी नजर नहीं आईं। प्रियंका ने हर बार यह बखूबी साबित किया है कि लड़की हूं, लेकिन मैं लड़ नहीं सकती हूं। हिमाचल की महिलाओं को 1500 रुपए देने का वादा कर प्रियंका गांधी गई थी, लेकिन 16 महीने हो जाने के बावजूद भी वो कहीं पर भी दिखाई नहीं दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कहते हैं कि 24 घंटे में महिलाओं को पैसे देंगे, लेकिन ना जाने कितने ही 24 घंटे बीत गए, मगर इन्होंने आज तक एक रुपया भी किसी को देने की जहमत नहीं उठाई।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान वालों का दिल कांग्रेस के लिए धड़कता है और कांग्रेस का दिल पाकिस्तान वालों के लिए धड़कता है।

# जीएसटी मुक्त होगा खेती का सभी सामान : खड़गे

एजेंसी

**अमृतसर ।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को वादा किया कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही खेती के हर सामान को जीएसटी से मुक्त किया जायेगा।

खड़गे कांग्रेस के अमृतसर से लोकसभा प्रत्याशी गुरजीत सिंह औजला के पक्ष में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पंजाब के युवाओं में मायूसी और निराशा है। नशा पंजाब के भविष्य के लिये सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। लोग रोजगार के लिये पंजाब से मजबूरन पलायन कर रहे हैं। गांव के गांव खाली हो रहे हैं, क्योंकि लोग चाहते हैं कि उनकी संतानें नशे की लत में न पड़ें।

उन्होंने कहा कि नोटबंदी और गलत जीएसटी ने पंजाब के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को को बहुत नुकसान पहुंचाया है। हमारी सरकार आयेगी तो हम इस प्रक्रिया को आसान करेंगे और छोटे उद्योगों की मदद करेंगे। पंजाब के किसानों को भी खेती से जुड़े सामानों पर जीएसटी नहीं देनी पड़ेगी। पंजाब और हरियाणा के किसान कम जमीन पर भी इतना अनाज उगाते हैं, जिससे देश के अनाज भंडार भरे रहते हैं, लेकिन जब अपनी मांगों को लेकर किसान आंदोलन पर बैठे, तो मोदी सरकार ने उन्हें बहुत तकलीफ पहुंचाई और उनकी बात भी नहीं सुनी। किसान आंदोलन में 700 से ज्यादा किसान शहीद हो गये, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कोई फर्क नहीं पड़ा। उन्होंने कहा कि आज जिस तरह से व्यापारियों को जांच एजेंसियों द्वारा डराया-धमकाया जा रहा है, हमारी सरकार इन परेशानियों को खत्म करेगी। खड़गे ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर छह गारंटी दी जायेंगी, जिसमें युवाओं को पक्की नौकरी, हर गरीब परिवार की एक महिला को साल में एक लाख रुपये, श्रमिकों को न्यूनतम 400 रुपये की दैनिक मजदूरी देंगे, किसानों को कानूनी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देंगे और कर्ज माफ होंगे, 10 किलोग्राम मुफ्त अनाज देंगे।

**इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर छह गारंटी दी जायेंगी**



# दिल्ली के सिंहासन पर रामभक्त ही राज करेगा : योगी

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीपीगंज में गोरखपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रविकिशन शुक्ल के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस और सपा को रामद्रोही बताते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच है। रामभक्त ही दिल्ली के सिंहासन पर राज करेगा। योगी ने कहा कि तुष्टीकरण की राह पर चलने वाली कांग्रेस और सपा को देश की जनता वहां पहुंचा देगी, जहां उनका कोई नाम लेने वाला नहीं होगा। एक तरफ भगवान राम को नकारने वाले, रामभक्तों पर गोली चलवाने वाले, राम मंदिर को बेकार बताने वाले हैं, दूसरी तरफ 500 वर्षों की प्रतीक्षा समाप्त कराकर प्रभु रामलला को उनके भव्य मंदिर में विराजमान कराने वाले हैं। राम मंदिर पूरे भारत की सनातन आस्था का प्रतीक है। इस चुनाव में वह प्रचार के लिए देश में जहां भी गए, हर जगह पीएम मोदी को भरपूर समर्थन मिल रहा



है। हर क्षेत्र से एक ही आवाज गूंज रही है कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे। योगी ने कहा कि जो राम मंदिर पूरे भारतवर्ष के लोगों के लिए गौरव है, उसे लेकर कांग्रेस कहती है कि यह मंदिर नहीं बनना चाहिए था, इससे दुनिया में गलत संदेश गया है।

## केरल में चार दिनों में दस्तक देगा मानसून

**नयी दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मानसून अगले तीन-चार दिनों में केरल और पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में पहुंचने वाला है, जिससे देश भर में भीषण गर्मी और लू की तपिश से बेहाल लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। आईएमडी ने मंगलवार को कहा कि पूर्वी बंगलादेश से अब चक्रवात रेमल पूर्व-उत्तरपूर्व की ओर बढ़ गया है। शक्तिशाली तूफान मंगलवार शाम तक पूर्वी असम और आसपास के क्षेत्र में चिह्नित निम्न दबाव क्षेत्र में कमजोर हो जाएगा। मध्य बंगाल पूर्व बंगाल की खाड़ी और पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में यही स्थिति होगी।

# भाजपा ने खत्म कर दिया है कानून का राज : राहुल गांधी

एजेंसी

**नयी दिल्ली ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश में दलित परिवार के साथ हुई घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा भाजपा की सरकारों ने देश में कानून का राज खत्म कर दिया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार गुनहगारों के साथ खड़ी नजर आती है और इस सरकार से मुक्ति जरुरी है। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि केंद्र में इंडिया समूह की सरकार बनती है तो वह हर गरीब तथा कमजोर आदमी के साथ खड़ी होगी और अत्याचार के खिलाफ उनकी आवाज बनेगी।

**मध्य प्रदेश में दलित परिवार के साथ घटना की निंदा की**



## रणजीत हत्या मामले में राम रहीम हुये बरी

**सिरसा ।** हरियाणा में सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को मंगलवार को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी। डेरे के पूर्व मैनेजर रणजीत हत्याकांड मामले में डेरा प्रमुख सहित पांच अन्य आरोपियों को सीबीआई कोर्ट के फैसले को रद्द करते हुए बरी कर दिया है। गौरतलब है कि यह मामला 22 साल पुराना है। कोई 19 साल बाद सीबीआई कोर्ट ने डेरा प्रमुख राम रहीम को दोषी करार दिया था। राम रहीम फिलहाल, पत्रकार रामचंद्र छत्रपति, साध्वी यौन शोषण मामले में रोहतक की सुनारिया जेल में बंद है।

# मोदी की सोच कट्टरपंथी, शिकस्त जरूरी : फवाद

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान की इमरान सरकार में मंत्री रहे फवाद चौधरी ने कहा कि नरेंद्र मोदी और उनकी जो कट्टरपंथी सोच है, उसकी शिकस्त बहुत जरूरी है। इसके साथ ही फवाद चौधरी ने राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल और ममता बनर्जी को लोकसभा चुनाव में जीत की शुभकामनाएं भी दे डाली। चौधरी ने कहा कि कश्मीर या हिंदुस्तान के बाकी मुसलमान हों, इस वक्त कट्टरपंथी विचारधारा का सामना कर रहे हैं, जिस प्रकार के बाकी अल्पसंख्यक जुल्म सह रहे हैं। यह बहुत जरूरी है नरेंद्र मोदी चुनाव में शिकस्त खाएं और पाकिस्तान में हर शख्स यही चाहता है कि वह शिकस्त जरूर खाएं। हिंदुस्तान और पाकिस्तान के ताल्लुकात तभी बेहतर हो सकते हैं, जब उग्रवाद कम होगा। पाकिस्तान में हिंदुस्तान को लेकर नफरत नहीं है। लेकिन, वहां पर आरएसएस और भाजपा का अलायंस है। वो पाकिस्तान को लेकर नफरत पैदा कर रहा है, मुसलमानों को लेकर नफरत पैदा कर रहा है और हमारा यह फर्ज है कि इस विचारधारा के लोगों को शिकस्त दें। फवाद चौधरी ने आगे कहा कि मैं समझता हूं कि भारत के वोटर बेवकूफ नहीं हैं। इसमें इंडियन वोटर का फायदा है, पाकिस्तान से ताल्लुकात बेहतर हों और हिंदुस्तान एक प्रोग्रेसिव मुल्क के तौर पर आगे बढ़े। इसके लिए नरेंद्र मोदी और उनकी जो कट्टरपंथी सोच है, उसकी शिकस्त होना बहुत जरूरी है। जो भी उनको हराएगा चाहे वो राहुल हों, केजरीवाल हों या ममता बनर्जी हों उसके साथ हमारी शुभकामनाएं हैं। इससे पहले फवाद चौधरी ने सोशल मीडिया

**पाक के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी ने राहुल गांधी, केजरीवाल और ममता को लोकसभा चुनाव में जीत की शुभकामनाएं दी**



प्लेटफॉर्म एक्स पर मंगलवार को पीएम मोदी के इंटरव्यू के वीडियो को शेयर करते हुए लिखा कि मुझे कोई शौक नहीं है राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल को समर्थन देने का, न ही मैं पाक सरकार का प्रतिनिधित्व करता हूं। मैं वास्तव में जेल में था और पाकिस्तान में फासीवादी शासन का विरोध करने के कारण राजनीति से प्रेरित मामलों का सामना कर रहा था। लेकिन, मैं चरमपंथियों के खिलाफ खड़े होने वाले किसी भी व्यक्ति का समर्थन करूंगा और मोदी नफरत और उग्रवाद का प्रतीक बन गए हैं, हिंदू महासभा के उदय के कारण भारत के मुसलमानों को नफरत का सामना करना पड़ रहा है। फवाद चौधरी ने लिखा कि पाक के संस्थापकों ने भारत में रहने वाले मुसलमानों के अधिकारों के लिए खड़े होने का वादा किया था। लेकिन, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तानी सरकार अपनी भूमिका नहीं निभा रही है। लेकिन, मैं किसी भी हालत में भारत में मुस्लिम अधिकारों के लिए बोलूंगा क्योंकि मुसलमानों के खिलाफ जो नफरत वहां फैली है, उसे हराना होगा। आरएसएस एवं भाजपा के नफरत और उग्रवाद के गठजोड़ को हराना होगा। राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल को पाकिस्तान से समर्थन मिलने के सवाल पर मोदी ने कहा था कि यह लोकसभा चुनाव भारत का है और भारत का लोकतंत्र बहुत ही मैच्योर है, यहां तंदुरुस्त परंपराएं हैं और भारत के मतदाता भी बाहर की किसी भी हरकतों से प्रभावित होने वाले मतदाता नहीं हैं।

## असम में कोयला व्यापारी के घर से तीन करोड़ जब्त

**तिनसुकिया (असम)।** लिडू टिकक स्थित वेस्ट माइनिंग की एक अवैध खदान के धंसने से सोमवार की तीन मजदूरों की मौत के मामले में मार्घेरिटा में एक कोयला व्यापारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने मंगलवार तड़के मार्घेरिटा में कोयला व्यापारी लुंगचांग के घर पर छापा मारकर वहां से दो करोड़ 99 लाख रुपये जब्त किये हैं। कोयला व्यापारी लुंगचांग के खिलाफ लिडू टिकक वेस्ट माइनिंग में अवैध कोयला खदान चलाने का आरोप है। इसी खदान में सोमवार को जिंदा तीन कोयला श्रमिक दफन हो गए थे। इन तीनों श्रमिकों को मौत के लिए कोयला व्यापारी को जिम्मेदार ठहराया गया। प्रशासन ने मंगलवार सुबह कोयला व्यापारी के घर पर छापा मारा। इस दौरान कोयला व्यापारी के घर से पुलिस ने दो करोड़ 99 लाख रुपये जब्त किये।


VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !